Follow us on: @TheDailyPioneer facebook.com/dailypioneer instagram.com/dailypioneer/

RNI No. DLHIN/2012/483
वर्ष 13 | अंक 80
नई दिल्ली, शुक्रवार, 24 जनवरी 2025
पृष्ठ 12 ₹ मूल्य 3
नगर संस्करण

Established 1865

# पायनियर

नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

www.dailypioneer.com

आभ्यन्तर

राष्ट्रीय-10

पिछले दस वर्षों में लगभग सभी वैचारिक कार्य पूरे किए गए : शाह

## भाजपा का आप पर चौतरफा प्रहार

**सौम्या शुक्ला।** नई दिल्ली




आगामी दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए बृहस्पतिवार को एक जनसभा के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, भाजपा सांसद बांसुरी स्वराज, पार्टी उम्मीदवार दुष्यंत गौतम और अन्य।

**दिल्ली विधानसभा** चुनाव से पहले भाजपा के स्टार प्रचारक राष्ट्रीय राजधानी में उतर चुके हैं, जो आप के खिलाफ पूरी ताकत से प्रचार कर रहे हैं। पार्टी अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जगत प्रकाश नड्डा और तीन प्रदेश के मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहनलाल यादव और उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी समेत इसके प्रमुख नेताओं ने बृहस्पतिवार को शहर भर में कई रैलियां, रोड शो और जनसभाएं कीं। चुनाव से पहले अपने पहले भाषण में आदित्यनाथ ने आप पर बांग्लादेशी और रोहिंग्या नागरिकों को दिल्ली में बसाने और राष्ट्रीय सुरक्षा से समझौता करने का आरोप लगाया, जबकि सत्तारूढ़ पार्टी पर 2020 में राष्ट्रीय राजधानी में हुए दंगों में शामिल होने का आरोप लगाया।

चुनावी बिगुल फूंकते हुए वरिष्ठ भाजपा नेताओं ने आप और उसके सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल पर तीखा हमला किया। यूपी के मुख्यममंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा, ओखला औद्योगिक क्षेत्र है, लेकिन पिछले 10 वर्षों से वहां कोई व्यापार नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि आप ने वहां उद्योग लगाने में कोई दिलचस्पी नहीं दिखाई, लेकिन उन्होंने निस्संदेह रोहिंग्या और बांग्लादेशियों को वहां बसाया है। योगी ने दावा किया कि आप नेता इन रोहिंग्या और बांग्लादेशी घुसपैठियों को उनके घरों में आधार बांट रहे हैं। उन्होंने कहा, दूसरी तरफ आप न्यू ओखला (नोएडा) देख सकते हैं। दिल्ली की सड़कों की तुलना उत्तर प्रदेश के नोएडा और गाजियाबाद से करें, दोनों में जमीन-आसमान का अंतर है। उत्तर प्रदेश में विश्व स्तरीय शिक्षण संस्थान और मेडिकल कॉलेज हैं, जबकि दिल्ली सरकार द्वारा संचालित शिक्षण संस्थान बहुत खराब स्थिति में हैं। इसे सोची-समझी साजिश बताते हुए फायरब्रांड नेता ने कहा, उन्होंने दिल्ली के लोगों को न सिर्फ बुनियादी सुविधाओं से वंचित रखा है, बल्कि उन्होंने अपने कार्यों के जरिए राष्ट्रीय सुरक्षा से भी समझौता किया है। जनता को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, आपने 2020 में दिल्ली में हुए दंगों को देखा होगा और आप नेता और पार्षद किस तरह उसमें शामिल थे। वे बार-बार राष्ट्रीय सुरक्षा से खिलवाड़ कर रहे हैं। जनकपुरी में जनसभा को संबोधित करते हुए योगी ने कहा, आप नेताओं ने वहां अवैध बांग्लादेशियों को बसाया है। मैंने दिल्ली सरकार से अवैध कब्जे को रोकने का अनुरोध किया, लेकिन जब उन्होंने सहयोग नहीं (शेष पृष्ठ 9)

### दिल्ली में राहुल की लगातार दूसरी रैली रद्द

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली** विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आते ही भाजपा और आम आदमी पार्टी ने अपने चुनाव प्रचार को धार देना शुरू कर दिया है। दोनों पार्टियों ने प्रचार में अपने स्टार प्रचारकों को चुनावी रण में उतार दिया। वहीं खराब सेहत का हवाला देकर लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लगातार दूसरे दिन अपनी चुनावी रैली को रद्द कर दिया। राहुल को बृहस्पतिवार को मुस्तफाबाद में रैली को संबोधित करना था। इससे पहले बुधवार को भी दिल्ली के सदर बाजार विधानसभा क्षेत्र में अपनी प्रस्तावित जनसभा को संबोधित नहीं कर सके थे। राहुल गांधी का ऐसे वक्त में बीमार होना जब राष्ट्रीय राजधानी में विधानसभाा चुनाव का प्रचार चरम पर है, कांग्रेस को महंगा पड़ सकता है। कांग्रेस दिल्ली में पिछले दो विधानसभा चुनाव में कांग्रेस खाता तक नहीं खोल पाई है। वहीं पिछले साल हुए लोकसभा चुनाव में कांग्रेस ने आम आदमी पार्टी के साथ गठबंधन करके चुनाव लड़ा था लेकिन कांग्रेस-आप गठबंधन को सभी 7 सीटों पर हार का सामना करना पड़ा था। राहुल बीमार होने की वजह से अब तक 3 रैलियों में हिस्सा नहीं ले पाएं हैं। इनमें से दो दिल्ली की और एक रैली कर्नाटक की है। दिल्ली कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने बृहस्पतिवार को संवाददाता सम्मेलन में बताया कि राहुल गांधी बीमार होने की वजह से आज की रैली में भी शामिल नहीं हो पाएंगे। डॉक्टरों ने उन्हें आराम की सलाह दी है, इस वजह से वह सदर बाजार की रैली में शामिल नहीं हो पाए थे।

## भारत-चीन सीमा वार्ता जारी रहेगी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**भारत और** चीन के बीच संबंधों को बेहतर बनाने के आगे के कदमों के लिए विदेश सचिव विक्रम मिस्री रविवार से दो दिवसीय यात्रा पर बीजिंग जाएंगे। विदेश सचिव की यह यात्रा पिछले साल अक्टूबर में भारत और चीन की सेनाओं द्वारा पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर टकराव वाले बिंदुओं से दोनों देशों की सेनाओं के पीछे हटने पर सहमति जताने के बाद की गई है। दोनों देशों के बीच इस समझौते के बाद उच्च स्तरीय वार्ता में तेजी आई है। पिछले डेढ़ माह में दोनों पड़ोसियों के बीच यह दूसरी शीर्ष स्तरीय बैठक होगी। इससे पहले राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) अजीत डोभाल बीजिंग गए थे और वहां चीनी विदेश मंत्री वांग के साथ सीमा विवाद पर विशेष प्रतिनिधि (एसआर) वार्ता के ढांचे के तहत बातचीत की थी।

विदेश मंत्रालय (एमईए) ने बृहस्पतिवार को कहा, विदेश सचिव विक्रम मिस्री भारत और चीन के बीच विदेश सचिव-उपमंत्री तंत्र की बैठक के लिए 26 और 27 जनवरी को बीजिंग जाएंगे। एक संक्षिप्त बयान में कहा गया, इस द्विपक्षीय वार्ता भारत-चीन संबंधों के लिए अगले कदमों पर चर्चा करने के लिए नेतृत्व स्तर पर हुए समझौते के बाद सामने आई है, जिसमें राजनीतिक, आर्थिक और लोगों से लोगों के बीच के क्षेत्र शामिल हैं। विशेष प्रतिनिधि वार्ता तंत्र और ऐसे अन्य प्रारूपों को पुनर्जीवित करने का निर्णय 23 अक्टूबर को कज़ान में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच हुई बैठक में लिया गया था। दोनों राजनेताओं के बीच लगभग 50 मिनट की बैठक में, मोदी ने मतभेदों और विवादों को ठीक से संभालने और उन्हें सीमा क्षेत्रों में शांति और स्थिरता को भंग न करने देने के महत्व को रेखांकित किया था। मोदी-शी की बैठक भारत और चीन द्वारा पूर्वी लद्दाख में अंतिम दो टकराव बिंदुओं, देपसांग और डेमचोक के लिए सेनाओं को पीछे हटाने को लेकर समझौते को पुख्ता करने के दो दिन बाद हुई। विशेष प्रतिनिध वार्ता में, भारत ने दोनों देशों के बीच समग्र सीमा विवाद के निष्पक्ष, उचित और पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान के लिए दबाव डाला जाएगा। डोभाल और वांग ने कैलाश मानसरोवर यात्रा को फिर से शुरू करने, नदी डेटा साझा करने और सीमा व्यापार सहित सीमा पार सहयोग के लिए 'सकारात्मक' दिशा पर भी ध्यान केंद्रित किया था।

पिछले सप्ताह विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा था कि भारत-चीन संबंध 2020 के बाद की सीमा स्थिति से उत्पन्न जटिलताओं से खुद को अलग करने की कोशिश कर रहे हैं और संबंधों के दीर्घकालिक विकास पर अधिक विचार करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा था, ऐसे समय में जब इसके अधिकांश संबंध आगे बढ़ रहे हैं, भारत चीन के साथ संतुलन स्थापित करने में एक विशेष चुनौती का सामना कर रहा है। इसका एक बड़ा कारण यह है कि दोनों राष्ट्र आगे बढ़ रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि निकटतम पड़ोसी और एक अरब से अधिक लोगों वाले एकमात्र दो समाजों के रूप में, भारत-चीन की गतिशीलता कभी भी आसान नहीं हो सकती थी। उन्होंने कहा, लेकिन सीमा विवाद, इतिहास के कुछ बोझ और अलग-अलग सामाजिक-राजनीतिक प्रणालियों ने इसे और तेज कर दिया है। पिछले नीति-निर्माताओं द्वारा गलत व्याख्या, चाहे आदर्शवाद से प्रेरित हो या वास्तविक राजनीति की अनुपस्थिति से, वास्तव में चीन के साथ न तो सहयोग और न ही प्रतिस्पर्धा में मदद मिली है। उन्होंने कहा, पिछले दशक में यह स्पष्ट रूप से बदल गया है। अभी, संबंध 2020 के बाद की सीमा स्थिति से उत्पन्न जटिलताओं से खुद को अलग करने की कोशिश कर रहे हैं।

ये बैठकें दोनों देशों के बीच एलएसी पर गश्त फिर से शुरू करने के समझौते के बाद हुईं, जिसके बाद 'सैन्य वापसी' हुई। गश्त की यह व्यवस्था गलवान घाटी में हुई झड़प के चार साल बाद हुई, जिसने उस क्षेत्र में तनाव कम करने का संकेत दिया, जहां दोनों देशों ने हजारों सैनिकों को तैनात किया था। सैन्य वापसी समझौते ने भारतीय सेना को देपसांग और डेमचोक में पुराने स्टेशनों तक गश्त फिर से शुरू करने की सुविधा प्रदान की है - ये दो प्रमुख घर्षण बिंदु हैं जिन्हें दोनों देशों के बीच सुलझाया जाना बाकी था। दोनों पक्षों ने नवंबर में गश्त का एक दौर भी पूरा किया और उन क्षेत्रों में हर हफ्ते एक समन्वित गश्त करने पर भी सहमति व्यक्त की, जहां 2020 से तनाव बना हुआ है।

### भारतीयों की वैध वापसी के लिए हमेशा तैयारः जयशंकर



**पायनियर समाचार सेवा/एजेंसी।** नई दिल्ली/ वाशिंगटन

**विदेश मंत्री** एस. जयशंकर ने बुधवार को कहा कि भारत वैध दस्तावेज के बिना रह रहे भारतीयों की वैध वापसी के लिए हमेशा से तैयार रहा है। उन्होंने कहा कि भारत अब भी अमेरिका से उन लोगों के सत्यापन की प्रक्रिया में है जिन्हें भारत भेजा जा सकता है और ऐसे व्यक्तियों की संख्या अभी निर्धारित नहीं की जा सकती है। जयशंकर ने यहां भारतीय पत्रकारों के एक समूह से कहा, एक सरकार के रूप में हम स्पष्ट रूप से (लोगों की) वैध आवाजाही के बड़े समर्थक हैं क्योंकि हम वैश्विक कार्यबल में विश्वास करते हैं। हम चाहते हैं कि भारतीय प्रतिभा और भारतीय कौशल को वैश्विक स्तर पर अधिकतम अवसर मिले। साथ ही, हम अवैध आवाजाही और अवैध प्रवास का भी दृढ़ता से विरोध करते हैं। वैश्विक कार्यबल से तात्पर्य श्रमिकों के अंतरराष्ट्रीय श्रम पूल से है, जिसमें बहुराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा नियोजित अथवा विदेशों में जाकर काम करने वाले विदेशी श्रमिक, अस्थाई प्रवासी श्रमिक, दूरस्थ श्रमिक, निर्यात से जुड़े रोजगार में लगे लोग, आकस्मिक कार्यबल तथा अन्य शामिल हैं। जयशंकर ने कहा, आप यह भी जानते हैं कि जब कुछ अवैध होता है, तो कई अन्य अवैध गतिविधियां(शेष पृष्ठ 9)



### एनआरएआई जोमैटो, स्विगी पर सीसीआई से मिलेगा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय रेस्तरां संघ** (एनआरएआई), जो देश भर में पांच लाख भोजनालयों का प्रतिनिधित्व करता है, ने कहा कि वह ज़ोमैटो और स्विगी द्वारा 'निजी लेबलिंग' और बिस्ट्रो बाय ब्लिंकिट और स्नैक के माध्यम से त्वरित वाणिज्यिक खाद्य वितरण में उनके प्रवेश को लेकर भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग से संपर्क करेगा। एक साक्षात्कार में, एनआरएआई के अध्यक्ष सागर दरयानी ने खाद्य वितरण एग्रीगेटर्स की 'प्रतिस्पर्धा विरोधी' प्रथाओं, 'डेटा मास्किंग' और 'भारी छूट' के बारे में चिंता जताई। दरयानी ने बताया, हम सीसीआई में अपनी याचिका में उनके (जोमैटो, स्विगी) द्वारा बिस्ट्रो और स्नैक के माध्यम से निजी लेबल बनाने के बारे में भी जानकारी जोड़ेंगे। उन्होंने कहा कि एनआरएआई सीसीआई से अपने सदस्य रेस्तरां से प्राप्त शिकायतों की जांच करने का भी अनुरोध करेगा कि ज़ोमैटो और स्विगी ज़ोमैटो एवरीडे और स्विगी डेली के लिए तीसरे पक्ष के वाणिज्यिक रसोई से खरीदारी कर रहे थे। स्विगी और जोमैटो को भेजे गए प्रश्नों का उत्तर नहीं मिला। दरयानी ने कहा कि एनआरएआई 'बहुत चिंतित' है, क्योंकि कई रेस्तरां पहले से ही बंद हो रहे हैं और कई श्रमिकों की आजीविका छिन गई है। बुधवार को रेस्तरां उद्योग के हितधारकों के साथ एनआरएआई टाउनहॉल को संबोधित करते हुए दरयानी ने सुझाव दिया कि रेस्तरां को ओएनडीसी जैसे तीसरे विकल्प पर विचार करने की आवश्यकता है और वे बेंगलुरु में पायलट के माध्यम से प्राप्त सफलता को पूरे भारत में दोहरा सकते हैं। हमें अब तीसरे विकल्प पर विचार करना होगा, चाहे वह ओएनडीसी हो या कुछ और... हमें उस दिशा में काम करने में तेजी लानी होगी... कल ओएनडीसी के साथ हमारी बैठक हुई। बेंगलुरु जैसे शहर में 20 प्रतिशत ऑर्डर का एक बड़ा हिस्सा ओएनडीसी के माध्यम से आता है। (शेष पृष्ठ 9)

## एप्पल, उबर, ओला को अलग अलग किराये पर भेजा नोटिस

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली




**दिल्ली स्थित** एक उद्यमी द्वारा अपने निष्कर्षों को साझा करने के कुछ दिनों बाद पोस्ट की एक श्रृंखला में दो राइड-हेलिंग ऐप्स द्वारा अलग-अलग मूल्य निर्धारण विभिन्न डिवाइस और बैटरी पर किराए की तुलना करने के बाद एक्स पर उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण (सीसीपीए) ने नोटिस जारी किया है। सीसीपीए ने सॉफ्टवेयर और मूल्य निर्धारण से जुड़ी शिकायतें आने के बाद दिग्गज प्रौद्योगिकी कंपनी एप्पल इंक और कैब सेवा प्रदाताओं- ओला एवं उबर को नोटिस जारी किया है। हाल ही में सॉफ्टवेयर अपडेट के बाद आईफोन उपयोगकर्ताओं ने तकनीकी समस्याएं आने की शिकायत की थी। इस बारे में एप्पल से प्रतिक्रिया मांगी गई है। उपभोक्ता मामलों के मंत्री प्रल्हाद जोशी ने बृहस्पतिवार को सोशल मीडिया पर कहा, उपभोक्ता शिकायतों की जांच के बाद विभाग ने सीसीपीए के माध्यम से एप्पल को नोटिस जारी कर मामले पर जवाब मांगा है।

सामुदायिक सोशल मीडिया मंच लोकल सर्किल्स द्वारा किए गए सर्वेक्षण से पता चला है कि 60 प्रतिशत आईफोन उपयोगकर्ताओं को सेवा संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ा, जिसमें कॉल न लगना या कॉल कट जाना सबसे बड़ी समस्या थी। सर्वेक्षण में शामिल 90 प्रतिशत आईफोन उपयोगकर्ताओं ने इन समस्याओं के लिए एप्पल के ऑपरेटिंग सिस्टम आईओएस में आए अपडेट को जिम्मेदार ठहराया। इन उपयोगकर्ताओं ने इसके लिए वाईफाई या मोबाइल नेटवर्क को दोषी नहीं ठहराया। एप्पल ने आईफोन के स्क्रीन और कैमरा फ्रीज होने जैसी समस्याएं ठीक करने के लिए अक्टूबर में आईओएस 18.0.1 और तकनीकी खामियां दूर करने के लिए नवीनतम 18.2.1 अपडेट सहित कई अपडेट जारी किए हैं। इसके साथ ऑनलाइन कैब सेवाएं देने वाली कंपनियों- ओला और उबर को भी नोटिस जारी किया गया है। इन कंपनियों के खिलाफ ऐसी शिकायतें आई हैं कि उपयोगकर्ताओं के मोबाइल फोन में मौजूद ऑपरेटिंग सिस्टम के आधार पर एक ही गंतव्य के लिए मंच पर अलग-अलग किराया दिखाती हैं। जोशी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा, इस्तेमाल होने वाले मोबाइल फोन (आईफोना एंड्रॉयड) के विभिन्न मॉडलों के आधार पर अलग-अलग मूल्य-निर्धारण का अवलोकन करने के बाद उपभोक्ता मामलों के विभाग ने सीसीपीए के जरिए प्रमुख कैब सेवा प्रदाताओं ओला और उबर को नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा है। जोशी ने पहले इस चलन को प्रथम दृष्टया अनुचित व्यापार चलन और उपभोक्ता अधिकारों के प्रति घोर उपेक्षा करार दिया था। मंत्री ने सरकार की उपभोक्ता शोषण के प्रति शून्य सहिष्णुता पर जोर दिया और सीसीपीए को आरोपों की गहन जांच करने का निर्देश दिया। भेजे गए नोटिस पर फिलहाल एप्पल, ओला और उबर की टिप्पणियां नहीं मिल पाई हैं। कंपनियों ने अभी तक सीसीपीए द्वारा जारी किए गए नोटिस का जवाब नहीं दिया है। इस घटनाक्रम पर टिप्पणी करते हुए उबर के प्रवक्ता ने कहा, 'हम सवार के फोन निर्माता के आधार पर कीमतें निर्धारित करें। हमे आगे देखने के लिए किसी भी समस्या को दूर करने के लिए केंद्रीय उपभोक्ता संरक्षण प्राधिकरण के साथ काम करना ग़लतफ़हमी।' एप्पल और ओला की टिप्पणियाँ तत्काल उपलब्ध नहीं हो सकीं।

## दिल्ली चुनाव के लिए मालाओं, खाने की दरें तय की

**राजेश कुमार।** नई दिल्ली




**चुनाव आयोग** ने राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में विधानसभा चुनाव के दौरान चाय, पकौड़े, छोले-कुल्चे की दरें तय करने के साथ ही मालाओं और ड्रोन पर कितना खर्च किया जा रहा है, इस पर कड़ी नजर बनाए हुए है। इसी क्रम में राष्ट्रीय चुनाव आयोग ने पूरी-सब्जी की एक प्लेट के लिए 35 रुपये, कुल्चे-छोले के लिए 30 रुपये, पकौड़े की एक प्लेट के लिए 19 रुपये, समोसा या ब्रेड पकौड़ा के लिए 12 रुपये, एक कप चाय के लिए 6 रुपये, एक कप कॉफी के लिए 12 रुपये, एक सैंडविच के लिए 20 रुपये, एक कचौरी के लिए 15 रुपये, एक लीटर पानी की बोतल के लिए 19 रुपये और दोपहर या रात के खाने के लिए 70 रुपये तय किए हैं। चुनाव आयोग द्वारा अनुमोदित दरों की सूची के अनुसार, ड्रोन के इस्तेमाल की दर 7,000 रुपये प्रति दिन तय की गई है। एक छोटी माला 20 रुपये से अधिक नहीं हो सकती, जबकि 10 फुट की माला की कीमत 1,500 रुपये से अधिक नहीं हो सकती। मंच की सजावट के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले फूलों की कीमत 35 रुपये प्रति वर्ग फुट है।

एक उम्मीदवार एक घोड़े को 3,075 रुपये प्रति दिन और एक हाथी को 6,150 रुपये प्रति दिन की दर से किराए पर ले सकता है। इसके साथ ही उम्मीदवारों को प्रचार के लिए जानवरों को किराए पर लेने के लिए चुनाव पैनल की मंजूरी लेनी होगी। अकुशल श्रमिकों के लिए दैनिक मजदूरी दर 692 रुपये से लेकर स्नातक और उससे ऊपर के लिए 913 रुपये तक है। चुनाव आयोग ने होटलों में ठहरने और वाहनों के लिए भी दरें तय की हैं। टाटा सूमो, टोयोटा इनोवा और महिंद्रा स्कॉर्पियो जैसे वाहनों के लिए दरें प्रति वाहन 2,421 रुपये प्रति दिन हैं। सामान्य कार के लिए यह सीमा 1,499 रुपये प्रति दिन है। दोपहिया वाहन के लिए अधिकतम लागत 84 रुपये प्रति दिन है। उदाहरण के लिए, 2,000 लोगों तक की सभाओं के लिए, सभी संबंधित खर्चों सहित अधिकतम दर 30,000 रुपये प्रति कार्यक्रम निर्धारित की गई है। 250 से कम लोगों की छोटी सभाओं के लिए मंच की दर 6,150 रुपये है। सत्तारूढ़ आम आदमी पार्टी (आप) का पार्टी प्रतीक झाड़ू, जिसका इस्तेमाल पार्टी कार्यालयों, कार्यक्रम स्थलों या चुनाव प्रचार के दौरान किया जाता है, उसकी कीमत 25 रुपये से अधिक नहीं हो सकती है। झंडे, पोस्टर, हैंडबिल, होर्डिंग्स, कट-आउट और स्टिकर के लिए भी मूल्य सीमाएं हैं। पार्टी चुनाव कार्यालयों में इस्तेमाल होने वाले पेन की कीमत 6 रुपये प्रति से अधिक नहीं हो सकती। अभियान कार्यक्रमों में इस्तेमाल होने वाले संगीत वाद्ययंत्रों में, ड्रम की कीमत 500 रुपये प्रति दिन है।

दिल्ली का फ़ैसला

अधिकारियों के अनुसार, प्रत्येक रिटर्निंग अधिकारी उम्मीदवारों द्वारा उपयोग की जाने वाली सेवाओं और सामग्रियों की दर सूची तैयार करता है यद्यपि दिल्ली जैसे शहर में, जहां 1,483 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में 70 विधानसभा क्षेत्र हैं तथा प्रत्येक में औसतन 22-25 लाख मतदाता हैं, अधिकांश वस्तुओं की कीमतें कमोबेश एक समान हैं, लेकिन कभी-कभी इनमें बदलाव हो सकता है। चुनाव खत्म होने के 30 दिनों के भीतर उम्मीदवारों को अपने खर्च की रिपोर्ट चुनाव आयोग को सौंपनी होती है। चुनाव प्रचार के दौरान वीडियो रिकॉर्डिंग के जरिए आयोग द्वारा खर्चों की निगरानी भी की जाती है। उम्मीदवारों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल करने की तिथि से लेकर नतीजों के दिन तक खर्चों का लेखा-जोखा रखा जाता है। नियमों का उल्लंघन या गलत दावा पाए जाने पर चुनाव आयोग के नियमों के मुताबिक उम्मीदवार की उम्मीदवारी रद्द कर दी जाती है।

नियम के मुताबिक, चुनाव प्रचार के दौरान उम्मीदवारों के खर्चों पर चुनाव आयोग हर मद में नजर रखता है। जिला चुनाव अधिकारियों, बाजार डीलरों, राजनीतिक दलों और मौजूदा उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) से मिले फीडबैक के आधार पर दरें तय की जाती हैं। एक चुनाव अधिकारी ने बताया, हम पिछले चुनाव से मदवार सूची लेते हैं और उपभोक्ता मूल्य सूचकांक का इस्तेमाल करके नई कीमतों की गणना करते हैं। यह सूची संपूर्ण नहीं हो सकती और इसमें जिन विविध वस्तुओं का उल्लेख नहीं है, उनकी दरें बिल, उस पर (शेष पृष्ठ 9)

## सैफ पर हमले के मामले में संदेह के बादल

**टीएन रघुनाथ।** मुंबई



**बॉलीवुड** अभिनेता सैफ अली खान पर हाल ही में हुए हमले और इस घटना में कथित संलिप्तता के लिए आरोपी शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद अमीन फकीर की गिरफ्तारी से जुड़े मामले में अभी भी बहुत कुछ ऐसा ही है जो सामने आ रहा है। अभिनेता की तेजी से रिकवरी और गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक की पहचान को लेकर अलग-अलग हलकों में उठ रहे सवालों को देखते हुए ऐसा लगता है। शरीफुल के पिता मोहम्मद रूहुल अमीन फकीर ने अपने बेटे की गिरफ्तारी के लिए इस्तेमाल किए गए सीसीटीवी फुटेज की प्रामाणिकता पर सवाल उठाया है, जो घटना के दिन अभिनेता की बिल्डिंग से लिए गए सीसीटीवी फुटेज में दिख रहे व्यक्ति से मेल नहीं खाता है, जिसमें सैफ के घर में घुसने वाला व्यक्ति सीढ़ियों से नीचे उतरता हुआ दिखाई दे रहा है। सीसीटीवी पर आधारित तस्वीर जो शुरू में सोशल मीडिया पर आई थी, प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में खूब दिखाई गई है।

एक प्रमुख टेलीविजन से बात करते हुए, आरोपी के पिता मोहम्मद फकीर ने कहा, सीसीटीवी फुटेज में दिख रहा व्यक्ति मेरा बेटा नहीं है। लेकिन पुलिस ने इस फुटेज का इस्तेमाल मेरे बेटे को (सैफ अली खान पर हमले के सिलसिले में) गिरफ्तार करने के लिए किया है। मोहम्मद फकीर ने भी अपने बेटे का बचाव करते हुए कहा कि उनके बेटे ने कभी अपने बाल लंबे नहीं रखे, जबकि वीडियो में दिख रहे व्यक्ति ने ऐसा नहीं किया। शरीफुल को मुंबई पुलिस ने 19 जनवरी को ठाणे (पश्चिम) के हीरानंदानी एस्टेट से गिरफ्तार किया था। पुलिस ने बताया कि शरीफुल दक्षिणी बांग्लादेश के झालोकाटी जिले के नालचीटी उपक्षेत्र के राजाबरिया गांव का रहने वाला है। शरीफुल को जब अवकाशकालीन अदालत में उसी दिन पेश किया गया, तो आरोपी के वकील संदीप डी. शेरखां ने पुलिस के इस दावे का विरोध किया कि उनका मुवक्किल बांग्लादेशी है और छह महीने पहले मुंबई आया था। शेरखां ने आरोपी पिछले 7 सालों से अपने परिवार के (शेष पृष्ठ 9)

### भारत में इंडोनेशिया



इंडोनेशियाई दल का बैंड नई दिल्ली में कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड के लिए रिहर्सल के दौरान मार्च पास्ट करता हुआ।

# हाई सिक्योरिटी फीचर से लैस होगा एक्सप्रेसवे

## कंसल्टेंट कंपनी ने किया सर्वे, तैयार करेगी डीपीआर, नोएडा एयरपोर्ट की है लिंक रोड

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा एक्सप्रेसवे के 24 किमी रोड को सिक्योरिटी फीचर से लैस किया जाएगा। ये सिक्योरिटी इंडियन रोड मानकों के अनुसार किया जाएगा।

प्राधिकरण की ओर से कंसल्टेंट कंपनी रिजनल सेंटर फॉर अर्बन एंड इनावयरमेंटल स्टडीज ने एक्सप्रेस का सर्वे किया और अपनी रिपोर्ट तैयार की। कंपनी ने दो दिन तक सुबह और रात दोनों समय एक्सप्रेस पर ट्रैफिक फ्लो स्टडी के अनुसार इसका सर्वे किया। ये एक्सप्रेस वे यमुना एक्सप्रेस को जोड़ता है। ऐसे में दिल्ली से एयरपोर्ट जाने के लिए लोग इसी एक्सप्रेस वे का प्रयोग करेंगे।

उन्होंने देखा कि एक्सप्रेस वे पर लेन को अलग-अलग रखने के लिए बनाई गई सफेद पट्‌टी की चौड़ाई कम है। कई स्थानों पर बुलवर्ड और रिफ्लेक्टर नहीं है। जिन स्थानों पर साइन बोर्ड होने चाहिए वहां नहीं है। क्रैश बैरियर के अंदर विज्ञापन के 12, आईएसटीएमएस के 8, साइनेज के 21 पोल मौजूद हैं। 13 स्ट्रक्चर एफओबी के हैं और 19-20 पब्लिक टॉयलेट व यूरिनल भी मौजूद हैं।

लेकिन इनमें से अधिकांश के पहले साइनेज बोर्ड नहीं है। एक्सप्रेस वे पर किमी पाइंट नहीं है। प्राधिकरण अधिकारियों ने बताया कि ये एक एक्सप्रेस वे के सिक्योरिटी फीचर है। इनमें ही सुधार लाया जाएगा। जहां भी इन सिक्योरिटी फीचर की कमी है उसे पूरा किया जाएगा। कंपनी ने सर्वे रिपोर्ट तैयार की है अब एक प्रजेंटेशन किया जाएगा। इसके बाद कंपनी फीचर के हिसाब से एस्टीमेट तैयार करेगी। जिसके आईआईटी को भेजा जाएगा। इसके बाद टेंडर जारी कर काम होगा। कंपनी का चयन होने के छह महीने में इस सिक्यूरिटी फीचर के कार्य को पूरा कर लिया जाएगा। एक्सप्रेस वे पर हादसे भी इन्ही सिक्यूरिटी फीचर में कमी की वजह से हुए। 24.5 किमी लंबे नोएडा एक्सप्रेस वे सिटी सर्विलांस सिस्टम के अंडर आता है। इस एक्सप्रेस की निगरानी के लिए यहां आईएसटीएमएस के तहत कैमरे लगाए है।

इन कैमरों को पोल पर लगाया गया है। पोल क्रैश बैरियर के अंदर यानी एक्सप्रेस वे की ओर लगे है। इसका कुछ हिस्सा ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के पास भी है।

इसके लिए इसे सिक्यूरिटी लैस एक्सप्रेस वे बनाना चाहते है। एक्सप्रेस वे का कुछ हिस्सा ग्रेटर नोएडा के पास है। इसके लिए ग्रेटरनोएडा प्राधिकरण से भी बातचीत की जाएगी। ये एक्सप्रेस वे दिल्ली को नोएडा और ग्रेटर नोएडा से जोड़ता है। यही आगरा एक्सप्रेस वे को भी जीरो पाइंट पर जोड़ता है। सामरिक दृष्टि से ये काफी महत्वपूर्ण है। रोजाना इस एक्सप्रेस वे से 3 लाख से ज्यादा वाहन निकलते है। ये एक्सप्रेसवे ही लोगों को नोएडा एयरपोर्ट तक ले जाएगा। ऐसे में इस एक्सप्रेस वे सिक्यूरिटी फीचर काफी अहम है।



नोएडा पुलिस में तैनात आरक्षी निशांत मलिक ने 13वीं ऑल इंडिया पुलिस आर्चरी चैम्पियनशिप-2024 में गोल्ड जीता है। जिला का गौरव बढ़ाने वाले पुलिसकर्मी को आयुक्त लक्ष्मी सिंह ने 50,000 का इनाम देकर सम्मानित किया।

# एसटीएफ ने तीन साइबर ठगों को पकड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा एसटीएफ ने एक बड़ी कार्रवाई में अंतरराष्ट्रीय साइबर ठगी गिरोह का भंडाफोड़ किया है। टीम ने सूरजपुर थाना क्षेत्र से तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो चीनी नागरिकों के साथ मिलकर बड़े पैमाने पर साइबर फ्रॉड को अंजाम दे रहे थे।

एसटीएफ अधिकारी राजकुमार मिश्रा के अनुसार, पकड़े गए आरोपियों में गुजरात के बड़ौदा निवासी नवरत्न सिंह खुराल, बुलंदशहर के तनवीर और महाराष्ट्र के जलगांव निवासी साकिब शेख शामिल हैं। गिरोह के पांच अन्य सदस्य अभी फरार हैं। पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नेपाल में रहकर अपना काम करते थे और भारतीय नागरिकों के बैंक खातों की जानकारी चीनी नागरिकों को उपलब्ध कराते थे।

जांच में पता चला कि चीनी नागरिक विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम से बचने के लिए क्रिप्टोकरंसी और हवाला के माध्यम से इन खातों में पैसों का लेन-देन करते थे। आरोपी इस काम के बदले मोटा कमीशन प्राप्त करते थे। एसटीएफ ने आरोपियों के कब्जे से एक लैपटॉप, 8 मोबाइल फोन, एक पासपोर्ट, 5 आधार कार्ड, 4 सिम कार्ड, पासबुक, चेकबुक, 22 डेबिट-क्रेडिट कार्ड, भारतीय और नेपाली मुद्रा समेत कई महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किए हैं।

## जेल में बंद हिस्ट्रीशीटर के भाई की हत्या

**गाजियाबाद।** थाना नंदग्राम क्षेत्र में एक सनसनीखेज वारदात में 35 वर्षीय सड़क ठेकेदार चंचल जाटव की गोली मारकर हत्या कर दी गई।

दीनदयाल पुरी नई बस्ती निवासी चंचल की हत्या के पीछे पुरानी रंजिश बताई जा रही है। मामले की जानकारी देते हुए डीसीपी सीटी राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक चंचल का भाई कुलदीप एक हिस्ट्रीशीटर है, जिस पर 17 आपराधिक मामले दर्ज हैं। वर्ष 2023 में कुलदीप ने गौरव नामक युवक पर जानलेवा हमला किया था, जिस मामले में वह फिलहाल जेल में बंद है। परिजनों का आरोप है कि इसी रंजिश का बदला लेने के लिए चंचल की हत्या की है।

# नोएडा एयरपोर्ट पर 19 काउंटर पर तैनात होंगे 131 पुलिसकर्मी

- आव्रजन सेवाओं के लिए फॉरेनर्स डिविजन में ट्रेनिंग, लखनऊ में होगा प्रायोगिक प्रशिक्षण

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सुरक्षा सेवाओं को विश्वस्तरीय बनाने के उद्देश्य से 19 काउंटर खोले जाएंगे। इन काउंटरों पर 131 पुलिसकर्मियों को तैनात किया जाएगा। इसके लिए सभी पुलिसकर्मियों को आव्रजन सेवाओं ( विदेशियों के प्रवेश, निकास, निवास, वीजा विस्तार) के लिए व्यावहारिक ट्रेनिंग दी जा रही है।

ट्रेनिंग के बाद चिह्नित पुलिसकर्मियों को लखनऊ हवाई अड्डे पर उनका प्रायोगिक प्रशिक्षण होगा। इस साल अप्रैल से नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कामर्शियल फ्लाइट उड़ान भरेंगी। सुरक्षा सेवाओं को उत्तम व विश्वस्तरीय बनाने के लिए काउंटरों पर जिन पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है उनमें 12 निरीक्षक, 48 उपनिरीक्षक व 71 मुख्य आरक्षी व आरक्षी शामिल हैं।

इसमें कई महिला पुलिसकर्मी भी शामिल हैं। सभी पुलिसकर्मियों का आव्रजन सेवाओं के लिए व्यावहारिक प्रशिक्षण चल रहा है। प्रशिक्षण नई दिल्ली के मिनिस्ट्री ऑफ होम अफेयर्स फॉरेनर्स डिवीजन के निर्देशन में प्राप्त किया जा रहा है। यहां के बाद सभी पुलिसकर्मियों को लखनऊ हवाई अड्डे पर व्यावहारिक प्रशिक्षण यानी इंटर्न दिया जाएगा।

पुलिसकर्मियों को एयरपोर्ट पर आवाजाही करने वाले नागरिकों की सहायता व उन्हें उचित जानकारी देने के लिए एयरपोर्ट पर बनाए जा रहे काउंटर पर कार्य करने के लिए प्रशिक्षित किया जा रहा है। जिससे एयरपोर्ट पर आवाजाही करने वाले व्यक्तियों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े और उनकी पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

काउंटरों पर तैनाती के लिए जिन पुलिसकर्मियों का चयन किया गया है। उनमें विदेशी भाषाओं का ज्ञान, शिक्षा, लंबाई और तकनीकी ज्ञान को आधार बनाया गया है। जिनकी समस्या-समाधान, संचार, भावात्मक बुद्धिमता और संचार की क्षमता है उन्हें ही मौका दिया गया है।

## संक्षिप्त समाचार

### 16 एनसीसी कैडेट्स की साइकिल यात्रा नोएडा पहुंची



**नोएडा।** स्वतंत्रता संग्राम की पहली चिंगारी मेरठ से जलाने वाले वीर सैनिकों की याद में एनसीसी कैडेट्स ने एक अनूठी पहल की है। मेरठ से 16 एनसीसी कैडेट्स की टीम साइकिल यात्रा पर निकली है, जो अब ग्रेटर नोएडा पहुंची है। यह दल प्रतिदिन 113 किलोमीटर की दूरी तय कर रहा है। यह साइक्लोथॉन मेरठ से शुरू होकर लखनऊ, वाराणसी, प्रयागराज, कानपुर, झांसी, ग्वालियर, आगरा और मथुरा होते हुए ग्रेटर नोएडा पहुंचा है। शारदा विश्वविद्यालय में एनसीसी निदेशालय उत्तर प्रदेश के एडीजी लेफ्टिनेंट जनरल विक्रम कुमार ने कैडेट्स का स्वागत किया। विश्वविद्यालय की लेफ्टिनेंट यशोधरा राज के अनुसार, इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को 1857 के स्वतंत्रता संग्राम से जोड़ना है। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय एनसीसी कैडेट्स ने 1857 की क्रांति पर पोस्टर प्रदर्शनी लगाई और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। यह 2025 किलोमीटर की साहसिक यात्रा देश की एकता का प्रतीक बन गई है। इस अभियान का समापन दिल्ली में गणतंत्र दिवस के अवसर पर होगा।

### व्यापारियों ने बुलडोजर के सामने लेटकर किया विरोध

**गाजियाबाद।** मोदीनगर की रूक्मणी मार्केट में गुरुवार को अतिक्रमण हटाओ अभियान के दौरान जमकर बवाल हुआ। नगर पालिका परिषद की टीम जब बुलडोजर लेकर पहुंची तो व्यापारियों ने जोरदार विरोध किया। व्यापारियों ने न केवल बुलडोजर के सामने लेटकर विरोध जताया, बल्कि दिल्ली-मेरठ मार्ग पर जाम भी लगा दिया। घटना दोपहर करीब 1 बजे की है। नगर पालिका परिषद ने एक सप्ताह पहले मार्केट के बाहर स्थित फलों की दुकानों को हटाने का नोटिस दिया था। इन दुकानों के कारण मार्ग पर आए दिन जाम की स्थिति बनती थी। जब पालिका की टीम पुलिस बल के साथ अतिक्रमण हटाने पहुंची, तो व्यापारियों ने नारेबाजी शुरू कर दी और कई लोग बुलडोजर के सामने लेट गए।

### दस दिन से लापता युवक का शव मिला

**गाजियाबाद।** मोदीनगर में दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित आनंद विहार कॉलोनी के सामने नाले से एक युवक का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान सीकरी खुर्द निवासी 26 वर्षीय अंकुर गुर्जर के रूप में हुई है, जो 12 जनवरी से लापता था। मोदीनगर थाने में पहले से ही युवक की गुमशुदगी दर्ज थी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को नाले से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। हालांकि, पुलिस का कहना है कि अंकुर शराब का आदी था और प्रारंभिक जांच में नशे की हालत में नाले में गिरने से मौत होने की संभावना जताई जा रही है। पुलिस ने बताया कि मृतक और उसके भाई के खिलाफ एक शराब ठेके के सेल्समैन से मारपीट का मामला दर्ज था।

### शादी समारोह के दौरान खूनी संघर्ष

**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा के दनकौर कस्बे में एक शादी समारोह के दौरान पुराने विवाद को लेकर दो पक्षों में हिंसक झड़प हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों के दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए, जिनका नोएडा के अस्पताल में इलाज चल रहा है। घटना बुधवार शाम की है, जब देवेंद्र का भतीजा केशव एक शादी समारोह में शामिल होने गया था। वहां पड़ोस के कुछ लोगों ने पुराने विवाद को लेकर उससे गाली-गलौज शुरू कर दी और विरोध करने पर डंडों से हमला कर दिया। इस हमले में केशव गंभीर रूप से घायल हो गया। दूसरी तरफ, सर्वेंद्र ने आरोप लगाया कि जब उनके चाचा का बेटा कपिल शादी समारोह में गया था, तब केशव, देवेंद्र और धर्मी ने रंजिश के चलते उस पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया।

# दहशत फैलाने के आरोप में तीन बदमाश गिरफ्तार

- शालीमार गार्डन में लोगों को डराने की लिए की थी फायरिंग

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद




गाजियाबाद में दबंगई दिखाने वाले तीन शातिर बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

शालीमार गार्डन थाना पुलिस ने आरोपियों के पास से अवैध हथियार भी बरामद किए हैं। डीसीपी ट्रांस हिंडन निमिष पाटिल के अनुसार, आशीष, सलमान और शाहरुख नाम के इन बदमाशों ने 21 जनवरी की रात शालीमार गार्डन की गली नंबर एक में स्थानीय लोगों के साथ मारपीट की और दहशत फैलाने के लिए हवाई फायरिंग भी की। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि तीनों आरोपी इलाके में अपना दबदबा कायम करने के लिए लोगों को धमकाते थे। जब कपिल, सोनू और उनके जीजा ने इनकी हरकतों का विरोध किया, तो इन बदमाशों ने उनके साथ मारपीट की और डराने के लिए हवाई फायरिंग कर दी। आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे लोगों में खौफ पैदा करने के लिए ऐसी घटनाएं करते हैं और हमेशा अपने साथ तमंचा और चाकू रखते हैं। पुलिस ने आरोपियों से एक तमंचा, कारतूस और दो चाकू बरामद किए हैं। अब पुलिस इन तीनों की अन्य आपराधिक गतिविधियों की जांच कर रही है। इस गिरफ्तारी से इलाके के लोगों में राहत की लहर है, जो लंबे समय से इन बदमाशों की दबंगई से परेशान थे।

# गंग नहर में मिला गुरुग्राम के प्रोजेक्ट मैनेजर का शव

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

गंग नहर में गुरुग्राम से लापता एक प्रोजेक्ट मैनेजर का शव मिला है। मृतक की पहचान प्रिंस राणा के रूप में हुई है, जो ब्लू स्टार कंपनी में कार्यरत था।

प्रिंस 15 जनवरी को बिना किसी को सूचित किए घर से निकल गए थे, जिसके बाद 16 जनवरी को उनकी पत्नी ने गुरुग्राम के पालम विहार थाने में गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। स्थानीय लोगों ने 22 जनवरी की शाम को नहर में तैरते शव की सूचना पुलिस को दी। शव की तलाशी में मिले आधार कार्ड और पर्स से पहचान स्थापित हुई।

मामले में एक महत्वपूर्ण तथ्य यह सामने आया है कि प्रिंस ने घर छोड़ने से पहले अपने मोबाइल पर सुसाइड पॉइंट सर्च किए थे, हालांकि मोबाइल वह घर पर ही छोड़ गए थे। एसीपी मसूरी सिद्धार्थ गौतम के अनुसार, शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। मामले की आगे की जांच गुरुग्राम पुलिस करेगी।

# पुलिस और गौ-तस्करों के बीच फायरिंग, एक को लगी गोली

**पायनियर समाचार सेवा।** गाजियाबाद

मोदीनगर में बुधवार देर रात पुलिस और गौ-तस्करों के बीच हुई मुठभेड़ में एक बदमाश घायल हो गया, जबकि तीन अन्य फरार हो गए।

एसीपी मोदीनगर ज्ञान प्रकाश राय के अनुसार, रात करीब एक बजे भोजपुर पुलिस गश्त के दौरान दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेस वे के अंडरपास के नीचे एक संदिग्ध कार में बैठे चार व्यक्तियों को देखा। पुलिस द्वारा पूछताछ का प्रयास करने पर बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी फायरिंग की, जिसमें एक बदमाश के पैर में गोली लग गई, जबकि तीन अन्य अंधेरे का फायदा उठाकर खेतों के रास्ते फरार हो गए।

घायल बदमाश ने अपनी पहचान ग्राम कलछीना, थाना भोजपुर निवासी रोशन पुत्र वकील के रूप में बताई। उसने अपने फरार साथियों के नाम हबीब, हनीफ और काले बताए। पूछताछ में उसने खुलासा किया कि वे गौकशी की योजना बना रहे थे और एक महीने पहले भी इसी कार का इस्तेमाल गौमांस की तस्करी में किया था।

पुलिस ने मौके से गोकशी के औजार, एक तमंचा, जिंदा कारतूस और खोखा कारतूस बरामद किए हैं। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।

# न्यू नोएडा में नोटिफिकेशन के बाद का निर्माण अवैध

- सेटेलाइट मैप को बनाया जाएगा आधार, डीएम के साथ बैठक कर तय होंगे मुआवजा दर

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

न्यू नोएडा में नोटीफिकेशन के बाद किए गए सभी निर्माण अवैध माने जाएंगे। ये नोटिफिकेशन अक्टूबर 2024 में जारी किया गया। न्यू नोएडा करीब 209 वर्गकिमी में बसाया जाएगा। इसमें 80 गांव शामिल है। प्राधिकरण सीईओ लोकेश एम ने बताया कि यहां अवैध निर्माण को रोका जा रहा है। चेतावनी बोर्ड लगाए जा रहे है।

हम नोटिफिकेशन की तारीख के सेटेलाइट मैप को ही आधार बनाएंगे। इस मैप पर जितना निर्माण दिखेगा उसे आबादी और बाकी को अवैध माना जाएगा। जिसे ध्वस्त किया जाएगा। उन्होंने बताया कि किसानों से जमीन आपसी सहमति से ली जाएगी। इसके लिए रेट तय किए जा रहे है। बुलंदशहर डीएम के साथ बैठक होगी। रेट तय होने के बाद उसे बोर्ड में लाया जाएगा। वहां से अप्रूवल मिलने के बाद इसे लागू करेंगे। बुधवार को प्राधिकरण में न्यू नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र के 20 गांवों के प्रधानों के साथ बैठक की। ये सभी गांव ग्रेटरनोएडा के पास है।

इन गांवों के प्रधानों ने सीईओ से स्थानीय कार्यालय अपने क्षेत्र में खोलने के लिए कहा। इसके अलावा सीईओ ने प्रशासनिक अधिकारियों से न्यू नोएडा के अधिसूचित क्षेत्र में एलएमसी की जमीन की सूची मांगी है। ताकि लैंड बैंक के साथ वहां मौजूद प्राकृतिक पोखर, तालाबों को बचाया जा सके। न्यू नोएडा 209.11 वर्ग किमी में यानी 20 हजार 911.29 हेक्टेयर में बसाया जाएगा। इस मास्टर प्लान को चार फेज में पूरा किया जाएगा। 2023-27 तक इसके 3165 हेक्टेयर को विकसित किया जाएगा। इसी तरह 2027 से 2032 तक 3798 हेक्टेयर एरिया को विकसित किया जाएगा। इसके बाद 2032-37 तक 5908 हेक्टेयर और अंत में 2037-41 तक 8230 हेक्टेयर जमीन को विकसित करने का प्लान है। ऐसे में यहां अधिसूचना के बाद अवैध निर्माण को रोकना बड़ी चुनौती है।

सीईओ ने बताया कि न्यू नोएडा के पहले फेज के गांवों में जमीन किसानों से आपसी सहमति के आधार पर ही ली जाएगी। यहां मुआवजा रेट क्या होगा इस पर विस्तार से चर्चा की गई। हालांकि अभी कोई निर्णायक फैसला पर नहीं पहुंचा जा सका है। जल्द ही एक और बैठक की जाएगी जिसमें रेट को फाइनल किया जाएगा। न्यू नोएडा के लिए ईस्टर्न पेरिफेरल्स एक्सप्रेस के साथ जहां जीटी रोड अलग होती है।

सबसे पहले वहां से लगे गांव की जमीन का अधिग्रहण शुरू किया जाए। इस गांव में जोखाबाद, सांवली भी आता है। इन गांवों के प्रधान से बातचीत की गई। यहां आपसी समझौते के आधार पर जमीन किसानों से खरीदी जाएगी।

# नोएडा में 20 हजार लोगों ने बनाई मानव श्रृंखला

- नेताजी सुभाष चंद बोस की जयंती के मौके पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को सफल बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने लोगों को दिलाई शपथ

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा



नेताजी सुभाष चंद बोस की जयंती के मौके पर राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह को सफल बनाने के उद्देश्य से जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा ने एक्स्पो कार पार्किंग ,नॉलेज पार्क, ग्रेटर नोएडा में अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभिन्न स्कूलों के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं छात्र-छात्राओं, बस और ट्रक यूनियन के पदाधिकारियों ने मानव श्रृंखला का निर्माण किया।

इस दौरान सभी को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। जिलाधिकारी ने कहा कि हम सड़क पर यातायात नियमों का पालन करेंगे। सुरक्षित यात्रा के लिए दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं बीआईएस मानक वाले हेलमेट पहनेंगे एवं पीछे बैठे व्यक्ति को पहनाएंगे। चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाएंगे। अन्य बैठे हुए व्यक्तियों को भी सीट बैल्ट लगवायेंगे। कभी स्टंट नहीं करेंगे और लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करेंगे। कभी तेज रफ्तार से वाहन नहीं चलाएंगे व निर्धारित गति सीमा में ही वाहन चलायेंगे। कभी गलत दिशा में वाहन नहीं चलाएंगे । कभी भी गलत दिशा से ओवरटेक नहीं करेंगे।

इस मानव श्रृंखला एवं शपथ ग्रहण समारोह में अलग-अलग स्कूलों के 20 हजार छात्र-छात्राओं और अध्यापकों ने हिस्सा लिया। इसी प्रकार नोएडा और ग्रेटर नोएडा के विभिन्न स्कूलों में भी जिला विद्यालय निरीक्षक धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में भी मानव श्रृंखला का निर्माण किया। स्कूली छात्र छात्राओं को शपथ दिलाई गई। मानव श्रृंखला एवं शपथ ग्रहण समारोह में अपर जिला अधिकारी मंगलेश दुबे, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी डॉक्टर उदित नारायण पांडेय, अभिषेक कनौजिया,

# फ्लैट के नाम पर ठगी, थाना-सेक्टर-58 में पांच पर केस दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नोएडा

फ्लैट देने के नाम पर सुपरटेक बिल्डर पर करीब 31 लाख रुपए हड़पने का आरोप लगाते हुए एक व्यक्ति ने थाना सेक्टर-58 में मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर कंपनी के मालिक, उनकी पत्नी, पुत्र और निदेशक समेत पांच के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बिसरख थाना क्षेत्र के गांव चिपियाना बुजुर्ग निवासी भूपेंद्र सिंह ने कोर्ट में दी याचिका में बताया कि साल 2012 में उन्हें एक फ्लैट की आवश्यकता थी। इसके लिए उन्होंने सेक्टर-58 के बी ब्लॉक सुपरटेक हाऊस स्थित ऑफिस में मुलाकात कंपनी के मालिक आरके अरोड़ा, इनकी पत्नी संगीता अरोड़ा, पुत्र मोहित आरोड़ा और निदेशक गुलशन लाल खेरा से की। इन लोगों ने ग्रेटर नोएडा के सेक्टर-16 स्थित प्रोजेक्ट इको विलेज-दो में एक फ्लैट देने की बात की। प्रोजेक्ट देखकर शिकायतकर्ता फ्लैट खरीदने के लिए तैयार हो गए। उन्होंने सी टावर स्थित 13वीं मंजिल फ्लैट बुक किया।

समझौते के तहत 22 जनवरी 2013 को फ्लैट का आवंटन पत्र एमएस सुपरटेक लिमिटेड एंड भूपेंद्र सिंह के नाम से हुआ। फ्लैट खरीदने के लिए पीड़ित ने 30 लाख 93 हजार 32 रुपए का भुगतान अलग-अलग समय पर नकद व चेक के माध्यम से बिल्डर कंपनी को किया। साल 2015 में फ्लैट का पजेशन देने का आश्वासन दिया।

# 5 साल में नौकरियां देना प्राथमिकता: केजरीवाल

## बोले, आप के पास पढ़े-लिखे लोगों की टीम है, जो युवाओं को रोजगार दिलाने के प्लान पर काम कर रही

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा चुनाव का प्रचार-प्रसार चरम पर है। आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल सत्ता में वापसी के लिए बड़े-बड़े ऐलान कर रहे हैं। इसी कड़ी में उन्होंने बृहस्पतिवार को एक और ऐलान किया। उन्होंने कहा अगले 5 साल में हमारी सबसे बड़ी प्राथमिकता युवाओं के लिए रोजगार और नौकरियां पैदा करना होगी।

शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क, मेट्रो और सीवर के क्षेत्र में काम जारी रखने के साथ-साथ युवाओं के लिए रोजगार का इंतजाम भी करेंगे। हमारे पास पढ़े-लिखे लोगों की टीम है, जो युवाओं को रोजगार दिलाने के प्लान पर काम कर रही है। कोरोना काल में जब सबकी नौकरियां चली गई थी। उस वक्त कई सारे प्रयास करके 12 लाख युवाओं



हरी नगर विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते पूर्व सीएम केजरीवालद्ध

के रोजगार का इंतजाम किया था। वीडियो संदेश के जरिए अरविंद केजरीवाल ने कहा कि वह चुनाव प्रचार के लिए घूम रहे हैं। लोगों की जिंदगी में जो परेशानी आती है, पिछले 10 साल में उन परेशानियों को दूर करने की कोशिश की है। शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी और सड़क के क्षेत्र में काफी काम किया।

लेकिन एक चीज है दिल को बहुत पीड़ा पहुंचाती है। वह यह है कि युवा पढ़ लिखकर बेरोजगार बैठे हैं और रोजगार ढूंढ रहे हैं। इनमें से कुछ बच्चे कई बार गलत संगत में पड़ जाते हैं और उसके बाद अपराध के क्षेत्र में चले जाते हैं, जिससे उन्हें वापस लाना मुश्किल हो जाता है।

इसलिए यह तय किया है कि अगले 5 साल में शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली, पानी, सड़क, मेट्रो और सीवर के क्षेत्र में तो काम जारी रहेगा ही लेकिन अगले 5 सालों में मेरी पहली प्राथमिकता बेरोजगारी को दूर करना होगा। अपने बच्चों के लिए रोजगार के इंतजाम करना होगा।

केजरीवाल ने कहा कि उन्हें रोजगार देना आता है और नियत भी साफ है। दिल में आपकी समस्या को लेकर पीड़ा है। इस मुद्दे पर मिलकर काम करेंगे। दिल्ली के दो करोड़ लोगों के साथ मिलकर जैसे अन्य क्षेत्र में ऐतिहासिक काम किए हैं। उम्मीद है वैसे ही अगले 5 साल में बेरोजगारी को दूर कर देंगे।

### 20 लाख नौकरी का वादा, 20 भी नहीं दीं : बिधूड़ी

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद और विधानसभा चुनाव घोषणा पत्र समिति के अध्यक्ष रामवीर सिंह बिधूड़ी ने अरविंद केजरीवाल के इस वादे को झूठ करार दिया है जिसमें उन्होंने 5 साल में बेरोजगारी खत्म करने का वादा किया है। बिधूड़ी ने आप प्रमुख को याद दिलाया है कि उनकी सरकार ने वर्ष 2022 को रोजगार बजट का नाम देते हुए वादा किया था कि 5 साल में 20 लाख नौकरियां दी जाएंगी लेकिन 20 नौकरियां भी नहीं दी। इसके विपरीत सिविल डिफेंस के 10 हजार वालंटियरों को केजरीवाल के आदेश पर निकाला गया।

# भाजपा देगी झुग्गी के बदले पक्का मकान व राशन कार्ड : विजेंद्र गुप्ता

- नेता प्रतिपक्ष ने रोहिणी के सेक्टर-18 में सूरज पार्क जेजे कॉलोनी में लोगों से किया संवाद

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


रोहिणी सेक्टर-18 में पदयात्रा के दौरान लोगों से संवाद करते विजेंद्र गुप्ता

रोहिणी विधानसभा के भाजपा उम्मीदवार व नेता प्रतिपक्ष विजेंद्र गुप्ता ने रोहिणी के सेक्टर-18 में पदयात्रा की। अपनी पदयात्रा के दौरान उन्होंने सूरज पार्क के झुग्गी-झोपड़ी में स्थानीय लोगों से संवाद किया।

साथ ही कहा कि दिल्ली भाजपा की सरकार बनने पर झुग्गी के बदले पक्का मकान, राशन कार्ड और हर घर में नल से जल मुहैया कराने का वादा किया। भारतीय जनता पार्टी गरीबों और पिछड़े लोगों के साथ पूरी सहानुभूति रखती है और उनके विकास और उत्थान के लिये समर्पित है। भाजपा प्रत्याशी की पदयात्रा रोहिणी सेक्टर 18 के प्लेटिनम अपार्टमेंट से शुरू होकर एच-ब्लॉक, सूरज पार्क कॉलोनी होते हुए सूरज पार्क के झुग्गी-झोपड़ी कैंप पर संपन्न हुई। पदयात्रा के दौरान बड़ी संख्या में भाजपा के पदाधिकारी, मंडल अध्यक्ष, आरडब्ल्यूए प्रतिनिधि और क्षेत्र के सम्मानित नागरिक विजेंद्र गुप्ता के साथ शामिल हुए। गुप्ता ने आप सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि दिल्ली के मौजूदा हालात के लिए दिल्ली सरकार जिम्मेदार है। तीन प्रमुख लैंडफिल साइट गाजीपुर, भलस्वा और ओखला कचरे के पहाड़ में बदल गए हैं, लेकिन सरकार इस दिशा में कोई कदम उठाने में नाकाम रही। टूटी हुई सड़कें और जर्जर परिवहन व्यवस्था से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। सरकार ने राजधानी में बसों की संख्या घटा दी है, जिससे सार्वजनिक परिवहन बुरी तरह प्रभावित हुआ है।

# पाला बदलने वाले नेता तय कर सकते हैं किसकी बनेगी सरकार

- आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने की संभावना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

विधानसभा चुनाव में तीन प्रमुख दलों, आम आदमी पार्टी, भाजपा और कांग्रेस ने दुश्मन से दोस्त बने करीब 20 लोगों को टिकट दिया है, लेकिन इन उम्मीदवारों की जीत की राह आसान नहीं होगी। दल-बदल के बाद, उम्मीदवार अब अपनी नई पार्टी में खुद को साबित करने की कोशिश कर रहे हैं। उनके समक्ष कई चुनौतियां पेश आ रही हैं। उन्हें टिकट देने वाली पार्टियों के कार्यकर्ताओं और नेताओं के बीच बेचैनी देखने को मिल रही है।

चुनाव नजदीक आते ही आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और भाजपा के कई प्रमुख नेताओं ने अपना पाला बदल लिया। विधानसभा चुनाव के लिए टिकट मिलने को लेकर अनिश्चितता के बीच, लगभग आधा दर्जन भाजपा नेता आप में शामिल हो गए, जिसने तुरंत उन्हें विभिन्न निर्वाचन क्षेत्रों से मैदान में उतारा। इन नेताओं ने वर्ष 2020 में भाजपा उम्मीदवार के रूप में विधानसभा चुनाव लड़ा था। उनमें से एक हैं प्रवेश रतन, जिन्हें आप ने पूर्व मंत्री और भाजपा उम्मीदवार राज कुमार आनंद के खिलाफ पटेल नगर (आरक्षित) सीट से मैदान में उतारा है।

वर्ष 2020 में भी, वे दोनों प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार थे, लेकिन अलग-अलग पार्टियों से आप से आनंद और भाजपा से रतन।
जितेंद्र सिंह शंटी और सुरिंदर पाल बिट्टू आप में शामिल हो गए और उन्हें क्रमश: शाहदरा और तिमारपुर निर्वाचन क्षेत्रों से टिकट मिला। तीन अन्य भाजपा नेता ब्रह्म सिंह तंवर, बीबी त्यागी और अनिल झा आप में शामिल हो गए और विधानसभा चुनाव के लिए टिकट हासिल किया। त्यागी लक्ष्मी नगर से, झा किराड़ी से और तंवर छतरपुर से चुनाव लड़ रहे हैं।

वर्ष 2020 के चुनाव में ब्रह्म सिंह तंवर को हराने वाले करतार सिंह तंवर अब छतरपुर से भाजपा के उम्मीदवार हैं। आप ने पार्टी के निवर्तमान विधायक ऋतुराज झा का टिकट काटकर किराड़ी सीट से झा को मैदान में उतारा है। अनिल को 2020 में ऋतुराज ने बहुत कम मतों के अंतर से हराया था। केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी ने पूर्व में कांग्रेस में रहे नेताओं को भी मैदान में उतारा है, हाल के महीनों में आप में शामिल हुए थे। इन नेताओं के आप में शामिल होने के कुछ ही दिनों बाद पार्टी ने सीमापुरी से वीर सिंह धींगान, मटियाला से सुमेश शौकीन और सीलमपुर से जुबैर अहमद को चुनाव मैदान में उतारा।

# विस चुनाव के लिए कांग्रेस ने जारी किया थीम सांग

- गाने के बोल है हर जरूरत होगी पूरी, दिल्ली में कांग्रेस है जरुरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


थीम सांग, हर जरूरत होगी पूरी, दिल्ली में कांग्रेस है जरुरी पर थिरकते कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता।

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पूरी ताकत लगा रही है। प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर पार्टी नेता पवन खेड़ा और बिहार कांग्रेस के अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने विस चुनाव को लेकर कांग्रेस का थीम सांग जारी किया। गीत के बोल हर जरुरत होगी पूरी, दिल्ली में कांग्रेस है जरुरी पर कांग्रेस नेता देवेन्द्र यादव, पवन खेड़ा सुखविन्दर सिंह डैनी, डा. नरेन्द्र नाथ, अभय दूबे और जमकर थिरके।

अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि कांग्रेस विधानसभा चुनावों में थीम सांग पूरी दिल्ली में कांग्रेस उम्मीवारों के प्रचार के लिए जारी किया है। निश्चित ही यह गीत बहुत लोकप्रिय है और दिल्ली वालों को पसंद आऐगा। कांग्रेस नेता ने दावा कि थीम सांग जारी होते ही वायरल हो गया। इस गाने में न सिर्फ दिल्ली में भाजपा और आदमी पार्टी के भ्रष्टाचार, गंदगी, बदहाली जो आम आदमी पार्टी के 10 साल के कुशासन में स्थापित हुई, उसे दिखाया गया है, बल्कि कांग्रेस के थीम सांग में प्यारी दीदी के तहत 2500 रुपये, 8500 रुपये युवाओं को, 25 लाख का स्वास्थ्य बीमा, 500 रुपये में रसोई गैस सिलेंडर, एक राशन की किट जिसमें चावल, चीनी, तेल, दाल और चाय की पत्ती भी होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोगों को 300 यूनिट बिजली मुफ्त देकर उन्हें अधिक फायदे पहुचायेगी, को भी गीत में समायोजित किया गया है।

# आप का शराब से पैसे बनाने की लत ने दिल्ली को बर्बाद किया : पवन खेड़ा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

कांग्रेस ने पूर्ववर्ती अरविंद केजरीवाल सरकार की शराब नीति में कथित भ्रष्टाचार को लेकर बृहस्पतिवार को आम आदमी पार्टी पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि आप का मतलब अल्कोहल अफेक्टेड पार्टी है तथा शराब से पैसा बनाने की उसकी लत ने दिल्ली को बर्बाद कर दिया।

कांग्रेस के मीडिया विभाग के प्रमुख पवन खेड़ा ने एक ऑडियो भी जारी किया जो कथित तौर पर आप विधायक शरद चौहान का है। ऑडियो में दावा किया गया कि उपमुख्यमंत्री रहते सिसोदिया ने शराब नीति को मंजूरी देने के साथ यह कहा था कि उनकी पार्टी को चुनाव लड़ने के लिए इससे पैसा आएगा। कांग्रेस नेता द्वारा जारी इस ऑडियो की स्वतंत्र रूप से पुष्टि नहीं हो सकी है। आप की तरफ से फिलहाल इन आरोपों पर कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है। पवन खेड़ा ने मीडिया से कहा , शराब स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है और शराब की लत इंसान, उसके परिवार और समाज को बर्बाद कर देती है, यह हम सब जानते हैं। लेकिन शराब से पैसा बनाने की लत से न सिर्फ इंसान और समाज बल्कि पूरा शहर खराब हो जाता है। उन्होंने आरोप लगाया, अल्कोहल अफेक्टेड पार्टी यानी आप ने शराब के जरिए पैसा बनाने की लत में पूरी दिल्ली को बर्बाद करके रख दिया। उन्होंने ऑडियो का हवाला देते हुए दावा किया।

## विवाद में युवक की चाकू मारकर हत्या, दो पकड़े

**नई दिल्ली।** मंगोलपुरी इलाके में 19 वर्षीय युवक की आपसी विवाद के बाद चाकू घोंपकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने बताया कि मृतक की पहचान लकी के तौर पर हुई है। पुलिस के अनुसार बुधवार को हुई घटना में लकी शाम के समय घायल अवस्था में घर लौटा, जिसके बाद उसके भाई ने पुलिस को सूचना दी।

भाई ने बताया कि लकी ने बेहोश होने से पहले, आरोपी का नाम बताया था। पुलिस ने बताया कि परिजन लकी को अस्पताल ले गए, जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक मृतक के भाई के बयान और चिकित्सा रिपोर्ट के आधार पर प्राथमिकी दर्ज करके जांच शुरू कर दी गई है।

# आचार संहिता उल्लंघन के 500 से ज्यादा मामले दर्ज

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

राष्ट्रीय राजधानी में विधानसभा चुनाव से पहले आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के कथित उल्लंघन के 500 से अधिक मामले दर्ज किए गए हैं। आचार संहिता लागू होने के बाद से ये मामले सात जनवरी से 22 जनवरी के बीच दर्ज किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, इस अवधि में आबकारी अधिनियम समेत विभिन्न प्रावधानों के तहत कुल 17,879 लोगों को गिरफ्तार किया गया। चुनाव से पहले दिल्ली पुलिस ने सीमा चौकियों पर सतर्कता बढ़ा दी है और हथियार, शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी जैसी अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। पुलिस ने आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के 504 मामले दर्ज किए हैं और 270 अवैध हथियार व 372 कारतूस जब्त किए हैं। इसके अलावा, 44,265 लीटर शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत 1.3 करोड़ रुपए से अधिक बताई जा रही है। पुलिस ने 110.53 किलोग्राम मादक पदार्थ जब्त किए हैं, जिनकी कीमत 20 करोड़ रुपए से अधिक है 11200 से अधिक प्रतिबंधित इंजेक्शन भी बरामद किए गए हैं।

# जनता आप को फिर सत्ता में लाएगी: आतिशी



**पायनियर सामचार सेवा।** नई दिल्ली

मुख्यमंत्री आतिशी ने गुरुवार को कालकाजी विधानसभा के नवजीवन कैंप में पदयात्रा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि मुफ्त बिजली-पानी, सरकारी स्कूलों को विश्वस्तरीय बनाना, मोहल्ला क्लिनिक से घर-घर इलाज पहुंचाना, महिलाओं को मुफ्त बस यात्रा, बुजुर्गों को तीर्थ यात्रा ये सभी काम केजरीवाल ने करके दिखाए हैं। यही वजह है कि दिल्ली वाले उन पर भरोसा करते हैं।

आतिशी के कहा कि महिलाओं के लिए 2100 रुपए सम्मान राशि और बुजुर्गों का प्राइवेट अस्पताल में मुफ्त इलाज कराने जैसे वादे भी जल्द पूरे किए जाएंगे। सीएम ने दावा किया कालकाजी की जनता ने सीएम आतिशी को भरोसा दिलाया कि आने वाले चुनावों में वे एक बार फिर अरविंद केजरीवाल को भारी बहुमत से जीत दिलाएंगे। ज्ञात हो आतिशी कालकाजी विधानसभा से अपनी किस्मत अजमा रही है।

# दिल्ली पुलिस ने एआई से लैस दो चैटबॉट शुरू किए

- विधानसभा चुनाव प्रबंधन और अर्द्ध सैनिकों की सहायता के लिए चुनाव मित्र और साइबर सारथी शुरू किया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



राष्ट्रीय राजधानी में होने जा रहे विधानसभा चुनाव से पहले, दिल्ली पुलिस ने चुनावी ड्यूटी में तैनात अपने पुलिस कर्मियों और अर्द्ध सैनिक बलों के कर्मियों की सहायता के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) प्रौद्योगिकी से लैस दो चैटबॉट चुनाव मित्र और साइबर सारथी शुरू किए हैं।

अधिकारी ने बताया कि ए द्विभाषी चैटबॉट हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध होंगे। ये विधानसभा चुनाव का बेहतर प्रबंधन सुनिश्चित करेंगे। इन एआई-आधारित चैटबॉट की विशेषताओं को रेखांकित करते हुए, अधिकारी ने बताया कि ए एप्लिकेशन (ऐप) निर्वाचन आयोग और दिल्ली पुलिस द्वारा जारी महत्वपूर्ण निर्देशों और दिशानिर्देशों का समय पर प्रसार सुनिश्चित करेंगे।

चैटबॉट, मैसेजिंग ऐप में उपयोग की जाने वाली कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का एक रूप है। यह एक कंप्यूटर प्रोग्राम हैं जो मानव की तरह जवाब देते हैं। चुनाव मित्र नियमों और निर्देशों तक वास्तविक समय पर (रियल टाइम) पहुंच प्रदान करता है, जबकि साइबर सारथी साइबर सुरक्षा पर केंद्रित है। यह कर्मियों को डिजिटल उपकरणों और प्लेटफार्म के सुरक्षित उपयोग के लिए आवश्यक दिशानिर्देशों से लैस करता है, जिससे चुनाव संबंधी संवेदनशील जानकारी की सुरक्षा सुनिश्चित होती है।

विशेष पुलिस आयुक्त (अपराध) देवेश चंद्र श्रीवास्तव ने कहा, दोनों चैटबॉट चुनाव-संबंधी जानकारी के व्यापक डेटाबेस पर आधारित हैं। इन एप्लिकेशन का उपयोग क्षेत्र के अधिकारियों द्वारा एक विशेष लिंक या क्यूआर कोड के माध्यम से किया जा सकता है। श्रीवास्तव ने कहा कि इन एप्लिकेशन को निर्बाध चुनाव प्रबंधन सुनिश्चित करने के लिए दिल्ली पुलिस आयुक्त संजय अरोड़ा के मार्गदर्शन में विकसित किया गया है। दिल्ली विधानसभा चुनाव पांच फरवरी को होना है जबकि मतगणना आठ फरवरी को होगी।

# जंगपुरा में भाजपा के कई नेता और कार्यकर्ता आप में शामिल

**नई दिल्ली।** जंगपुरा विधानसभा सीट से आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार मनीष सिसोदिया ने चुनाव से पहले भारतीय जनता पार्टी छोड़कर सत्तारूढ़ पार्टी में शामिल हुए कई नेताओं और कार्यकर्ताओं का बृहस्पतिवार को स्वागत किया।दिल्ली की 70 सदस्यीय विधानसभा के लिए मतदान पांच फरवरी को और मतगणना आठ फरवरी को होगी। जंगपुरा में यह घटनाक्रम ऐसे समय सामने आया है, जब दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री सिसोदिया को चुनाव में कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इससे पहले, पटपड़गंज उनकी पारंपरिक सीट थी। आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह के साथ सिसोदिया ने नए सदस्यों का स्वागत किया, जिनमें भाजपा नेता और पूर्व पार्षद विजयपाल सिंह व जंगपुरा से भाजपा के ब्लॉक उपाध्यक्ष मोहित चौधरी शामिल थे। सिसोदिया ने इस बारे में पत्रकारों से कहा, भाजपा के कई नेताओं और कार्यकर्ताओं ने आप की नीतियों और अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व से प्रभावित होकर हमारे आंदोलन में शामिल होने का फैसला किया है। यह जंगपुरा निर्वाचन क्षेत्र के लिए एक मजबूत टीम बनाने की दिशा में एक बड़ा कदम है। जंगपुरा विधानसभा सीट पर भाजपा ने तरविंदर सिंह मारवाह और कांग्रेस ने फरहाद सूरी को चुनाव मैदान में उतारा है।

## संक्षिप्त समाचार

### बालिका दिवस पर स्वास्थ्य शिविर का आयोजन



**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर बृहस्पतिवार को रोहिणी सेक्टर 17 के प्राथमिक विद्यालय में छात्र छात्राओं के लिए स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर दिल्ली नगर निगम के स्वास्थ्य एवं आयुष विभाग द्वारा आयोजित किया गया। इस अवसर पर निगम के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (आयुर्वेद) डॉक्टर आरपी पाराशर ने कहा, एक समृद्ध और प्रगतिशील समाज के लिए बालिकाओं का सशक्तिकरण अत्यंत आवश्यक है। जब हर बालिका शिक्षित, सशक्त और आत्मनिर्भर होगी, तभी हमारा समाज और देश सच्चे अर्थों में विकास कर पाएगा। उन्होंने बच्चों को शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए संतुलित और स्वास्थ्यवर्धक भोजन के साथ साथ स्वस्थ जीवनशैली के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर जरूरतमंद बच्चों को निशुल्क दवाइयां भी दी गईं।

### नेताजी की जयंती पर रक्तदान शिविर



**नई दिल्ली।** सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर रोहिणी स्थित महाराजा अग्रसेन टेक्नोलॉजी इंस्टीट्यूट में रक्त शिविर का आयोजन किया गया जिसमें बढ़ चढ़कर छात्र छात्राओं समेत अन्य लोगों ने रक्त दान किया। इस मौके पर महाराजा अग्रसेन के संस्थापक नन्द किशोर गर्ग, मोहन गर्ग, कवि जगदीश मित्तल, जे एस तेवतिया ने छात्र छात्राओं को रक्त दान के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें नेक कार्य के लिए बधाई दी। करीब 550 यूनिट रक्त एकत्र किया गया

## आंबेडकर नगर विधानसभा सीट

# मुफ्त की रेवड़ी के बजाय बुनियादी सुविधाओं पर लोगों का जोर

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



विधानसभा चुनाव का प्रचार चरम पर पहुंचते ही मतदाताओं का एक वर्ग ऐसा भी है जो राजनीतिक दलों के लुभावने वादों से उब चुका है और इस बार मुफ्त की रेवड़ी की बजाय बुनियादी सुविधाओं के आधार पर मतदान करने पर जोर दे रहा है। राजनीतिक दल भले ही 2100 से 2500 रुपए प्रति माह देने का वादा कर महिला मतदाताओं को अपनी ओर करने की कोशिश कर रहे हों लेकिन दिल्ली की आंबेडकर नगर विधानसभा सीट के अंतर्गत आने वाले जवाहर पार्क की निवासियों का कहना है कि इन लुभावने वादों का कोई मतलब नहीं है जब उन्हें रोजमर्रा के जीवन में भारी जाम, खराब सड़कों, साफ-सफाई जैसी परेशानियों का सामना करना पड़े।

मीडिया से बातचीत में स्थानीय निवासी लक्ष्मी ने बताया कि वह पिछले 10-12 वर्ष से इस इलाके में रह रही हूं लेकिन पिछले कुछ समय से यहां लगने वाला जाम और रेहड़ी-पटरी वालों के सड़कों को घेर लेने से हमारी समस्या काफी बढ़ गई है। कोई भी दल यहां की बुनियादी सुविधाओं पर बात ही नहीं कर रहा है। इस क्षेत्र की सबसे बड़ी समस्या महरौली-बदरपुर रोड पर लगने वाला जाम है। जिस रास्ते से निकलने में 10 से 15 मिनट का समय लगना चाहिए, वहां हम कई घंटों तक जाम में फंसे रहते हैं। अनुसूचित जाति (एससी) के लिए आरक्षित दक्षिण दिल्ली की आंबेडकर नगर विधानसभा सीट पर पिछले दो चुनाव से आम आदमी पार्टी (आप) का दबदबा कायम है। इस बार भी पार्टी ने अपने मौजूदा विधायक अजय दत्त पर दांव लगाया है। भाजपा ने पिछले चुनाव में पार्टी को जीत दिलाने में नाकाम रहे खुशी राम चुनार पर एक बार फिर भरोसा दिखाया है। कांग्रेस की ओर से जय प्रकाश को टिकट दिया गया है। तीनों प्रमुख दल लुभावने वादों से क्षेत्र की जनता को अपनी ओर करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं लेकिन स्थानीय लोग इस बार मुफ्त की रेवड़ी की जगह यातायात प्रबंधन, भारी जाम, सड़कों की मरम्मत, साफ-सफाई जैसी बुनियादी सुविधाओं में सुधार की मांग कर रहे हैं। खानपुर गांव के निवासी रवि ने भी इलाके के यातायात प्रबंधन तथा रेहड़ी पटरी वालों के कारण जाम की परेशानी की बात कही। यहां मेट्रो के काम के कारण पहले ही सड़क की चौड़ाई काफी कम हो गई है और बाकी जगह रेहड़ी-पटरी वाले घेर लेते हैं। व्यस्त घंटों में यहां सड़क पर इतना भयंकर जाम लग जाता है कि पैदल चलने की जगह तक नहीं रहती। इस समस्या से सभी दल अवगत हैं लेकिन किसी ने भी इसे चुनावी मुद्दा बनाना जरूरी नहीं समझा। यातायात से जुड़ी परेशानी का सामना इस क्षेत्र के पॉश इलाके सैनिक फार्म के लोगों को भी करना पड़ रहा है। सैनिक फार्म की निवासी आरती का कहना है कि महरौली-बदरपुर रोड पर जाम लगने के बाद अक्सर निकटवर्ती इलाकों के लोग सैनिक फार्म से निकलने की कोशिश करते हैं जिससे यहां भी भारी जाम लग जाता है। जाम के कारण हमारा ही अपने घरों से निकलना मुश्किल हो जाता है। हमारी राजनीतिक दलों से यही अपील है कि वे मुफ्त सुविधाओं से लोगों के वोट हासिल करने की बजाय बुनियादी सुविधाओं में सुधार करें ताकि जनता उनके काम को देखकर उनके लिए वोट करे। विधानसभा क्षेत्र के लोगों ने मेट्रो के काम, रेहड़ी-पटरी वालों के जमावड़े, यातायात के खराब प्रबंधन तथा बारिश में जल निकासी की समस्या के अलावा गली-नुक्कड़ पर खुल गईं शराब की दुकानों को भी भारी जाम की वजह बताया।

### कुल 1,62,748 मतदाता

मुख्य निर्वाचन कार्यालय के मुताबिक, आंबेडकर विधानसभा सीट पर कुल 1,62,748 मतदाता हैं जिनमें से 85,359 पुरुष तथा 77,363 महिलाएं हैं। वहीं क्षेत्र में तृतीय लिंग के 26 मतदाता हैं। इस विधानसभा क्षेत्र में खानपुर, मदनगीर, दक्षिणपुरी, जवाहर पार्क, राजू पार्क, सैनिक फार्म समेत अन्य इलाके आते हैं। यह इलाका दक्षिण दिल्ली लोकसभा सीट के अंतर्गत आता है जिस पर 2014 से भाजपा का कब्जा है।

# ट्रैक्टर की टक्कर से स्कूटी सवार दो युवकों की मौत



थाने में खड़ा ट्रैक्टर, जिससे हादसा हुआ व थाने पर खड़ी स्कूटी।

## कपड़े की दुकान में नौकरी करते थे मृतक

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

एनआईटी इलाके के एनएच तीन स्थित पीयूष महिंद्रा मॉल के सामने एक ट्रैक्टर ने स्कूटी सवार दो युवकों को टक्कर मार दी। इससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतकों की पहचान एसजीएम नगर के पटेल चौक निवासी जीशान उर्फ टुकटुक और शिवम के रूप में हुई है। पुलिस ने दोनों के शवों को नागरिक अस्पताल में पोस्टमार्टम कराने के बाद परिजनों को सौंप दिया।

जानकारी के अनुसार 17 वर्षीय जीशान उर्फ टुकटुक और शिवम फरीदाबाद में एक नंबर मार्केट में कपड़े की दुकान में काम करते थे। आज वे दोनों अपने किसी काम से निकले थे, जहां वे हादसे के शिकार हो गये। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। स्कूटी गुरुग्राम से रजिस्टर्ड थी।

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि सड़क पर डिवाइडर होता तो शायद यह दुर्घटना टल सकती थी। उन्होंने मॉल द्वारा सड़क पर अवैध अतिक्रमण का भी मुद्दा उठाया, लेकिन प्रशासन का ध्यान इस ओर नहीं है। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

वहीं इस मामले में तीन नंबर चौकी इंचार्ज सोमपाल ने बताया कि जैसे ही उन्हें इस घटना की जानकारी मिली तुरंत अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और दोनों मृतकों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए बादशाह खान अस्पताल में भिजवा दिया। मौके से ट्रैक्टर और स्कूटी को कब्जे में ले लिया गया है। वहीं दूसरी ओर मृतकों के परिजनों को इसकी सूचना दे दी गई है।

# अवैध निर्माण ढहाने गई टीम पर पथराव

## ड्यूटी मजिस्ट्रेट से की हाथापाई, हमलावर महिलाओं ने जेसीबी के भी शीशे तोड़े

### पुलिस ने एक महिला को किया गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** नूंह


जिला के खंड पुन्हाना में अवैध निर्माण गिराने गई टीम के साथ हाथापाई करती महिलाएं।

जिला के खंड पुन्हाना में अवैध कालोनियों में निर्माणों को गिराने गई डीटीपी की टीम पर महिलाओं ने पथराव कर दिया। इस पथराव में जेसीबी मशीन में भी तोड़फोड़ की गई। साथ ही मौके पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट के साथ महिलाओं ने हाथापाई की। पुलिस ने इस उपद्रव में एक महिला को गिरफ्तार किया।

अवैध निर्माणों की तोड़फोड़ के लिए ड्यूटी मजिस्ट्रेट नियुक्त किए गए जिला नगर योजनाकार विनेश कुमार ने बताया कि पुन्हाना के डुडौली, ठेक व पटाकपुर में विभाग को काफी समय से अवैध निर्माणों की सूचना मिल रही थी। भूमाफियाओं द्वारा अवैध कॉलोनी काटकर वहां पर निर्माण कराया जा रहा है। इस सूचना पर पुलिस सुरक्षा के बीच व अवैध निर्माणों को ढहाने के लिए जेसीबी लेकर पहुंचे। गांव पटाकपुर में करीब सात एकड़ जमीन से रास्तों व डीपीसी को तोड़ा गया। इसी तरह से गांव डुडौली क्षेत्र में भी करीब पांच एकड़ जमीन में काटी जा रही कालोनियों में निर्माण तोड़े गए।

टीम जब ठेक गांव में निर्माण तोड़ने पहुंची तो काफी संख्या में महिलाएं जेसीबी के सामने आ गई। डीटीपी बिनेश कुमार के मुताबिक महिलाओं ने सरकार काम में बाधा डालना शुरू कर दिया। देखते ही देखते कुछ महिलाओं ने जेसीबी मशीन पर पथराव करना शुरू कर दिया। डीटीपी के साथ भी महिलाओं द्वारा बदसलूकी करते हुए हाथापाई की गई। पुलिस ने महिलाओं को तितर-बितर करने का प्रयास किया।

डीटीपी के मुताबिक महिलाओं ने उनके साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की भी धमकी दी। मौके पर पुलिस ने शबनम नामक महिला को पथराव करते हुए पकड़ा।

पुलिस थाना से जांच अधिकारी देवी सिंह ने गुरुवार को जानकारी दी कि शिकायत मिलने पर आरोपी महिला के खिलाफ केस दर्ज करके उसे गिरफ्तार कर लिया गया है।

# हत्या के दो दोषियों को कोर्ट ने सुनाई उम्र कैद की सजा

### वर्ष-2020 में व्यक्ति की पीट-पीटकर की थी हत्या

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

मारपीट करके हत्या करने के दो आरोपियों को दोषी ठहराते हुए यहां की अदालत ने दोनों को उम्र कैद (कठोर कारावास) की सजा सुनाई है। साथ ही आरोपियों पर जुर्माना भी लगाया गया है।

पुलिस के अनुसार 11 अक्टूबर 2020 को थाना खेड़की दौला में एक सूचना एक व्यक्ति दीपू निवासी बसुंधरा जिला गाजियाबाद (उत्तर-प्रदेश) के मारपीट में घायल होकर अस्पताल में भर्ती होने की मिली थी। सूचना पाकर पुलिस टीम अस्पताल पहुंची, जहां से घायल व्यक्ति को फोर्टिस अस्पताल रेफर कर दिया गया था। घायल व्यक्ति के भतीजे ने पुलिस टीम को शिकायत देकर कह कि उसके चाचा का गुरुग्राम व दिल्ली में व्यवसाय है। उसका चाचा 11 अक्टूबर को गुरुग्राम किसी काम से आया था। गांव भांगरोला के पास स्कूटी पर आए व्यक्तियों द्वारा उनके चाचा द्वारा आरोपियों की स्कूटी के साथ एक्सीडेंट करने की बात कही। इसी बीच उन्होंने उसके चाचा पर हमला बोल दिया। उसके चाचा के सिर व शरीर के अन्य हिस्सों में गहरी चोटें आई। भतीजे की शिकायत पर थाना खेड़की दौला में आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया गया।

मारपीट में लगी चोटों के कारण घायल व्यक्ति दीपू की इलाज के दौरान 12 अक्टूबर 2020 को मौत हो गई थी। पुलिस ने इसमें हत्या की धारा 302 को भी जोड़ दिया। इस हत्याकांड में कार्रवाई करते हुए गुरुग्राम पुलिस द्वारा दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। आरोपियों की पहचान की पहचान रोहित उर्फ मोनू निवासी न्यू कॉलोनी गांव गढ़ी-हरसरू व रोहित उर्फ झब्बर निवासी वजीरपुर के रूप में हुई थी।

# उपायुक्त ने गैर हाजिर मिले कर्मचारियों को जारी किया कारण बताओ नोटिस

**पलवल।** जिला उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने गुरुवार को हथीन उपमंडल के लघु सचिवालय और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विभिन्न विभागों के कार्यालयों में हाजिरी रजिस्टर व भ्रमण रजिस्टर समेत अन्य दस्तावेजों की जांच की और सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने को लेकर अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त ने औचक निरीक्षण के दौरान सबसे पहले हथीन लघु सचिवालय में पहुंचे। उन्होंने रजिस्ट्री कार्यालय में करवाई जा रही रजिस्ट्रियों के संबंध में उपस्थित कर्मचारियों से जानकारी ली। उन्होंने रजिस्ट्री से संबंधित दस्तावेजों की जांच करते हुए कहा कि सभी रजिस्ट्री तय समय में ही करवानी सुनिश्चित करें। इसके अलावा कार्यालय में फाइल व आवश्यक दस्तावेजों को सही ढंग से रखा जाए। इस दौरान उन्होंने हाजिरी रजिस्टर की भी जांच की। हाजिरी रजिस्टर में सभी अधिकारियों व कर्मचारियों की उपस्थिति की जांच की। इसके अलावा उपायुक्त डा. हरीश कुमार वशिष्ठ ने ट्रेजरी, खाद्य एवं आपूर्ति विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यालयों का भी निरीक्षण किया।

# आतंकी हमलों से निपटने की तैयारी जरूरीः डीसी

### जिला आपदा प्रबंधन कमेटी की बैठक में आपदा प्रबंधन के उपायों पर की गई चर्चा

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


गुरुग्राम में जिला आपदा प्रबंधन कमेटी की बैठक में मौजूद अधिकारी।

पुलिस आयुक्त कार्यालय में गुरुवार को जिला आपदा प्रबंधन कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा ने की। इस दौरान उपायुक्त अजय कुमार सहित अन्य उच्च अधिकारी बैठक में उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान जिला स्तर पर आपदाओं से निपटने के लिए मौजूद तैयारियों का जायजा लिया गया और आवश्यक उपायों पर विस्तृत चर्चा की गई। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा व उपायुक्त अजय कुमार ने कहा कि आपदा प्राकृतिक व कृत्रिम किसी भी प्रकार की हो सकती है। इसमें भूकंप, बाढ़ के अलावा बम ब्लास्ट, रसायन रिसाव व आतंकवादी हमला जैसी कोई भी अप्रिय घटना शामिल है। ऐसी घटनाओं से निपटने के लिए जिला स्तर पर तैयारी जरूरी है। आपदा नियंत्रण में समयबद्ध तरीके से निदान अति आवश्यक है। उन्होंने कहा कि हर व्यक्ति को अपनी जिम्मेदारी की जानकारी पहले से ही होनी चाहिए। इससे टीम बनाकर काम करने में सहयोग मिलता है। उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि जिले में इमरजेंसी रिस्पॉस व्हीकल भी तैयार किया जाएगा। इसमें आपदा के समय इस्तेमाल होने वाली सभी जरूरत के उपकरण उपलब्ध होंगे। जिला प्रशासन की ओर से इंसिडेंट रिस्पांस सिस्टम (आइआरएस) तैयार किया जा रहा है।

# कादीपुर व हरसरू उपतहसील में हुआ 1130 करोड़ का रेवेन्यू

### रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में जुटाई गई 63 करोड़ से अधिक की राशि

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

जिले की कादीपुर व हरसरू उप-तहसील में मौजूदा वित्त वर्ष में 1130 करोड़ रुपये का रेवेन्यू हुआ है। साथ ही दोनों उप-तहसीलों ने रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में 63 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जुटाई है। दोनों जगहों पर सीएम विंडो की एक भी शिकायत लंबित नहीं है। यह जानकारी नायब तहसीलदार आशीष मलिक ने डीसी अजय कुमार को उप-तहसीलों के दौरे के दौरान दी।

निरीक्षण दौरे में नायब तहसीलदार आशीष मलिक ने डीसी को बताया कि 31 दिसंबर तक हरसरू उप-तहसील में सभी प्रकार की कुल 16088 ट्रांजेक्शन हुई है। जिनसे स्टाम्प ड्यूटी के रूप में 491 करोड़ का रेवेन्यू जेनरेट किया गया है।

रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में 27 करोड़ 26 लाख रुपये चार्ज किए गए हैं। इसी प्रकार कादीपुर उप-तहसील में इस वित्त वर्ष में सभी प्रकार की 16714 ट्रांजेक्शन हुई हैं। जिससे स्टाम्प ड्यूटी के रूप में 639 करोड़ 16 लाख का रेवेन्यू जेनरेट किया गया है। रजिस्ट्रेशन फीस के रूप में 36 करोड़ 35 लाख रुपये चार्ज किए गए हैं। नायब तहसीलदार ने बताया कि कादीपुर उप-तहसील में केवल गाड़ौली कलां गांव की एक जमाबंदी का काम ऑनलाइन करना पेंडिंग हैं।

# प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना के तहत मिल रही सब्सिडी

**गुरुग्राम।** सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों के विकास को बढ़ावा देने के लिए केंद्र सरकार की ओर से प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) के तहत उद्यमियों को 35 तक सब्सिडी दी जा रही है। इस योजना के तहत इच्छुक उद्यमी अपने खाद्य प्रसंस्करण उद्योग की स्थापना या विस्तार के लिए आवेदन कर सकते हैं।

डीसी अजय कुमार ने गुरुवार को बताया कि योजना का मुख्य उद्देश्य सूक्ष्म उद्यमों को प्रोत्साहित करना और उनके आर्थिक विकास में सहायक बनना है। योजना का लाभ लेने के लिए आवेदक की न्यूनतम आयु 18 वर्ष होनी चाहिए। व्यक्ति, गैर-सरकारी संगठन, सहकारी समितियां, सांझेदारी फर्म और प्राइवेट लिमिटेड कंपनियां इस योजना का लाभ उठा सकती हैं।

# नेताजी की जयंती पर हुआ स्वच्छता क्रांति कार्यक्रम

### अतिरिक्त निगमायुक्त ने नागरिकों से स्वच्छ, सुंदर, हरित गुरुग्राम बनाने में सहयोग का किया आह्वान

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


स्वच्छता क्रांति कार्यक्रम में प्रतियोगिताओं में विजेता बच्चों को सम्मानित करते अतिरिक्त निगमायुक्त डा. बलप्रीत सिंह।

नगर निगम द्वारा सेंटर फॉर साइट और विभिन्न आरडब्ल्यूए तथा स्कूलों के सहयोग से गुरुवार को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर सेक्टर-14 स्थित नेताजी पार्क में स्वच्छता क्रांति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान अतिरिक्त निगमायुक्त डॉ. बलप्रीत सिंह ने शहर वासियों से स्वच्छ, सुंदर व हरित गुरुग्राम बनाने में सहयोग का आह्वान किया।

कार्यक्रम में डॉ. बलप्रीत सिंह ने नागरिकों की भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि आप सभी का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। स्वच्छता केवल निगम की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने बच्चों द्वारा प्रस्तुत किए गए जागरुकता कार्यक्रमों पर अपने विचार व्यक्त किए और कहा कि हम सभी को यह समझना चाहिए कि प्रदूषण और कचरे की समस्या हमारी खुद की ही बनाई हुई है। हम सभी अपने घर की तरह अपने आसपास के क्षेत्र, गली-मोहल्ले तथा शहर के सार्वजनिक स्थानों की सफाई का भी ध्यान रखें। कचरा इधर-उधर ना फैलाएं, बल्कि यह सुनिश्चित करें कि हमारे यहां से निकलने वाला कचरा सही जगह पर पहुंचे। कचरे को गीले, सूखे व घरेलू हानिकारक श्रेणी में बांटें।

उन्होंने यह भी कहा कि पहले लोग कपड़े के थैले का उपयोग करते थे, लेकिन समय के साथ पॉलीथिन का प्रचलन बढ़ा। अपनी सुविधा के चक्कर में हम पॉलीथिन के उपयोग की ओर बढ़े, जो न सिर्फ प्रदूषण बढ़ाता है बल्कि स्वास्थ्य समस्याओं को भी जन्म देता है।

## सोहना के कन्या स्कूल में मनाई नेताजी की जयंती

**गुरुग्राम।** राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सोहना के प्रांगण में नेताजी सुभाष चंद्र बोस जी की जयंती मनाई गई। इस अवसर पर विद्यालय की जरूरतमंद छात्राओं को सर्दी से बचाव के लिए जर्सी बांटी गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल की इंचार्ज डाक्टर अंजू फुलिया ने की। कार्यक्रम की शुरुआत जयहिंद तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा भारत माता के नारों के उद्घोष से हुई। कार्यक्रम में गुरनाम सिंह और हरदीप सिंह अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन कल्याण सिंह भारत प्राध्यापक ने किया। इस अवसर पर शिखा बंसल, रामरति, अशोक कुमार, नरेश कुमार चौखराम, जोगिंदर कलकल, लोकेश दत्त, योगेश कुमार, सुनील कुमार, अमित कुमार आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

# आउटर धनवापुर रोड पर ग्रीन बेल्ट से जल्द हटेंगे जर्जर पोल्स

### पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी के प्रयासों से हुआ यह काम

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

वार्ड-10 (प्रस्तावित वार्ड 33) के पूर्व पार्षद मंगत राम बागड़ी और पूर्व पार्षद शीतल बागड़ी के प्रयास से सेक्टर-4 आउटर धनवापुर रोड पर ग्रीन बेल्ट पर काफी समय से पड़े जर्जर पोल्स हटाने की प्रक्रिया आगे बढ़ी है।

इस समस्या को लेकर मंगत राम बागड़ी ने बुधवार को विधायक मुकेश शर्मा को मांग पत्र सौंपा। विधायक ने मौके पर ही नगर निगम के अधीक्षण अभियंता से बात कर पोल्स हटाने को कहा। एसई ने खंभों को जल्द हटाने का आश्वासन दिया और इसके लिए एसडीओ को निर्देशित किया। बागड़ी ने इसके लिए विधायक मुकेश शर्मा को हृदय से धन्यवाद दिया। बागड़ी ने मांग पत्र सौंप कर विधायक को अवगत कराया कि नगर निगम वार्ड-33 अंतर्गत, आउटर धनवापुर रोड पर ग्रीन बेल्ट से लगे फुटपाथ पर काफी संख्या में बिजली के पुराने जर्जर पोल रख दिए गए हैं। काफी दिनों से बिजली के पुराने पोल इधर-उधर से लाकर रखे गए हैं। इसके कारण फुटपाथ पूरी तरह ब्लॉक पड़ा है। सड़क से पैदल आने जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। फुटपाथ भरे होने के कारण लोग सड़क पर पैदल चलने को विवश हो रहे हैं। इसके कारण हादसे की भी आशंका बनी रहती है। जर्जर पड़े हुए पोल्स के ऊपर लोग कूड़ा डाल जाते हैं, जिससे सफाई कर्मचारी भी वहां सफाई नहीं कर पाते।

## संक्षिप्त समाचार


डा. संजय कुमार को प्रतीक चित्र भेंट करती फिल्म अभिनेत्री भागयश्री

### संजय कुमार को मिला बेस्ट टीचर व सोशल वर्कर अवार्ड

**गुरुग्राम।** सामाजिक सेवा के क्षेत्र में काम करने वाले डा. संजय कुमार को बेस्ट टीचर एजुकेटर व प्रेरणादायी सोशल वर्कर ऑफ दा ईयर का अवार्ड मिला है। डेरा सच्चा सौदा से जुड़े डा. संजय कुमार को यह अवार्ड फिल्म अभिनेत्री भागयश्री ने दिया। डा. संजय कुमार ने यह अवार्ड पूज्य गुरूजी संत डा. राम रहीम सिंह जी इंसा को समर्पित किया है। नई दिल्ली के नेहरू प्लेस स्थित इरोस होटल में बिजो बिजनेस अवार्ड्स एंड एक्सपो समारोह आयोजित किया गया। मूलरूप से गांव डलिहारा जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश) के रहने वाले (वर्तमान में गुरग्राम में रह रहे) डा. संजय कुमार को इस समारोह में बेस्ट टीचर एजुकेटर व प्रेरणादायी सोशल वर्कर ऑफ दा ईयर के लिए नामित किया गया। युवाओं को बढ़ावा देने, स्टार्टअप बिजनेस को बढ़ावा देने, व्यापार में नए दृष्टिकोण से प्रोत्साहित करने के लिए अलग-अलग देशों से सोशल वर्कर, विश्वविद्यालयों के प्रोफेसर, बिजनेसमैन, फिल्मी हस्तियां मौजूद रहीं। समाजसेवी संस्थाओं, समाजसेवियों को उनकी कार्यकुशलता, दक्षता के अनुसार उन्हें उनकी श्रेणी में उनकी दक्षता के अनुसार अवार्ड से सम्मानित किया गया। डा. संजय कुमार ने कहा कि वे लंबे समय से डेरा सच्चा सौदा से जुड़े हैं।

### छात्र-छात्राओं को दी मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी


मानसिक स्वास्थ्य की जानकारी देते ह्यूमना पीपल टू पीपल संगठन के सदस्य।

**गुरुग्राम।** ह्यूमना पीपल टू पीपल संगठन ने गुरुवार को सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल पचगांव में किशोर लड़कियों और लड़कों के साथ मानसिक स्वास्थ्य पर एक सत्र आयोजित किया। इस सत्र में वाइस प्रिंसिपल पूनम राठी ने चर्चा की कि किशोरों के स्वास्थ्य के लिए मानसिक स्वास्थ्य कितना महत्वपूर्ण है। प्रोजेक्ट लीडर रोकी कुमार ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य के बारे में चर्चा करना कितना आवश्यक है, ताकि इस विषय पर बनी हुई कलंक को तोड़ा जा सके। आदित्य क्लिनिकल मनोवैज्ञानिक ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य पर कौन से कारक प्रभाव डालते हैं और इनसे कैसे निपटा जा सकता है। इस सत्र का उद्देश्य किशोरों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरुक करना और उन्हें इस विषय पर खुलकर चर्चा करने के लिए प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर, ह्यूमना पीपल टू पीपल संगठन के प्रतिनिधि ने कहा कि हमें लगता है कि मानसिक स्वास्थ्य के बारे में चर्चा करना और किशोरों को इस विषय पर जागरूक करना बहुत जरूरी है। हमें उम्मीद है कि यह सत्र किशोरों को मानसिक स्वास्थ्य के महत्व के बारे में जागरूक करने में मदद करेगा।

# रिसाव ठीक होने के बाद दूषित पानी की सप्लाई से लोगों को मिली राहत


**फरीदाबाद।** बल्लभगढ़ के अंबेडकर चौक के आसपास के क्षेत्र भीकम कालोनी और नाहर सिंह कालोनी में पिछले कुछ समय से गंदे पानी की आपूर्ति की समस्या लोग परेशान थे। पाइप में लीकेज होने और बड़ी सीवर लाइनों के सफाई कार्य की वजह से लगभग 100 परिवार इस समस्या से परेशान थे स्थानीय लोगों ने निगम के अधिकारियों से शिकायत की और शिकायत पर तुरंत सुनवाई करते हुए पानी की पाइपलाइन को चेक कर लीकेज को सही कराया।


पाइप में लीकेज सही करता हुआ कर्मचारी

# अंगदान अभियान को 14 देशों में पहुंचाएंगे महेश कुमार

### उपायुक्त ने साइक्लिस्ट को दी शुभकामनाएं

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम


महेश कुमार के साथ डीसी अजय कुमार।

अंगदान एवं विश्व मैत्री का उद्देश्य लेकर रेवाड़ी से हांगकांग तक अंतर्राष्ट्रीय साइकिल यात्रा पर युवा महेश कुमार निकले हैं। गुरुवार को उन्होंने गुरुग्राम पहुंचकर उपायुक्त अजय कुमार से मुलाकात की। उपायुक्त ने युवा को इस यात्रा के लिए अपनी ओर से शुभकामनाएं दी।

महेश कुमार (28) ने बताया कि उसने 15 जनवरी को उसने साइकिल यात्रा शुरू की थी। भारत के अलावा वह भूटान, नेपाल, वियतनाम, फिलीपींस, लाओस, इंडोनेशिया, कंबोडिया, चीन, सिंगापुर, ताईवान, मलेशिया होते हुए हांगकांग तक पहुंचेगा। दुनिया के 14 देशों की सात महीने की अपनी इस यात्रा में महेश लोगों को अंगदान देने तथा वैश्विक भाईचारा के लिए प्रेरित करेंगे। महेश के मुताबिक अंगदान करने से किसी मरीज की जान बचाई जा सकती है। उसके इस अभियान में रोटरी इंटरनेशनल, रैपिड एक्शन फोर्स, सीआरपीएफ, हरियाणा पुलिस, आईटीबीपी व बीएसएफ भी सहयोग कर रहे हैं।

# प्रतापगढ़ में बिना विरोध चलेगी कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट

### पर्यावरण के नियमों के तहत कार्य करेगा यह संयंत्रः एक्सईन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

नगर निगम प्रशासन ने लगभग 10 दिन पहले करीब 1 महीने से प्रतापगढ़ में बंद पड़े कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट को शुरू करा दिया था। इस मामले प्रतापगढ़ और उसके आस पास के निवासियों द्वारा केस दायर किया था, जिस पर कल हुई सुनवाई में अगली तारीख दे दी गई है,और कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट अब बिना किसी विरोध के चालू रहेगी।

बता दें कि 15 जनवरी को निगम कमिश्नर ए मोना श्रीनिवास के दिशा निर्देशों पर जॉइंट कमिश्नर एनआईटी जितेंद्र गर्ग, जॉइंट कमिश्नर द्विजा और कार्यकारी अभियंता पदम भूषण पुलिस दलबल के साथ प्रतापगढ़ कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट को शुरू कराने के लिए पहुंचे थे। स्थानीय निवासियों के विरोध के बाद आखिर यह यूनिट शुरू करा दी गई थी, जो अब बिना किसी विरोध के चल रही है।

### विरोध के चलते एक माह से बंद पड़ी है यूनिट

**बता दें कि लगभग एक महीने से यह कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट प्रतापगढ़ और उसके आसपास के निवासियों के विरोध के चलते बंद पड़ी हुई थी लेकिन अधिकारियों ने स्थानीय निवासियों के विरोध के बाद बावजूद इस प्रोसेसिंग यूनिट को शुरू कराया और स्थानीय निवासियों को समझाया था कि यह कूड़ा डंपिंग यार्ड नहीं है बल्कि प्रोसेसिंग यूनिट है जहां कूड़ा आकर के उसका निस्तारण किया जाता है, पर्यावरण के नियमों को ध्यान में रखते हुए यह यूनिट चलाई जाएगी। लोगों का विरोध था कि यहां गंदगी फैलेगी और बदबू और बीमारियां फैलेंगी लेकिन इस यूनिट के लगने के बाद यहां कूड़े का ढेर नहीं बल्कि उसे कूड़े को आधुनिक तकनीक से प्रोसेस किया जाएगा, उसका निस्तारण किया जाएगा। बता दे की इस कूड़ा प्रोसेसिंग यूनिट बंद होने से शहर में कूड़े के उठान में दिक्कत आ रही थी।**

# नगराधीश ने समाधान शिविर में की दस शिकायतों की सुनवाई

**पायनियर समाचार सेवा।** गुरुग्राम

लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में गुरुवार को दस शिकायतों की सुनवाई की गई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

नगराधीश कुंवर आदित्य विक्रम ने संबधित अधिकारियों को उन पर कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री की पहल से आरंभ किए गए समाधान शिविर के माध्यम से आम लोगों को अपनी समस्या रखने का एक खुला मंच प्रदान किया गया है। जहां शिकायत पर की जा रही कार्रवाई की मॉनिटरिंग भी की जाती है। इस अवसर पर वन अधिकारी परमजीत सिंह, सिंचाई विभाग के एसडीओ नवाब खान, समाज कल्याण विभाग से अन्वेषक अशोक कुमार, जीएमडीए के एसडीओ कुलदीप सिंह, ओपी मलिक, एचएसवीपी के एसडीओ अजमेर सिंह, जेई बृजमोहन, अधीक्षक अनिल चौधरी, कल्याण अधिकारी जितेंद्र आदि मौजूद रहे।

# ट्रंप का आदेश

## एच-1बी वीजा सुधार

**डोनाल्ड** ट्रंप द्वारा एच-1बी वीजा सुधारों से वीजा व्यवस्था की विकृतियां बड़ी सीमा तक दूर होंगी और भारतीय पेशेवरों को लाभ होगा। एच-1बी वीजा लंबे समय से कुशल विदेशी कामगारों, खासकर भारतीयों के लिए महत्वपूर्ण रहे हैं जिन्होंने अमेरिकी अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। 2023 में एच-1बी वीजा प्राप्त करने वालों में 72 प्रतिशत भारतीय थे, इसलिए इस कार्यक्रम में किसी सुधार का भारतीय पेशेवर समुदाय पर व्यापक प्रभाव पड़ेगा। अपने दूसरे कार्यकाल में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एच-1बी वीसा व्यवस्था में आमूल सुधार शुरू किए हैं तथा चयन प्रक्रिया को लाटरी-आधारित व्यवस्था के बजाय वेतन-आधारित माडल में बदल दिया है। 17 जनवरी, 2025 से लागू होने वाले इन परिवर्तनों का लक्ष्य वीजा प्रक्रिया को सहज बनाना तथा अत्यधिक कुशल पेशेवरों को प्राथमिकता देना है। एच-1बी वीजा कार्यक्रम की शुरुआत 1990 में की गई थी और इसका उद्देश्य अमेरिकन कंपनियों को विशिष्ट कौशल वाले विदेशी कामगारों की सेवा लेने की अनुमति देना था। यह टेक् व उभरते क्षेत्रों के लिए बहुत महत्वपूर्ण सिद्ध हुए हैं और इनसे कंपनियों को कौशल की कमी पूरी करने में सहायता मिली है। अकेले वर्ष 2023 में 386,000 एच-1बी वीजा जारी ए गए थे जिनमें से लगभग तीन चौथाई भारतीय नागरिकों को मिले थे। इस कार्यक्रम से न केवल कौशल की कमी को संबोधित कर अमेरिकन अर्थव्यवस्था को लाभ मिला, बल्कि इससे भारत-अमेरिका संबंधों को भी प्रतिभा एवं खोज के हस्तांतरण से भी लाभ हुआ।



सर्वाधिक उल्लेखनीय परिवर्तन लाटरी-आधारित व्यवस्था के बजाय वेतन-आधारित चयन प्रक्रिया है। इस सुधार से सुनिश्चित होगा कि अत्यधिक कुशल पेशेवर को प्रतियोगी वेतनों पर प्राथमिकता दी जाएगी जिससे कार्यक्रम ज्यादा 'प्रतिभा प्रमुख' बनेगा। इसके साथ ही अब अमेरिका में रह रहे भारतीय पेशेवर अपने एच-1बी वीजा का नवीनीकरण वहीं रह कर करवा सकेंगे। इससे महंगी तथा समय लगने वाली अंतरराष्ट्रीय यात्रा से मुक्ति मिलेगी। एफ-1 वीजा पर अमेरिका में अध्ययन कर रहे छात्रों के लिए अच्छी खबर है कि अब इनका एच-1बी वीसा में हस्तांतरण ज्यादा प्रभावी रूप से हो सकेगा जिससे कॅरियर में प्रगति सहज बनेगी।

अब शोध उन्मुख संस्थानों को वार्षिक वीजा सीमा से बाहर रखा गया है जिससे अकादमिक और वैज्ञानिक खोज को बढ़ावा मिलेगा। इन सुधारों का उद्देश्य खासकर भारतीय पेशेवरों और छात्रों को लाभ पहुंचाना है। वेतन को प्राथमिक आधार बनाने से टेक्नोलोजी, इंजीनियरिंग व स्वास्थ्यरक्षा जैसे अत्यधिक मांग वाले क्षेत्रों में भारतीय कुशल कामगार ज्यादा आसानी से वीसा प्राप्त कर सकेंगे। सहज प्रक्रिया तथा देश में ही रह कर नवीनीकरण से पेशेवरों और उनके परिवारों में अनिश्चितता दूर होगी। सर्वोत्तम कौशल बनाए रखना सुनिश्चित कर ये परिवर्तन अमेरिका और भारत के बीच आर्थिक व तकनीकी सहयोग और मजबूत करेंगे। राष्ट्रपति ट्रंप के सुधारण प्रतिभा प्राप्ति और आर्थिक प्रगति के प्रति रणनीतिक दृष्टिकोण का प्रतिनिधित्व करते हैं। वीजा नीतियों को अमेरिकन बिजनेसों की आवश्यकताओं से जोड़ने तथा प्रतिभा को पुरस्कृत कर ये परिवर्तन खोज एवं क्षमता के प्रति प्रतिबद्धता प्रदर्शित करते हैं। हालांकि, ये सुधार सही दिशा में एक कदम हैं, पर इसके लिए वीसा धारकों तथा सेवायोजकों पर कठोर निगरानी जरूरी होगी। एच-1बी वीसा सुधार के इस कदम से पारदर्शिता सुनिश्चित होगी, पर इससे छोटी कंपनियों के समक्ष चुनौतियां भी बढ़ेंगी जो प्रतियोगी पर कम वेतन का प्रस्ताव करती हैं। इसके साथ ही इस परिवर्तन से भारतीय पेशेवरों पर भी दबाव बढ़ेगा कि वे अपने कॅरियर विकल्पों को उच्च-वेतन वाली भूमिकाओं के अनुरूप निर्धारित करें। इसके परिणामस्वरूप अकादमिक व गैर-मुनाफे वाले क्षेत्र प्रभावित हो सकते हैं।

# रेणुका जी बांध का महत्व

हिमाचल प्रदेश की गिरि नदी पर आधी शताब्दी पहले रेणुका जी बांध की कल्पना की गई थी। इससे भारत के 6 राज्यों में पानी व ऊर्जा संकट दूर करने में सहायता मिल सकती है।



**केएस तोमर**
(लेखक, राजनीतिक विश्लेषक हैं)



हिमाचल प्रदेश की महत्वपूर्ण गिरि नदी पर 58 वर्ष पहले रेणुका जी बांध परियोजना की कल्पना की गई थी, लेकिन अंततः अब दशकों के विलंब के बाद इसे गेम-चेंजर माना जा रहा है। इस उल्लेखनीय पहल से जहां दिल्ली का भयानक जल संकट दूर होगा, वहीं हरियाणा, राजस्थान, उत्तराखंड, उत्तर प्रदेश और हिमाचल प्रदेश को टिकाऊ रूप से बिजली मिलेगी। वित्तीय लाभों के साथ ही यह बांध संघीय सहयोग तथा राजनीतिक प्रतिबद्धता का भी प्रतीक बनेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्चुअल तरीके से 6,946 करोड़ की इस परियोजना की नीव 27 दिसंबर, 2021 को रखी थी।

अब इसकी 95 प्रतिशत प्रक्रियागत बाधायें दूर होने के बाद वैश्विक टेंडर जल्द ही जारी किए जाएंगे और इसके निर्माण का रास्ता साफ होगा। अनुमान है कि अब इस पर 8,262 करोड़ रुपये खर्च होंगे जो पांच प्रति वार्षिक वृद्धि है। 2030 में पूरी होने की आशा वाली इस परियोजना को 2032 में सक्रिया किया जाएगा जो दिल्ली तथा इसके अतिरिक्त अनेक क्षेत्रों के लिए महत्वपूर्ण होगी। दिल्लीवासियों के लिए यह बांध 58 साल पुराना सपना साकार होने की तरह है।

इसमें भंडारित जल हथिनीकुंड बराज से होकर वजीराबाद और ओखला बैराजों से गुजरता हुआ दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश और हरियाणा को मिलेगा। दिल्ली में रोज 1,200 मिलियन गैलन-एमजीडी पानी की मांग है और गर्मी में उसे गंभीर संकट का सामना करना पड़ता है। रेणुका जी बांध से मिलने वाला 275 एचजीडी पानी इस कमी को पूरा करेगा, घरेलू सप्लाई को गति देगा तथा औद्योगिक विकास व ढांचागत विकास में अत्यंत सहायक भी बनेगा।

हरियाणा इसमें सबसे ज्यादा 47.82 प्रतिशत यानी 555.95 करोड़ खर्च करेगा। इसके बाद उत्तर प्रदेश 31.05 प्रतिशत यानी 361.04 करोड़, राजस्थान 9.34 प्रतिशत यानी 108.58 करोड़ तथा हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और दिल्ली क्रमशः 36.67 करोड़, 30.17 करोड़ तथा 70.25 करोड़ रुपये खर्च करेंगे। इस प्रकार राज्य इस महत्वपूर्ण परियोजना में 1,162,66 करोड़ रुपये खर्च करेंगे। मूल रूप से इस परियोजना का लक्ष्य दिल्ली में 2025 के विधानसभा चुनाव के पहले प्रगति दिखाना था, पर विलंब के कारण इसके निर्माण में 5-6 महीनों का विलंब हुआ। प्रधानमंत्री कार्यालय के हस्तक्षेप से डिजाइन स्वीकृति तथा टेंडर प्रक्रिया में तेजी आई है, पर स्थानीय स्तर पर तनाव बना हुआ है। जनसंघर्ष समिति ने परियोजना अधिकारियों की आलोचना करते हुए कहा है कि उन्होंने पुनर्वास प्रयासों के लिए बहुत कम रकम निर्धारित की है। इसके अलावा विस्थापित परिवारों के लिए समुचित मुआवजे का प्राविधान नहीं है।

एक्टिविस्टों की मांग है कि सार्वजनिक कार्य विभाग के अनुमानों की तुलना में भुगतान अधिक होना चाहिए और वर्तमान मुआवजा नाकाफी है। एचपी पावर कार्पोरेशन के प्रबंध निदेशक हरिकेश मीना इन आरोपों को खारिज करते हुए बताते हैं कि 1,573 करोड़ रुपये बांटे जा चुके हैं और 90 बेघर परिवारों को पुनर्वास विकल्प दिए गए हैं। इससे हिमाचल प्रदेश को हर साल 66 करोड़ रुपये की 200 मिलियन यूनिट बिजली मिलेगी। दिल्ली ने 270 करोड़ फंड हस्तांतरित कर दिया है जिससे 300 करोड़ की बिजली मशीनरी का 90 प्रतिशत भुगतान हो गया है। इससे परियोजना का महत्व स्पष्ट होता है। रेणुका जी बांध हिमाचल के सिरमौर जिले में स्थित होगा जो अपने भौगोलिक व जलविज्ञान लाभों के दृष्टिकोण से बांध के लिए आदर्श स्थल है। यमुना की सहायक गिरि नदी इसमें निरंतर जल प्रवाह सुनिश्चित करेगी। इस स्थल का असाधारण सांस्कृतिक महत्व भी है। यह भगवान विष्णु के अवतार भगवान परशुराम की माता देवी रेणुका के नाम से जुड़ा है। इस क्षेत्र में पौराणिक रेणुका झील भी है। यह भारत की सबसे बड़ी प्राकृतिक झील है जहां पूरे साल तीर्थयात्री आते रहते हैं।

देवी रेणुका और भगवान परशुराम के प्राचीन मंदिर इस क्षेत्र का ऐतिहासिक और आध्यात्मिक महत्व और बढ़ा देते हैं। इस प्रकार यह परियोजना धार्मिक महत्व के साथ तकनीकी महत्वाकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व भी करती है जो आने वाली अनेक पीढ़ियों तक दिल्ली की प्यास और ऊर्जा आवश्यकता पूरी करने के लिए तैयार है। 8,262.28 करोण की रेणुका जी बांध परियोजना में 148 मीटर ऊंचा चट्टानों से बना ढांचा होगा जो 6 राज्यों को पानी और बिजली सप्लाई करेगा। इससे 1,508 हेक्टर जमीन डूबेगी तथा इससे 7,000 निवासी विस्थापित होंगे जिनमें 346 बेघर परिवार भी शामिल हैं।

यह परियोजना 41 गांवों और 25 पंचायतों में फैली होगी। जनवरी, 2019 में 6 लाभार्थी राज्यों के साथ केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने एमओयू हस्ताक्षर करवाने में सफलता पाई। 2022 में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में आर्थिक मामलों की कैबिनेट समिति ने इस परियोजना को वित्तीय समर्थन देने की स्वीकृति दी जिससे यह परियोजना कार्यरूप में परिणत हो सकी। डहाऊ गांव के निकट स्थित बांध में 498 मिलियन क्यूबिक मीटर जल एकत्र होगा जिसे प्रमुख बैराजों के माध्यम से दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश, हरियाणा और राजस्थान भेजा जाएगा। प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना के अंतर्गत इससे दिल्ली को प्रति सेकेंड 23,000 लीटर जल प्रदान किया जाएगा।

इसके साथ ही 40 मेगावाट पनबिजली उत्पादन से हिमाचल प्रदेश को हर साल 120 करोड़ रुपये की प्राप्ति होगी। तकनीकी विशेषज्ञों का अनुमान है कि गिरि नदी के प्रवाह में 110 प्रतिशत वृद्धि होगी जिससे गर्मी के मौसम में लगातार पानी की सप्लाई सुनिश्चित होगी। इस प्रकार रेणुका जी बांध दीर्घकालीन लाभ, दिल्ली के लिए बेहतर जल उपलब्धि, सिंचाई क्षमता में वृद्धि तथा ऊर्जा उत्पादन का मार्ग खोलता है। यह एक प्रकार से सहयोगी संघवाद तथा ढांचागत विकास का भी प्रतीक है।

केन्द्र सरकार द्वारा प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना-पीएमकेएसवाई के अंतर्गत 90 प्रतिशत लागत वहन करने की स्वीकृति के बाद परियोजना की वित्तीय बाधा दूर हुई। इससे राज्यों की ओर से आने वाला धन प्रवाह भी आसान हुआ और दिल्ली ने फौरन अपने हिस्से का 1,066 करोड़ रुपया मंजूर कर दिया। केन्द्र सरकार ने परियोजना पुनर्जीवित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उसने इसे जल शक्ति अभियान तथा जलवायु परिवर्तन पर राष्ट्रीय कार्ययोजना से भी जोड़ा जिससे बांध का महत्व रेखांकित होता है। परियोजना में तेजी से अनुमतियां मिलने, जीवन्त मध्यस्थता तथा फंडिंग की प्रतिबद्धता से राजनीतिक इच्छाशक्ति प्रकट होती है। इस परियोजना का निर्माण कार्य इस वर्ष के मध्य तक शुरू हो जाएगा तथा इसके पूरे होने का समय 2032 रखा गया है। ऐसे में समय पर क्रियान्वयन के लिए गंभीर निगरानी की जरूरत है। रेणुका जी बांध सहयोगी संघवाद का बहुत अच्छा उदाहरण है जहां केन्द्र और राज्य मिल कर चुनौतियों का सामना करते हैं।

टिकाऊ विकास के प्रतीक के रूप में रेणुका जी बांध राजनीतिक इच्छाशक्ति अंतर-राज्य सहयोग और जटिल चुनौतियों से निपटने में सामुदायिक सहयोग का भी महत्वपूर्ण स्तंभ है। हिमाचल प्रदेश को 'हरित ऊर्जा केन्द्र' के रूप में बदलने तथा दिल्ली की पानी की आवश्यकता पूरी करने वाली यह परियोजना समावेशी विकास तथा पर्यावरण संरक्षण का भी उल्लेखनीय उदाहरण है।

# हिंसा त्यागकर शांति को अपनाएं

"सच्चा परिवर्तन प्रतिशोध में नहीं, बल्कि प्रेम और शांति के दिव्य गुणों से फिर से जुड़ने में निहित है।"

**ब्रह्मकुमार निकुंज**
(लेखक, आध्यात्मिक उपदेशक हैं)



आज हम एक ऐसी दुनिया में रह रहे हैं जहां हिंसा हमारी संस्कृति बन गई है। इसे दुनिया के अलग-अलग हिस्सों में चल रहे सैकड़ों युद्धों में देखा जा सकता है या इसे ब्रह्मांड भर के शहरों और घरों में हर दिन होने वाली असंख्य हिंसक घटनाओं के माध्यम से देखा जा सकता है। तो, आखिर किस वजह से हिंसा इतनी फैल गई है, जबकि लोग इसकी कड़ी निंदा करते हैं?

हम सभी जानते हैं कि मानव सभ्यता का इतिहास हिंसा की एक महाकाव्य गाथा है, जिसमें सापेक्ष शांति के प्रसंग भी शामिल हैं। हिंसा, सूक्ष्म और स्थूल, प्रकट और गुप्त, पिछले दो सहस्राब्दियों में सत्ता के लिए मानवता की खोज की परिभाषित शक्ति रही है। साम्राज्यों का उत्थान और पतन, धार्मिक धर्मयुद्ध और सदियों से सामाजिक-राजनीतिक विद्रोह बड़े पैमाने पर हिंसा से प्रेरित थे। हिंसा मानव मानस में इतनी गहराई से समा गई है, इसका एक प्रमुख कारण यह है कि एक ओर, हम इसकी निंदा करते हैं, लेकिन दूसरी ओर हम इसे उचित ठहराते हैं या इसे उचित ठहराते हैं। 21वीं सदी में, जिसमें हम सभी जीने का दावा करते हैं, मीडिया, खासकर टेलीविजन, इंटरनेट और फिल्मों द्वारा हिंसा को चतुराई से महिमामंडित किया गया है।

एक ऐसी दुनिया जो हिंसा पर इतनी अधिक निर्भर है, इसमें कोई आश्चर्य नहीं कि इसके निवासियों के लिए रहना तेजी से खतरनाक होता जा रहा है। यह एक ज्ञात तथ्य है कि आज हिंसा राजनीतिक और सामाजिक न्याय की तलाश का साधन बन गई है। लोग भगवान के नाम पर लोगों की हत्या करते हैं और बाद में, जब धर्म के रखवाले इन हत्याओं को धर्म के रूप में उचित ठहराते हैं, जब इसका इस्तेमाल किसी नेक उद्देश्य के लिए किया जाता है। इन सबके बीच, एक सवाल यह उठता है कि



क्या कोई इतनी हिंसा को उचित ठहरा सकता है? या, क्या हिंसा कभी अधर्म को जड़ से खत्म कर सकती है?

अच्छा!!!! धर्म पर विजय पाने के लिए हमें सबसे पहले स्वयं के सच्चे धर्म को समझना होगा। हम सभी को यह समझना चाहिए कि अच्छाई या बुराई मानव आत्मा के गुण हैं और मृत्यु के बाद भी ये गुण या संस्कार अगले जन्म में चले जाते हैं। यह संस्कार व्यक्ति के अगले जन्म में उसके कर्म के अनुसार बदल सकता है या मजबूत हो सकता है। इसलिए, इसका मतलब यह है कि कोई व्यक्ति किसी बुरे व्यक्ति को मार सकता है, लेकिन उस व्यक्ति में मौजूद बुराई को नष्ट नहीं कर सकता। इसके बजाय, यह नफरत और बदले की भावना के कारण और भी बढ़ जाएगा। याद रखें!! एक बुरे काम के लिए वर्तमान या अगले जन्म में कर्म के नियम के अनुसार दंडित होना ही पड़ता है, क्योंकि एक प्राकृतिक न्याय प्रणाली है जो अचूक और शाश्वत रूप से काम करती है। इसलिए, किसी को कभी नहीं सोचना चाहिए कि अगर कोई गलत काम करके गलत का बदला लेता है, तो उसे कोई नुकसान नहीं होगा। नहीं!

सच्चाई यह है कि इस मामले में, दोनों व्यक्तियों को कुछ कष्ट सहकर अपने-अपने गलत कार्यों के लिए भुगतान करना होगा क्योंकि दूसरों के प्रति दुर्भावना से किया गया कोई भी कार्य हिंसा है और इससे कर्ता को दुख अवश्य मिलता है। इसलिए, एक व्यक्ति देश के कानूनों से बच सकता है, लेकिन उसके कर्म उसे जल्द या बाद में पकड़ लेंगे। हम सभी को धर्म शब्द के पीछे के दर्शन को समझने की जरूरत है। सही मायने में धर्म का मतलब है शांति और प्रेम जैसे शाश्वत आध्यात्मिक मूल्यों के अनुसार जीना। जब हम दूसरों के साथ प्रेम और सद्भावना बाँटते हैं तो उस व्यक्ति में भी वैसी ही भावनाएँ जागृत होती हैं।

इसके विपरीत, जब हम दूसरों से घृणा करते हैं और उन्हें नुकसान पहुँचाते हैं तो उनमें भी दुर्भावनाएँ उत्पन्न होती हैं। ईश्वर ने हमारे लिए जो संसार बनाया था वह पूरी तरह से अहिंसक और सामंजस्यपूर्ण संसार था जहां कोई बुराई नहीं थी। अच्छाई हमेशा विद्यमान रहती है; जब हम अपने वास्तविक मूल्यों से दूर होने लगते हैं तो हम नकारात्मक प्रवृत्तियों के गुलाम बन जाते हैं। हम सभी सर्वशक्तिमान की संतान हैं जो प्रेम, शांति और आनंद का सागर है, इसलिए उसके गुण हमारे भी शाश्वत गुण हैं, है न? इसीलिए सभी मनुष्य घृणा का विरोध करते हैं। वे कभी भी प्रेम या आनंद का विरोध नहीं करते। वह हमेशा सभी के प्रति दयालु और परोपकारी है, इसलिए वह हिंसा को कैसे उचित ठहरा सकता है?

और पृथ्वी पर शांति और सद्भाव वापस लाने का एकमात्र तरीका है कि हम आध्यात्मिक रूप से खुद को सशक्त बनाएं और अपने मन से सभी नकारात्मकताएं दूर करें। इससे दुनिया से हिंसा पूरी तरह से खत्म हो जाएगी और दुनिया वैसी ही शांत और शांतिपूर्ण हो जाएगी जैसी वह थी।

## आप की बात

### असंभव को संभव बनाना

**भारत** में जब नवाचार और दृढ़ इच्छाशक्ति की चर्चा होती है, तो केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी का नाम सबसे आगे चमकता है। वे एक ऐसे द्रष्टा हैं जो विचारों को वास्तविकता बनाने का साहस रखते हैं। उन्होंने एक अभूतपूर्व विचार को जन्म दिया है जो शौचालय के पानी को पुनः उपयोग कर 300 करोड़ रुपये की वार्षिक आय का सपना साकार करता है। यह प्रयास न केवल आर्थिक प्रगति की दृष्टि से नई नींव रखता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण को भी नई ऊंचाइयों पर ले जाता है। शौचालय का जल कृषि और उद्योग में पुनः उपयोग करने से नदियों और जलस्रोतों पर दबाव कम होगा, जिससे जल का संरक्षण होगा और हमारी पृथ्वी को नई सांस मिलेगी। यह वेस्ट टू वेल्थ का महान उदाहरण है, जहां गडकरी जी ने इसे साकार करने के लिए प्रभावी कार्य योजनाएं प्रस्तुत की हैं। इस नवाचार का मूल सिद्धांत है कि बुद्धिमत्ता से संसाधनों का उपयोग कर हम आत्मनिर्भरता की ऊंचाइयों को छू सकते हैं। यह एक प्रेरणा है कि नई सोच और ठोस कार्यवाही देश को कैसे अभूतपूर्व ऊंचाइयों तक ले जा सकती है। अंततः, यह पहल एक आर्थिक रणनीति से कहीं अधिक है; यह एक ऐसा दृष्टिकोण है जो बदलाव की नई कहानी लिखता है और भारत को विश्व मंच पर एक अनोखी पहचान देता है। यह स्पष्ट करता है कि जहां नवाचार और दृढ़ इच्छाशक्ति मिलती है, वहां असंभव की कोई जगह नहीं।

– **आरके जैन,** बड़वानी

### नेताजी बोस का योगदान

**भारत** की स्वतंत्रता की लड़ाई में महात्मा गांधी और पंडित नेहरू के नेतृत्व में अहिंसक आंदोलन की भूमिका को अक्सर महत्व दिया जाता है, लेकिन क्या यह सचमुच ऐसा है? क्या सुभाष चंद्र बोस की भारतीय राष्ट्रीय सेना का प्रभाव भी इसमें महत्वपूर्ण था? इस सवाल का जवाब ढूंढने के लिए हमें इतिहास के पन्नों को पलटना होगा। नेताजी सुभाष चंद्र बोस की फाइलों को सार्वजनिक किए जाने से आधुनिक भारतीय इतिहास को फिर से लिखने की आवश्यकता पर एक बड़ी बहस छिड़ गई है। नेताजी के विद्वान जनरल जीडी बख्शी की अभी तक प्रकाशित न हुई किताब में क्लेमेंट एटली के साथ बातचीत प्रकाशित की गई है। इन बातचीत में तत्कालीन ब्रिटिश प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा था कि भारत को स्वतंत्रता दिलाने में नेताजी की सेना की भूमिका सर्वोपरि थी, जबकि अहिंसक आंदोलन की भूमिका को न्यूनतम बताया गया था। सुभाष चंद्र बोस की भारतीय राष्ट्रीय सेना ने द्वितीय विश्वयुद्ध के दौरान अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने जापान के सहयोग से आजाद हिंद फौज का गठन किया था। उनके द्वारा दिया गया जय हिंद का नारा भारत का राष्ट्रीय नारा बन गया है। तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा का नारा भी उनका था। लेकिन क्लेमेंट एटली के बयान से यह स्पष्ट होता है कि सुभाष चंद्र बोस की भारतीय राष्ट्रीय सेना का प्रभाव भी इसमें महत्वपूर्ण था।

– **विभुक्ति बुपक्या,** खाचरोद, मप्र

### रहस्यमय बीमारी

**वर्तमान** परिदृश्य में हम आधुनिकरण और तकनीकी युग में तो कल रहें है पर कुछ पहलू चुनौती बनकर उभरते हैं। विगत समय से जम्मू कश्मीर में रहस्यमय बीमारी खोफ पैदा करने में पीछे नहीं हैं। जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले के बधाल गांव में रहस्यमय बीमारी पैर पसार कर खौफनाफ मंजर भरा माहौल निर्मित कर रही है। इस बीमारी से 7 दिसम्बर 2024 से अब तक गांव के तीन परिवारों में 17 मौत हों चुकी है। जो दुःख दर्द की प्रकाष्ठा को तो पार करती हैं , साथ ही चिंतनीय भी है। की आखिर ऐसी कोन सी बीमारी है जो इतने कम समय में 17 लोगों को गिल गई। और तो और सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा और इन परिवारों में नए 4 मरीज और मिले। गांव में सनसनी सी फैल गई की क्या रहस्य है , कोन सी बीमारी है। संदेह जताने वाली बात यह लग रही की जिन 17 लोगों की मौत हुई उनकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट में न्यूरोटाक्सिन जहर की पुष्टि हुई। इस रहस्यवाली बीमारी से खोफ का माहोल हे साथ ही केंद्र सरकार द्वारा भेजे गए 16 विशेषज्ञों के अलावा कई संस्थानों के बड़े डॉक्टर बीमारी का कारण जानने के लिए रातदिन जुटे हैं। ईस बीमारी से दिमाग और नर्वस सिस्टम डैमेज हों रहा है। कुछ भी हो उन परिवारों पर क्या बीत रही होगी जिन्होंने इतने कम समय में इतने लोगों को खो दिया। स्वाभाविक है गांव में रहस्यमय मौत का मंजर चल रहा और लोग सहमे सहमे हैं।

– **योगेश जोशी**, बड़वाह, मप्र

### नकदी वितरण अनुचित

**चुनावी** आश्वासन हो अथवा राज्य की योजनाएं, जाति विशेष के विद्यार्थियों के लिए हो अथवा पन्थ मजहब के आधार पर, महिलाओं को अथवा किसानों को ... किसी को भी किसी भी आधार पर नकद राशि खाते में देना न तो समाज कल्याण है न ही राष्ट्र कल्याण अपितु भ्रष्टाचार का एक वीभत्स रूप है जो अपने देश के राजनीतिक दलों द्वारा सामाजिक न्याय के नाम पर सतत बढ़ता जा रहा है और इससे बढ़ रहा है सामाजिक विखंडन, विद्वेष और राष्ट्रीय असुरक्षा । समाज का कोई वर्ग यदि वंचित है तो उसको उसकी आवश्यकता पूर्ति का दायित्व केवल राज्य का ही नहीं शेष समाज का भी है और हिन्दू समाज में ऐसी अपार संभावना है। राज्य को सभी के प्रति समानता का व्यवहार करना ही उचित है अर्थात यदि राज्य के पास कोई अतिरिक्त मुद्रा कोष ऐसा है जिसके वितरण से राज्य को कोई वित्तीय हानि न हो तो उसका वितरण सभी के लिए समान रूप से होना चाहिए । एक और विकृति का अन्त अपेक्षित है वह है किसी भी संसाधन को निःशुल्क उपलब्ध करवाना । इस पर तुरन्त विराम नहीं लगा तो न केवल वित्तीय वरन सामाजिक समरसता के लिए भी यह अत्यन्त घातक सिद्ध होगा ।

– **डॉ जय प्रकाश** , अंबाला छावनी

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

# नेताजी का जीवन साहस, निष्ठा और निस्वार्थ सेवा की मिसाल: मुख्यमंत्री

● सीएम योगी ने पराक्रम दिवस पर सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा पर किया माल्यार्पण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर परिवर्तन चौक स्थित उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने नेताजी के देश के प्रति योगदान को स्मरण करते हुए कहा कि भारत माता के महान सपूत और स्वतंत्रता संग्राम के महानायक नेताजी सुभाष चंद्र बोस का जीवन साहस, निष्ठा और निस्वार्थ सेवा की मिसाल है। मुख्यमंत्री ने नेताजी के जीवन, व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने स्वतंत्रता संग्राम को नई दिशा दी। उन्होंने भारतवासियों के दिलों में देशभक्ति की ऐसी अलख जगाई, जिसे भुलाया नहीं जा सकता। उनका नारा 'तुम मुझे खून दो, मैं तुम्हें आजादी दूंगा' आज भी हर भारतवासी के लिए प्रेरणा स्रोत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज हम नेताजी की पावन जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मना रहे हैं। भारत माता के इस महान सपूत ने अपने व्यक्तित्व और कृतित्व से आजादी के आंदोलन को नई दिशा दी। नेताजी का नाम हर भारतवासी के लिए गर्व और प्रेरणा का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2021 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नेताजी के योगदान को सम्मानित करते हुए 23 जनवरी को 'पराक्रम दिवस' के रूप में मनाने का निर्णय लिया। यह निर्णय नेताजी के प्रति देश की कृतज्ञता का प्रतीक है। सीएम योगी ने कहा कि नेताजी ने अपने जीवन के सबसे प्रतिष्ठित समय में सिविल सेवा की नौकरी को त्याग दिया, क्योंकि वह विदेशी हुकूमत के अधीन कार्य करना नहीं चाहते थे। यह कदम न केवल उनके देशप्रेम का परिचायक था, बल्कि युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत भी बना। उन्होंने कहा कि नेताजी ने अपने जीवन में कभी भी साधनों की कमी को बाधा नहीं बनने दिया। नेताजी के नारे और विचारों ने युवाओं को स्वतंत्रता संग्राम में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। उनके नारे ने युवाओं के भीतर देशभक्ति का ऐसा जादू फैलाया कि ब्रिटिश हुकूमत को उन्हें नजरबंद करना पड़ा, लेकिन उनकी नजरबंदी भी आजादी के प्रति उनके जुनून को नहीं रोक सकी। नेताजी ने जर्मनी, जापान और अन्य देशों में जाकर भारत की आजादी के लिए समर्थन जुटाया।सीएम योगी ने युवाओं को राष्ट्रधर्म का महत्व समझाते हुए कहा कि हर नागरिक को जाति, मजहब, भाषा और क्षेत्रीय सीमाओं से ऊपर उठकर राष्ट्रधर्म को सर्वोपरि मानना चाहिए। नेताजी का जीवन हमें सिखाता है कि राष्ट्र के प्रति निष्ठा और समर्पण सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे अपने करियर से आगे बढ़कर देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी समझें। नेताजी के साहस और निष्ठा को याद करते हुए सीएम योगी ने कहा कि उनका व्यक्तित्व युवाओं को न केवल प्रेरित करता है, बल्कि यह सिखाता है कि चुनौतियों से कैसे निपटा जाए। नेताजी का हर कदम युवाओं के लिए एक संदेश था। उन्होंने अपने समय के युवाओं के साथ मिलकर न केवल स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया, बल्कि देश को सामाजिक समस्याओं से लड़ने का भी मार्ग दिखाया। मुख्यमंत्री ने कहा कि नेताजी का संदेश आज भी उतना ही प्रासंगिक है, जितना स्वतंत्रता संग्राम के समय था। उन्होंने युवाओं से नेताजी के आदर्शों को अपनाने और राष्ट्र निर्माण में योगदान देने की अपील की। उन्होंने कहा कि नेताजी का जीवन हमें सिखाता है कि देश के प्रति निष्ठा और सेवा भाव से बड़ी कोई चीज नहीं है। सीएम योगी ने कहा कि युवा पखवाड़ा मनाने में स्वामी विवेकानंद की पावन जयंती से लेकर नेताजी सुभाष चंद्र बोस की पावन जयंती तक यह पूरा कार्यक्रम युवाओं को नई प्रेरणा देता है। जाति, मत, मजहब, क्षेत्र और भाषा से ऊपर उठकर के हर नागरिक का एक ही धर्म होना चाहिए-वह राष्ट्रधर्म है और राष्ट्र धर्म के प्रति पूरे समर्पण भाव के साथ कार्य करने की प्रेरणा नेताजी सुभाष चंद्र बोस का महान व्यक्तित्व हम सभी को प्रदान करता है। इस अवसर पर महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, अमरेश कुमार, विधान परिषद सदस्य इंजी. अवनीश सिंह, रामचंद्र प्रधान, अंगद सिंह, लालजी प्रसाद निर्मल आदि उपस्थित रहे।

## उप राष्ट्रपति आज शहर में, छह लोगों को करेंगे उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान से सम्मानित

● 24 से 26 जनवरी तक अवध शिल्पग्राम में मनाया जाएगा उत्तर प्रदेश का स्थापना दिवस

● राज्यपाल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रहेंगे मौजूद



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के स्थापना दिवस का आयोजन 24 से 26 जनवरी तक अवधशिल्प ग्राम में होगा। इसके साथ ही महाकुम्भ के सेक्टर-7, नोएडा शिल्पग्राम समेत सभी 75 जनपदों में भी विविध आयोजन होंगे। लखनऊ में होने वाले मुख्य महोत्सव में उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़, राज्यपाल आनंदी बेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद रहेंगे। स्थापना दिवस की थीम 'विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश' है। इस बार छह लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान प्रदान किया जाएगा।

लोकभवन सभागार में मीडिया से मुखातिब संस्कृति व पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश दिवस-2025 के आयोजन की थीम 'विकास व विरासत प्रगति पथ पर उत्तर प्रदेश' रखी गई है। सभी विभागों द्वारा उसी थीम पर प्रदर्शनी, संगोष्ठी, सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम, प्रतियोगिता, रोड शो आदि होंगे। 24 जनवरी को उत्तर प्रदेश दिवस, 25 जनवरी को राष्ट्रीय पर्यटन दिवस-मतदाता जागरूकता दिवस व 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस का धूमधाम से आयोजन होगा। विरासत व विकास पर अलग-अलग प्रदर्शनी लगाई जाएगी। विरासत पर लगाई गई प्रदर्शनी में पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी के शताब्दी वर्ष पर उनके जीवन प्रसंग आदि से दर्शक अवगत हो सकेंगे। इसके अलावा भगवान बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती, सरदार वल्लभ भाई पटेल, हमारा संविधान व हमारा स्वाभिमान आदि पर प्रदर्शनी लगाई जाएगी। इसके साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा सफल प्रतिभाओं को भी सम्मानित किया जाएगा। साथ ही 75 जनपदों के ओडीओपी, कला शिल्प की प्रदर्शनी, फूड कोर्ट में विभिन्न अंचलों का स्वाद ले सकेंगे। राष्ट्रीय पर्यटन दिवस पर 25 जनवरी को विभाग की तरफ से युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों द्वारा पेंटिंग, रील्स, पर्यटन प्रदर्शनी आदि लगाई जाएगी। आध्यात्मिक व सांस्कृतिक पर्यटन पर आधारित लघु फिल्म व युवा पर्यटन क्लब के सदस्यों की गतिविधियों पर आधारित लघु फिल्म प्रस्तुत की जाएगी। 26 जनवरी को संस्कृति, कला जगत से जुड़ी हस्तियों को राजभवन में सम्मानित किया जाएगा।

### इन छह लोगों को मिलेगा उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान

**विभिन्न** विधाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले छह लोगों को उत्तर प्रदेश गौरव सम्मान मिलेगा। इन्हें पुरस्कार स्वरूप 11 लाख रुपये, प्रशस्ति पत्र व अंगवस्त्र प्रदान किया जाएगा। यह सम्मान वाराणसी के कृष्णकांत शुक्ल (भौतिक विज्ञान, संगीतकार, कवि), वृंदावन मथुरा के (उद्यमी-पर्यावरणविद) हिमांशु गुप्ता, कानपुर के मनीष वर्मा (कृषि-दलित उद्यमी), बुलंदशहर की कृष्णा यादव (महिला उद्यमी), बुलंदशहर के ही कर्नल सुभाष देशवाल (कृषि-उद्यम) व बहराइच के डॉ जय सिंह (केला उत्पादन) को मिलेगा।

## मंडी परिषद के नवनियुक्त निदेशक ने संभाला कार्यभार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश राज्य मंडी परिषद के नवनियुक्त निदेशक इन्द्र विक्रम सिंह ने गुरुवार को अपने पद का कार्यभार ग्रहण किया। कार्यभार संभालने के उपरांत उन्होंने मंडी परिषद मुख्यालय में विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर निदेशक इन्द्र विक्रम सिंह ने कहा कि राज्य मंडी परिषद की कृषि क्षेत्र के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने विभाग की प्राथमिकताओं और लक्ष्यों को रेखांकित करते हुए कहा कि किसानों की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करना और मंडियों के संचालन को अधिक पारदर्शी एवं प्रभावी बनाना उनकी प्राथमिकता होगी। शिष्टाचार भेंट के दौरान, विभागीय अधिकारियों ने उनका स्वागत किया और विभाग के विभिन्न कार्यों एवं योजनाओं की जानकारी दी। निदेशक ने कहा कि विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों के सहयोग से मंडी परिषद के कार्यों में नए आयाम स्थापित किए जाएंगे। इस दौरान मंडी परिषद के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## वन मंत्री ने वन्य जीव रेस्क्यू आपरेशन रहमानखेड़ा संस्थान का निरीक्षण किया

● बाघ को सुरक्षित पकड़ने के लिए चिकित्सकों की टीम निरन्तर निगरानी में रहेगी: डॉ. अरुण कुमार सक्सेना



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश के पर्यावरण, वन, जन्तु उद्यान एवं जलवायु परितवर्तन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार), डॉ. अरूण कुमार सक्सेना द्वारा प्रातः 10:00 बजे बाघ, वन्य जीव रेस्क्यू आपरेशन रहमानखेड़ा संस्थान, लखनऊ का निरीक्षण किया गया। उन्होंने निरीक्षण के दौरान बाघ, वन्य जीव रेस्क्यू आपरेशन में स्थापित मचान, ट्रैपिंग केज, कैमरा ट्रैप, लाइव सीसीटीवी कैमरा आदि का निरीक्षण किया एवं वन विभाग द्वारा सीआईएसएच कैम्पस में बने कमाण्ड सेण्टर और कन्ट्रोल रूम का भी अवलोकन किया गया। वन मंत्री ने बाघ रेस्क्यू आपरेशन की टीम को निर्देश दिए गए कि मानव-वन्य जीव संघर्ष की स्थिति न उत्पन्न होने पाए। इस हेतु जन-जागरूकता कार्यक्रम को और अधिक मजबूती प्रदान की जाए। बाघ को सुरक्षित पकड़ने हेतु मचान व डॉक्टर्स की टीम द्वारा निरन्तर निगरानी की जाए। उन्होंने कहा कि वन विभाग द्वारा बनाए गए पोर्टेबल मचान एवं ओपन बेट की प्रक्रिया की सराहना करते हुए बाघ वन्य जीव को सुरक्षित रेस्क्यू करने हेतु निर्देशित किया। वन मंत्री ने प्रभावित गांवो में समस्त जन-मानस से आग्रह किया गया कि सभी लोग बाघ मित्र बनकर वन विभाग की टीम को सहयोग प्रदान करें और वन विभाग द्वारा लगाये गए बैनर, होर्डिंग्स, पम्पलेट में दिये गये निर्देशों का पालन करें। उन्होंने कहा बाघ के संबंध यदि कोई सूचना प्राप्त होती है तो बैनर, होर्डिंग्स, पम्पलेट में दिए गए नम्बरों पर तत्काल सूचित करें। वन मंत्री के निरीक्षण दौरान अनुराधा वेमुरी, प्रधान मुख्य वन संरक्षक, वन्य जीव, उप्र एवं डॉ. रेणु सिंह, अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक, लखनऊ मण्डल, आकाशदीप बधावन, डीएफओ, बाराबंकी तथा सितान्शु पाण्डेय, डीएफओ, लखनऊ सहित बाघ रेस्क्यू आपरेशन के नोडल अधिकारी, चन्दन चौधरी, उप प्रभागीय वनाधिकारी, मोहनलालगंज सहित उप प्रभागीय वनाधिकारी, लखनऊ हरी लाल व बाघ रेस्क्यू आपरेशन में लगे सभी टीम लीडर उपस्थित रहे।

## कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धापूर्वक मनाई गई नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**भारतीय** स्वतन्त्रता संग्राम के अग्रणी रहे नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने उनके चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इस मौके पर अजय राय ने कहा की नेताजी सुभाष चंद्र बोस का देश की आजादी में बहुत महत्वपूर्ण अप्रतिम योगदान है,उन्होंने देश की आजादी के लिए तत्कालीन सबसे बड़ी आईसीएस की नौकरी छोड़ी, उसके बाद भारत माता को गुलामी की बेड़ियों से आजाद कराने के लिए कई देशों से संबंध बनाकर आईएनए का निर्माण किया, नेताजी सुभाष चंद्र के योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता। आज भारतीय जनता पार्टी के लोग पंडित नेहरू और नेताजी सुभाष चंद्र बोस के संबंधों पर सवाल खड़ा करते हैं वह दूसरों के घरों में ताक झांक करते हैं, क्योंकि उनके किसी भी नेता का आजादी की लड़ाई में कोई योगदान नहीं रहा,नेताजी सुभाष चंद्र बोस ही थे जिन्होंने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को महात्मा के नाम से सम्बोधित किया था। अजय राय ने कहा की नेताजी और पंडित नेहरू के संबंध का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि आईएनए में एक विंग का नाम नेहरू ब्रिगेड था, देश की आजादी के बाद जब पंडित जवाहरलाल नेहरू देश के पहले प्रधानमंत्री बने उन्होंने देश के सर्वोच्च लोकतंत्र के मंदिर संसद में नेताजी की 59 फिट की प्रतिमा स्थापित की और इसका अनावरण किया।

इस मौके पर कांग्रेस सांसद उज्जवल रमण सिंह, पूर्व एमएलसी दीपक सिंह, निवर्तमान प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रभारी प्रशासन दिनेश कुमार सिंह, ललन कुमार, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, बृजेन्द्र सिंह, सचिन रावत आदि ने भी नेताजी सुभाषचन्द्र बोस को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

## गणतंत्र दिवस समारोह में यूपी की 13 लखपति दीदियां बनेगीं प्रेरणा की मिसाल

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**गणतंत्र** दिवस के शुभ अवसर पर कर्तव्य पथ पर उत्तर प्रदेश की 13 लखपति दीदियां भारत की सांस्कृतिक विविधता और सैन्य कौशल के भव्य प्रदर्शन की साक्षी बनेंगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी समेत देशभर के विशिष्ट गणमान्य व्यक्तियों के साथ ये दीदियां भी इस ऐतिहासिक समारोह का हिस्सा होंगी। कठिन परिस्थितियों से संघर्ष करते हुए अपने जीवन को आर्थिक स्वतंत्रता और आत्मनिर्भरता की मिसाल बनाने वाली योगी सरकार की इन विशेष महिलाओं को केंद्र सरकार ने इस आयोजन में विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया है। इस वर्ष कार्यक्रम के लिए देशभर से 34 श्रेणियों में 10,000 विशेष अतिथियों को आमंत्रित किया गया है। यूपी की ये 13 लखपति दीदियां अलग-अलग पृष्ठभूमियों से आती हैं, लेकिन एक समानता यह है कि सभी ने विपरीत परिस्थितियों में अपनी मेहनत और संकल्प के दम पर सफलता हासिल की।

सोनभद्र जिले की विनीता ने अपने परिवार की आय बढ़ाने के लिए डेयरी उद्योग का सहारा लिया। उन्होंने अपने समूह के सहयोग से 40 गायों का पालन करते हुए प्रतिदिन 10,000-12,000 रुपये का दूध बेचकर अपने परिवार को स्थिर आर्थिक स्थिति में पहुंचाया। गौतम बुद्ध नगर की सीमा ने दादरी के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्रेरणा कैंटीन की शुरुआत की और अब हर महीने 36,000-40,000 रुपये कमा रही हैं। वहीं, सरस्वती ने सैनिटरी नेपकिन और अचार निर्माण का कार्य शुरू किया और बैंक सखी के रूप में भी अपनी सेवाएं देकर 37,000 रुपये की मासिक आय अर्जित की।

## महाकुंभ के लिए आवंटित बजट में भ्रष्टाचार किया गया: उज्जवल रमण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय और प्रयागराज से कांग्रेस सांसद उज्जवल रमण सिंह ने प्रेसवार्ता कर उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ की भाजपा सरकार पर महाकुंभ में श्रद्धालुओं और साधु संतों के लिए इंतजामों में बरती जा रही उदासीनता और महाकुंभ की आधी अधूरी तैयारी पर सवाल खड़ा किया है। सांसद उज्जवल रमण सिंह ने सरकार और अधिकारियों द्वारा साधु संतों और श्रद्धालुओं की अनदेखी का आरोप लगाते हुए कहा कि सरकार और पूरा अधिकारी तंत्र सिर्फ वी.आई.पी. लोगों की मेहमान नवाजी और फोटो खिंचवाने में लगा हुआ है, जिस वजह से आम श्रद्धालु भारी असुविधा का सामना कर रहे हैं। प्रेस वार्ता में प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने सरकार द्वारा महाकुंभ के नाम पर आवंटित बजट में भ्रष्टाचार का आरोप लगाया और महाकुंभ के बाद इसे तथ्यों और आंकड़ों के साथ उजागर करने की बात कही। अजय राय एवं उज्जवल रमण सिंह के साथ प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से मीडिया वाइस चेयरमैन डॉ मनीष श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी, प्रियंका गुप्ता, सचिन रावत, सुधा मिश्रा एवं सेवादल के प्रदेश संगठन प्रमोद पांडे उपस्थित रहे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा महाकुंभ के नाम पर बड़े स्तर की तैयारी का दावा करके सरकार सभी को भ्रमित करने का काम कर रही है, कैबिनेट बैठक पर सवाल करते हुए अजय राय ने कहा कि आस्था और अध्यात्म के पावन महासंगम स्थल पर कैबिनेट का ड्रामा कर प्रदेश सरकार ने महाकुंभ को ईवेंट बना दिया है। सांसद उज्जवल रमण सिंह ने सरकार को भ्रष्टाचार पर घेरते हुए कहा भ्रष्टाचार की नींव तो बहुत पहले से ही डाल दी गई थी जब 200 करोड़ के साल की लड़की जो पीपे के पुल बनाने में स्लीपर का काम करते हैं उसकी हमेशा सप्लाई राज्य सरकारो के वन विभागों करायी जाती थी, जो कि अबकी निजी कई फर्मों में अवैध एवं गैर कानूनी तरह से बांट दिया गया। जिसका नतीजा हुआ समय से स्लीपर की सप्लाई नहीं हो पाई और हुये भी वो रद्दी क्वालिटी के जिससें शुरुआत में बनते ही टूट गये। उज्जवल रमण सिंह ने कहा कि 2019 के कुंभ में भाजपा सरकार द्वारा कहा गया था कि कि महाकुंभ 2025 तक मेट्रो चलने लगेगी लेकिन मेट्रो का अता पता नही है, गंगा नदी पर छह लेन पुल कुम्भ से पहले बनकर तैयार हो जाएगा, यह घोषणा हुआ था पर वो भी अधूरा रह गया जिसका खामियाजा राजकीय कोष पर पड़ा। जब 60 करोड़ से स्टील ब्रिज का निर्माण हुआ उसी स्थान पर सिर्फ 60 दिन के लिए इस नुकसान का जिम्मेदार कौन हैं और जबाब देही किसकी है? सांसद ने महाकुंभ की तैयारियों पर सवाल खड़ा करते हुए कहा कि सड़क निर्माण भी भ्रष्टाचार के भेंट चढ़ गया। हर कुम्भ में मोहल्लों की गली नाली तक बनती थीं इस बार तो मुख्य सड़क व चौराहे को भी नहीं छुआ गया, सरकार की बदइंतजामी की वजह से लोग 20 -20 किलोमीटर पैदल चल कर परेशान हो रहे हैं,हालत ये है कि तीर्थ पुरोहित, कल्पवासियों की सुविधाओं में कटौती कर दी गई है, तीर्थ पुरोहितों को संगम से दूर पूजा स्थल आवंटित किया गया है।

## भाजपा सरकार झूठ और लूट की नीति पर चल रही: अखिलेश यादव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा झूठी पार्टी है। भाजपा की सरकार झूठ और लूट की नीति पर चल रही है। झूठे वादे और हर विभाग हर योजना में लूट करना ही इनका काम है।

सपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा की केन्द्र प्रदेश सरकार ने झूठ बोलकर हर वर्ग और जनता को ठगने का काम किया। किसानों, नौजवानों, छात्रों, व्यापारियों से झूठे वादे किए। कोई भी वादा पूरा नहीं किया। अब फिर प्रदेश की जनता को नए-नए झूठे सपने दिखाना शुरू कर दिए गए हैं। भाजपा सरकार की गलत नीतियों के चलते दस सालों में किसानों की आय दोगुना नही हुई उल्टे उनकी आय दिनों दिन घटती जा रही है।


अखिलेश ने कहा कि किसानों को उनकी फसलों का लागत मूल्य भी नहीं मिल रहा है। गन्ना किसानों का चीनी मिलों पर बकाया बढ़ता जा रहा है। भाजपा सरकार लगातार किसान विरोधी कार्य कर रही है। इस वर्ष अभी तक गन्ना मूल्य की घोषणा नहीं हुई। भाजपा सरकार ने प्रदेश की जनता को लाखों करोड़ निवेश और लाखों नौकरियों के सपने दिखाये। बड़े-बड़े इनवेस्टर मीट हुए। इनमें



देश के बड़े उद्योगपति और प्रधानमंत्री जी केन्द्रीय मंत्री और राष्ट्रपति तक आये लेकिन कोई निवेश जमीन पर नहीं दिखाई दे रहा है। किसी भी जिले में फैक्टरी और कम्पनी लगती नहीं दिख रही है। न तो भाजपा सरकार निवेश ला पायी और न नौजवानों को नौकरी रोजगार दे पायी बल्कि इनकी गलत नीतियों, प्रताड़ना और उगाही से कानपुर, लखनऊ समेत प्रदेश के बड़े व्यवसायी अपना कारोबार बंद कर बाहर चले जा रहे है। कारोबार बाहर जाने से उत्तर प्रदेश में बेरोजगारी और बढ़ेगी। इस सरकार में प्रदेश में एक भी विकास का ऐसा कार्य नहीं किया जिसे जनता के बीच बता सके। उन्होंने कहा कि अब इस सरकार के दिन गिने चुने रह गए है तो फिर से जनता को भ्रमित करने के लिए ऐसी तमाम झूठी घोषणाएं शुरू हो गयी है जिनके लिए कोई बजट नहीं है। जनता समझ गयी है। भाजपा बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और भ्रष्टाचार, ध्वस्त कानून व्यवस्था से ध्यान हटाने के लिए तरह-तरह का प्रोपगैंडा करने को अपनी उपलब्धि मानती है और जनता को भ्रमित कर रही है।

## फ्राड के लिए चीनी नागरिकों को भारतीयों के बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ


**एसटीएफ** ने संगठित गिरोह बनाकर चीनी नागरिकों को गेमिंग, ट्रेडिंग, लोनिंग ऐप एवं डिजिटल अरेस्ट द्वारा धोखाधड़ी एवं अन्य अवैध गतिविधियों के लिए भारतीय नागरिकों के बैंक खाते उपलब्ध कराने वाले गिरोह का खुलासा किया। एसटीएफ ने गिरोह के तीन अभियुक्तों को नोएडा से गिरफ्तार किया। पकड़े गए अभियुक्तों में नवरत्न सिंह खुराल उर्फ रोबी निवासी टीपी-13, शुभ टेनामेन्ट, थाना फतेहगंज, जनपद बड़ोदरा, गुजरात, तनवीर निवासी ग्राम परतापुर, थाना बीबीनगर, जनपद बुलन्दशहर और शाकिब शेख निवासी ग्राम चोपडा, थाना जलगांव,जनपद जलगांव, महाराष्ट्र शामिल हैं। शाकिब वर्तमान में गोसिया मस्जिद के पास, शाहीन बाग, दिल्ली में रह रहा था।

गिरफ्तार अभियुक्त नवरत्न सिंह खुराल ने पूछताछ पर बताया कि उसने बीटेक/ सिविल इंजीनियरिंग किया है। उसने वर्ष 2016-17 में एक प्राइवेट कम्पनी में जॉब किया था, उसके बाद अपनी कन्सट्रक्शन कम्पनी खोलकर सामुदायिक शौचालय बनाने का काम प्रारम्भ कर दिया था। इसके बाद फेसबुक पर यूएसडीटी सम्बन्धित विज्ञापन देखकर उनमें रूचि लेने लगा और इसी दौरान उसकी मुलाकात टेलीग्राम ऐप के माध्यम से डीकेके, मैगी, हू जियांग, केटीएम नामक चायनीज व्यक्ति से होने लगी। इनके बाद इनमे बातचीत होना प्रारम्भ हो गयी और चायनीज व्यक्तियों ने उसको भारतीय नागरिकों से अवैध रूप से धन प्राप्त करने के सम्बन्ध में बताया। तभी से वह भारतीय नागरिकों के साथ धोखाधड़ी कर रहा है। पूछताछ में उसने बताया कि ये चायनीज नागरिक नेपाल में रहकर अवैध गतिविधियों संचालित कर रहे हैं। जानकारी करने पर विदित हुआ है कि अभियुक्त नवरत्न सिंह खुराल का एक दोस्त सिद्वार्थ है, जो लखनऊ में रहता है और सिद्वार्थ के माध्यम से ही अभियुक्त नवरत्न सिंह खुराल सिंह की मुलाकात अभियुक्त तनवीर से हुई थी। इसके अलावा अभियुक्त शाकिब की मुलाकात अभियुक्त नवरत्न सिंह खुराल से चीनी नागरिक द्वारा टेलीग्राम ऐप पर कराई गयी थी। उल्लेखनीय है कि ठगी के इस कार्य के लिए चायनीज व्यक्तियों को भारतीय नागरिकों के बैंक खातों की आवश्यकता होती है, जिनमें धोखाधडी से प्राप्त किए गए धन को ट्रान्सफर किया जाता है। गिरफ्तार किए गए तीनों व्यक्तियों द्वारा अन्तरष्ट्रीय लेनदेन में फेमा व अन्य वित्तीय नियमो से बचने के लिए यह लोग यूएसडीटी क्रिप्टों करेंसी के माध्यम से हवाला के जरिये भारतीय सुरक्षा एजेन्सियों की नजरों से बच कर धन का आदान प्रदान करते हैं। इसी प्रक्रिया में अभियुक्त नवरत्न सिंह खुराल को अभियुक्त तनवीर और शाकिब द्वारा भारतीय नागरिकों के बैंक खाते एवं उनकी समस्त जानकारी (जैसे खाते की चैक बुक, पैनकार्ड, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड एवं खाते में दर्ज कराये गये मोबाइल नम्बर आदि) उपलब्ध कराये जाते हैं, जिनको अभियुक्त नवरत्न सिंह खुराल, चीनी नागरिकों को भेज देता है, जो नेपाल और थाईलैण्ड में बैठकर भारतीय नागरिकों से फ्रॉड करके धन की प्राप्ति करते हैं।

# भारत-नेपाल सीमा के निकट स्थित तीन पीएचसी व एक उपकेंद्र का सीएमओ ने किया औचक निरीक्षण

● सराहनीय कार्य के लिए एमओ डॉ. फ़राज़ की हुई सराहना तो अनुपस्थित कर्मचारियों का रोका वेतन



**लखीमपुर खीरी।** गुरुवार की सुबह 10 बजे सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता मुख्यालय से लगभग 100 किलोमीटर दूर भारत नेपाल सीमा के निकट स्थित पीएचसी संपूर्णानगर पहुंच गए। इसके बाद उन्होंने पीएचसी खजुरिया, सबसेंटर खजुरिया और पीएचसी त्रिकोलिया का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान चार कर्मचारी अनुपस्थित मिले, वहीं त्रिकोलिया पीएचसी पर तैनात एमओ डॉ फ़राज़ की उनके अच्छे काम के लिए सराहना की।

सीएमओ डॉ संतोष गुप्ता ने बताया कि भारत नेपाल सीमा से लगी खीरी जिले की सीमाओं पर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के उद्देश्य से लगातार कार्य किया जा रहा है। इन्हीं के निरीक्षण को लेकर वह गुरुवार को सुबह प्रात: 10 बजे पीएचसी संपूर्णानगर पहुंचे, जहां पर चार माह में सिर्फ 12 प्रसव ही कराए ग, थे। इसे देखकर उन्होंने वहां पर सुविधाओ में और अधिक सुधार के निर्देश दिए, जिससे स्थानीय लोग पीएचसी पर प्रसव को प्राथमिकता दें। पीएचसी खजुरिया में वार्ड बॉय अखिलेश और स्वीपर राकेश कुमार अनुपस्थित मिलेए एमओ डॉ यूबी मौर्य और सीएचओ अपना कार्य करते हुए पाए गए। इसके बाद वह उपकेंद्र खजुरिया पहुंचे जहां पर एएनएम द्वारा शासन के निर्देश पर गुरुवार को आयोजित होने वाले क्लीनिक का संचालन किया जा रहा था। पीएचसी त्रिकोलिया में स्टाफनर्स राजवंत कौर उपस्थित मिलीए परंतु निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि वह अनियमित रहती हैंए उन्हें इसमें सुधार के निर्देश दिए गए। इसी के साथ सीएचओ प्रीति यादव और फार्मासिस्ट सचिन भी अनुपस्थित मिले। अनुपस्थित समस्त कर्मचारियों के एक दिन के वेतन को रोकने के साथ कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। पीएचसी त्रिकोलिया पर तैनात एमओ डॉ फ़राज़ के अच्छे कार्य के लिए सीएमओ द्वारा सराहना की गई। इसी दौरान यह भी पाया गया कि पलिया. संपूर्णानगर मार्ग से त्रिकोलिया पीएचसी जाने वाले मार्ग को बनवाने की आवश्यकता है। इसे लेकर उन्होंने पीएचसी प्रभारी से स्थानीय अधिकारियों से वार्ता कर मार्ग बनवाने के लिए अनुरोध करने के निर्देश दिए हैं। इसी के साथ सीएचसी पलिया अधीक्षक को भी भ्रमण कर सुविधाओं का निरीक्षण करने के निर्देश दिए हैं।

## दो सौ सात जोड़ो ने एक दूजे के बरमाला डालकर जीवन साथी चुना

**राठ ( हमीरपुर )।** कस्बे के पनवाड़ी मार्ग स्थित स्वामी ब्रह्मानंद इंटर कालेज के क्रीड़ा स्थल पर समाज कल्याण विभाग जिला प्रशासन के तत्वावधान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह सम्मेलन आयोजित किया गया। सामुहिक विवाह सम्मेलन में 207 जोड़ों ने एक दूजे को वरमाला डाल अपना जीवन साथी चुना। कार्यक्रम में विधायक मनीषा अनुरागी ने दीप प्रज्ज्वलित कर विवाह सम्मेलन की शुरुआत की। सभी अतिथियों ने नवविवाहित वर.वधू को उनके सुखद जीवन के लिए आर्शीवाद देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की। जोड़ों को प्रमाण पत्र अतिथियों द्वारा वितरित किया गया इस मौके पर नवविवाहित जोड़ो को अतिथियों ने पुष्प वर्षा कर आशीर्वाद दिया गया। इस दौरान विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के अंतर्गत गरीब परिवार की पुत्रियों का विवाह कराया जाता है।

# अनुदान पर कृषि यंत्रों प्राप्त करने हेतु कृषक करें 4 फरवरी 2025 तक ऑनलाइन बुकिंग

**कानपुर देहात।** डीएम आलोक सिंह के निर्देशों के क्रम में उप कृषि निदेशकए राम बचन राम द्वारा अवगत कराया गया कि कृषि विभाग द्वारा संचालित कृषि यंत्रीकरणध्कृषि रक्षा उपकरण की समस्त योजनाओं वित्तीय वर्ष 2024.25 अन्तर्गत रोटावेटर, चेप कटर, मल्टीक्राप थ्रेसर, लेजर लैण्ड लेवलरए स्ट्रा रीपर, मेज सेलर (मक्का थ्रेसर), मिनी राइस मिल, हैरो, कल्टीवेटर, कम्बाइ हार्वेस्टर, कस्टम हारयिंग सेन्टर, फार्म मशीनरी बैंक, थ्रेसिंग फ्लोर एवं स्माल गोदाम के साथ.साथ छोटे कृषि यंत्रों पर अनुदान प्राप्त करने हेतु 21 जनवरी, 2025 के अपराह्न 3.00 बजे से 04 फरवरी 2025 की रात्रि 12.00 बजे तक कृषि विभाग की अधिकृत वेबसाइट पर आवेदन की बुकिंग की जा सकती है।

योजनान्तर्गत कृषि यंत्रों पर व्यक्तिगत कृषकों, स्वयं सहायता समूहो, कृषि विभाग से सम्बन्धित राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, एवं कृषक उत्पादक संगठनों द्वारा ऑन लाइन बुकिंग कर यंत्रो पर अनुदान हेतु आवेदन किया जा सकता है। रू0 10,000 तक अनुदान वाले छोटे कृषि यंत्रो पर बुकिंग निशुल्क की जा रही है, रू0 10,001 से रू0 1,00,000 तक के कृषि यंत्रो पर बुकिंग धनराशि रू0 2,500 व रू0 1,00,000 से अधिक मूल्य के कृषि यंत्र पर बुकिंग धनराशि रू0 5,000 होगी। निर्धारित लक्ष्य से अधिक बुकिंग होने पर लाभार्थियों का चयन ई.लाटरी के माध्यम से जिलाधिकारी महोदयए कानपुर देहात की अध्यक्षता में गठित जिला स्तरीय समिति द्वारा किया जायेगा। ई.लाटरी में चयनित न होने वाले कृषको को बुकिंग धनराशि निदेशालय स्तर से डीबीटी के माध्यम से वापस कर दी जायेगी। लाभार्थियों के चयन के उपरान्त निर्धारित समय के अन्तर्गत निर्धारित मानक के यंत्रो को पर पंजीकृत यंत्र निर्माताओं में से किसी से भी क्रय करने की स्वतंत्रता होगी तथा क्रय यंत्र की कम से कम 50 प्रतिशत धनराशि का भुगतान लाभार्थी कृषक को स्वयं अथवा अपने रक्त सम्बन्धी के बैंक खाते से हस्तानान्तरित कराना अनिवार्य होगा।

चयनित कृषकों द्वारा निर्धारित अवधि में कृषि यंत्र क्रय कर बिल पोर्टल पर अपलोड नहीं करने की दशा में टोकन मनीध्जमानत धनराशि जब्त कर ली जायेगी तथा पोर्टल पर चयनित सूची से लाभार्थी का नाम स्वत: डिलीट हो जायेगा एवं उनके स्थान पर प्रतीक्षा सूची से क्रमानुसार नये लाभार्थी का चयन पोर्टल द्वारा स्वत: कर लिया जायेगा। इस सम्बन्ध में सम्बन्धित लाभार्थी को टोकन कन्फर्म होने/लाभार्थी चयन के सम्बन्ध में तत्समय स्वत: पोर्टल से पंजीकृत मोबाइल पर मैसेज भेजा जायेगा।

# चोरों ने मकान व शिवमंदिर में चोरी कर लाखों का सामान चुराया, लगातार हो रही चोरियों से दहशत

**संवाददाता।** राठ (हमीरपुर)

**तीन** अलग.अलग स्थानों पर हुई चोरों ने शिक्षक के घर सहित दो मकानों से सोने चांदी के जेवरात व लाखों की नकदी पार कर दी है। वहीं चोरों ने तीसरी जगह शिव मंदिर की दानपेटी ले गए हैं। मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ला निवासी शिक्षक अनिल यादव ने बताया कि वह स्वजनों के साथ तीन दिन पहले शादी समारोह में छतरपुर मप्र गए थे। घर में ताला लगा हुआ था। गुरुवार को पड़ोसियों की सूचना पर उन्हें चोरी की घटना की जानकारी हुई। बताया कि जब वह घर आया तो दूसरे मंजिल पर चोरों ने कमरे का ताला तोड़कर उसमें रखे सोने की झुमकी, जंजीर, पायलें और पचास हजार रुपए की नकदी चोरी करके ले गए हैं।

वहीं कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ला निवासी राजेंद्र साहू पुत्र घासी राम साहू ने बताया कि बुधवार की रात सभी लोग खाना खाकर सो गए। तभी रात्रि में चोर उनके घर में घुस आए। चोर अलमारी का ताला तोड़कर गहने व नगदी ले गये। इसी तरह कस्बे के छोटी जुलहेटी मोहल्ला निवासी सभासद प्रतिनिधि रवि बब्बा ने बताया कि चोर मोहल्ले में स्थित शंकर जी के मंदिर की दानपेटी चुरा कर ले गए। कोतवाल राम आसरे सरोज ने बताया कि मौके पर दरोगा को जांच के लिए भेजा है।

## जिलाधिकारी की अध्यक्षता में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की मनायी गयी जयंती

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह की अध्यक्षता में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती कलेक्ट्रेट में मनायी गयी। जिलाधिकारी के द्वारा नेताजी सुभाष चन्द्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती हर वर्ष 23 जनवरी को पराक्रम दिवस के रूप में मनाई जाती है। सुभाष चंद्र बोस भारत के स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी नेताओं में शामिल थेए ओडिशा के कटक में जन्मे नेताजी सुभाष चंद्र बोस साहसए त्याग और देशभक्ति की अद्भुत मिसाल हैं। नेताजी ने आजाद हिंद फौज की स्थापना की, आजादी के लिए युवाओं में जोश से भर देने वाले नारे दिएए इसमें श्तुम मुझे खून दोए मैं तुम्हें आजादी दूंगाश् और श्दिल्ली चलो श् काफी चर्चित रहे। इतना ही नहीं अपने ओजस्वी भाषण और नारों से उन्होंने बाहरी देशों का भी सहयोग प्राप्त किया।

# गाना बजाने से नाराज़ लोगों ने किया घर पर हमला

● जमकर चले लाठी डंडे, ईंट पत्थर, महिला की मौत

**संवाददाता।** संडीला (हरदोई)

**गाना** बजाने को लेकर हुए मामूली विवाद ने संघर्ष का रूप ले किया जिसके बाद जमकर लाठी डंडे चले और इस दौरान एक महिला गंभीर रूप से घायल हुई तथा बाद में उसकी मौत हो गयी जबकि दर्जनभर लोग घायल हैं।

मिली जानकारी के अनुसार थाना कछौना के अंतर्गत ग्राम फत्तेपुर में महेन्द्र कुमार जो कि दृष्टिबाधित और दिव्यांग हैए वह अपने घर के बाहर बैठकर गाना बजा रहा था। उसके भाई गुरुप्रसाद ने उसको ऐसा करने से रोका। धीरे.धीरे बात बढ़ गयी और हाथापाई होते होते लाठी डण्डे चलने लगे। इस संघर्ष में ग्राम बाघा डांडा से अपनी रिश्तेदारी में आई महिला किसना देवी बीच बचाव करते हुए गंभीर रूप से घायल हो गयी जिसकी बाद में मौत हो गयी।

इस संघर्ष में सुशीलाए सत्यप्रकाश, चांद रानी, महेन्द्र, राजपति, रामअवतार, लखन, बालकए कोमल, शिल्पी, राधेलाल, आशा, अशोक तथा रामसेवक घायल हो गए। सभी घायलों को सीएचसी ले जाया गया जहां उनका इलाज चल रहा है। सभी घायल खतरे से बाहर हैं। घटना की सूचना मिलने पर प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मौके पर पहुंचे और मृतक किसना देवी के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। इस घटना के बाद गांव में पुलिस की तैनाती की गयी है।

## पुलिस ने चोरी का खुलासा कर पकड़े दो शातिर

**फतेहपुर।** ललौली थाना पुलिस ने चोरी की घटना का खुलासा करते हुए दो शातिरों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चोरी का सामान समेत चोरी में इस्तेमाल किए गए ई-रिक्शा को भी बरामद कर लिया। पुलिस ने अभियुक्तों के खिलाफ सुसंगत धाराओं में कार्रवाई कर न्यायालय भेज दिया। जानकारी के अनुसार ललौली थाना पुलिस ने मु0अ0स0 20/2025 धारा 331 (4)/305 ए बीएनएस का सफल अनावरण करते हुए अभियुक्त आलोक पाल पुत्र धनन्जय पाल निवासी हरियापुर थाना ललौली व वीरेन्द्र पुत्र लालजी कोरी निवासी जिन्दपुर थाना ललौली को गिरफ्तार कर लिया। अभियुक्तगण के कब्जे से चोरी के दो बैटरा, एक सोलर इन्वर्टर, एक एम्प्लीफायर बरामद किया है। साथ ही घटना में प्रयुक्त एक ई-रिक्शा को बरामद करते हुए धारा 207 एमवी एक्ट में सीज कर दिया।

## क्विक न्यूज

### युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या की

**रसूलाबाद कानपुर देहात।** कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत थानापुरवा गांव में एक युवक ने घर के अंदर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली पुलिस ने जांच पड़ताल कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया। रसूलाबाद कोतवाली क्षेत्र के थाना पुरवा गांव निवासी तुलसीराम राजपूत ने बताया कि उनके छोटे भाई उदल सिंह उर्फ नेता पुत्र श्रीराम ने घर के अंदर कुंडे के सहारे साड़ी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली घटना की जानकारी होते ही परिजनों में कोहराम मच गया। चौकी प्रभारी असालतगंज मिलन सिरोही मौके पर पहुंचे इसके साथ ही फॉरेंसिक टीम को बुलाया गया फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर सच एकत्रित किए। मृतका की पत्नी नंदिनी व बेटे गोरेलालए आर्यन तथा बेटी उजाला व छोटी का रो.रो कर बुरा हाल हो गया। परिवार के अन्य सदस्यों का भी हाल बेहाल हो गया। घटना के संबंध में चौकी प्रभारी असालतगंज मिलन सिरोही ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम को भेज दिया गया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर विधि कार्रवाई की जाएगी।

### सामु. भवन ईको पार्क माती में आयोजित होगा उत्तर प्रदेश दिवस

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी आलोक सिंह के निर्देशन मुख्य विकास अधिकारी लक्ष्मी एन ने अवगत कराया कि दिनांक 24 जनवरी 2025, उत्तर प्रदेश दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सामुदायिक भवन इको पार्क माती में अपराह्न 2.30 बजे से किया जाएगा। कार्यक्रम में माननीय मंत्री डॉव संजय कुमार निषाद जी मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग करेंगे। आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी/स्टाल लगाए जाएंगे। कार्यक्रम अंतर्गत अपराह्न 3.00 बजे से 4.00 बजे तक मुख्यमंत्री के अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी होगा।

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

फतेहपुर। हुसैनगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर भिटारी के समीप गुरूवार की दोपहर चार पहिया वाहन की चपेट में आ जाने से 33 वर्षीय बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गयी। चालक वाहन सहित भाग जाने में सफल रहा। हुसैनगंज कस्बा निवासी रामआसरे सिंह का आदित्य प्रताप सिंह उर्फ शिशु गुरूवार की दोपहर अपनी अपाचे से जमरावां किसी काम से गया था। वापस लौटते समय जब वह मिर्जापुर भिटारी के समीप पहुंचा। तभी तेज रफ्तार स्विफ्ट डिजायर ने बाइक में टक्कर मार दिया। जिससे आदित्य प्रताप सिंह उर्फ शिशु की मौके पर ही मौत हो गयी। शव को विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

### चार पहिया की टक्कर से युवक की मौत

**फतेहपुर।** कल्यानपुर थाना क्षेत्र के बडौरी एनएच 2 में गुरूवार की सुबह तेज रफ्तार चार पहिया वाहन ने पैदल साइकिल में आलू लादकर जा रहे 42 वर्षीय युवक को जोरदार टक्कर मार दिया। जिससे युवक की मौके पर मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार बडौरी गांव निवासी स्व0 बाबू लाल का पुत्र रामखेलावन आज सुबह साइकिल में आलू लादकर पैदल आ रहा था। तभी पीछे से तेज रफ्तार आ रहे चार पहिया ने साइकिल में टक्कर मार दिया। जिससे युवक की घटना स्थल पर मौत हो गयी। पुलिस ने शव को विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

### सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत

**फतेहपुर।** बिन्दकी कोतवाली क्षेत्र के पहरूवापुर के समीप बुधवार की देर रात अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से बाइक सवार 25 वर्षीय युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। कल्यानपुर थाना क्षेत्र के स्व0 भानू प्रताप सिंह का पुत्र सत्येन्द्र सिंह देर रात लगभग 10 बजे बाइक से घर वापस आ रहा था। जब वह बिन्दकी चौडगरा रोड पहरूवापुर के पास पहुंचा तभी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। शव को विच्छेदन गृह भेज दिया।

### जुलूस में एचटी लाइन से छुआ झंडा, युवक की मौत

**फतेहपुर।** रामलला प्राण प्रतिष्ठा के एक वर्ष बीतने पर जलूस निकालने के दौरान एचटी लाइन से झण्डा छू जाने के चलते 41 वर्षीय युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गयी। असोथर थाना क्षेत्र के मटिहा गांव निवासी स्व0 ब्रजभूषण सिंह का पुत्र चेतन सिंह रामलला के प्राण प्रतिष्ठा एक वर्ष बीतने पर गांव के ग्रामीण जुलूस निकाल रहे थे। झण्डा लेकर आगे चल रहे चेतन सिंह का झण्डा एचटी लाइन से छू गया। उसकी मौके पर मौत हो गयी। शव को विच्छेदन ग्रह भेज दिया।

### फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली

**कुरारा(हमीरपुर)।** कस्बा कुरारा के भौली रोड निवासी युवक ने अज्ञात कारण के चलते घर के अंदर रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी मिलने पर परिजनो में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कुरारा कस्वे के भौली रोड निवासी कल्लू यादव के पुत्र अमित कुमार (18) ने कमरे के अंदर रस्सी से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनो में कोहराम मच गया।

## दबंगो लाठी डंडो से की मारपीट रिपोर्ट दर्ज, गाड़ी क्षतिग्रस्त

**राठ ( हमीरपुर )।** इछौरा जिटकरी गांव में स्थित मौरंग खदान पर चार लोगों ने खदान के स्टाफ के साथ मारपीट कर बोलेरो गाड़ी क्षतिग्रस्त कर दी है। मौरंग खदान संचालक ने चिकासी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। झांसी के गुरसराय कटरा निवासी हरपाल सिंह पुत्र बहादुर सिंह ने बताया कि उसके नाम मौरंग खंड संख्या 25/24 ग्राम इछौरा जिटकरी थाना चिकासी में पांच वर्षों के लिए खनन पट्टा स्वीकृत हुआ है। दिसंबर 24 से ही खनन कार्य शुरू किया है। 20 जनवरी की शाम करीब छह बजे जालौन के डकोर थाना अंतर्गत खरका गांव निवासी रंजीत यादव पुत्र बीरबल दिव्यांशु उर्फ भूरा पुत्र अशोक धर्मेंद्र पुत्र पंचम महेश पुत्र पूरन सभी लोग लाठी डंडों से लैस होकर आए और स्टाफ के लोगों के साथ बिना कारण गाली गलौज करने लगे। खदान में रखी बोलेरो गाड़ी में पत्थर व लाठी मार कांच क्षतिग्रस्त कर दिया। जब स्टाप के संजीव, राजेन्द्र, देवेन्द्र उर्फ छोटू, राजा शुक्ला ने मना किया तो उक्त सभी लाठी डंडों से मारपीट करने लगे।

# राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम: नपाप में हुई कार्यशाला, लाइसेंस प्रक्रिया पर चर्चा

**फतेहपुर।** नगर पालिका परिषद में टोबैका वेंडर लाईसेंस पर आज एक कार्यशाला का आयोजन रवीन्द्र कुमार अधिशासी अधिकारी की अध्यक्षता में किया गया। गुटखा बीड़ी सिगरेट व अन्य तंबाकू उत्पाद बेचने के लिए अब लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। दुकानदारों को नगर निकायों में आवेदन करना होगा। लाइसेंस मिलने पर ही तंबाकू उत्पाद बेचे जा सकेंगे। लाइसेंस की प्रक्रिया जल्द ही लागू होगी। गुटखा बीड़ी सिगरेट व अन्य तंबाकू उत्पाद छोटी बड़ी दुकानों पर धड़ल्ले से बिक रहे हैं। इन पर कोई रोकटोक नहीं है। आगे ऐसा नहीं होगा। तंबाकू उत्पाद बेचने के लिए अब लाइसेंस लेना अनिवार्य होगा। दुकानदारों को नगर पालिका परिषद में आवेदन करना होगा। लाइसेंस मिलने पर ही तंबाकू उत्पाद बेचे जा सकेंगे। प्रक्रिया जल्द ही लागू होगी। जिला तंबाकू नियंत्रण प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित कार्यशाला में तंबाकू विक्रेता दुकानदारों को वेंडर लाइसेंस प्रणाली के बारे में जानकारी दी गई।

उ.प्र. वालेंटरी हेल्थ एसो. के रीजनल कार्डिनेटर पुनीत कुमार श्रीवास्तव ने बताया कि अभी तक सभी नगर निगमों के साथ नगर पालिकाओं में भी तंबाकू वेंडर लाइसेंस लागू होगा। लाइसेंस न होने पर दुकानदार तंबाकू उत्पाद नहीं बेज पायेगे। अधिकतर दुकानों में तंबाकू के साथ अन्य खाद्य जैसे कि टाफी बिस्टिक बच्चों को आकार्षित करने वाली चीजें भी बिकती हैं. जिससे आने वाला युवा नशे की लत का आदी हो सकता है। उन्हें इस नशे से बचाने में स्वजन असमर्थ होते जा रहे हैं। युवा पीढ़ी को इस जानलेवा जहर से बचाने के लिए हमें सभी नगर निगम, नपा व नगर पंचायतो में लाइसेंस प्रक्रिया को पूरी तरह से लागू करना होगा। तभी हम स्वस्थ, स्वच्छ देश की कल्पना कर सकते है। प्रोजेक्टर के माध्यम से कोटपा अधि. 2003 की सभी धाराओं की विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि वेंडर लाइसेंस क्यों जरूरी है और क्यों लागू होना चाहिए जिससे युवा पीढ़ी सुरक्षित हो सके।

# नेताजी की जयंती पर बच्चों ने बनाई मानव श्रृंखला

● सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण का हुआ आयोजन

**संवाददाता।** फतेहपुर



**सड़क** सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता के दृष्टिगत नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की जयंती के अवसर पर शहर के चित्रांश नगर स्थित चिल्ड्रेन पब्लिक स्कूल में मानव श्रृंखला का निर्माण व सड़क सुरक्षा शपथ ग्रहण का आयोजन किया गया। विद्यालय के छात्र-छात्राओं, शिक्षकों, एनसीसी, एनएसएस स्काउट गाइड के कैडेट्स, ट्रान्सपोटर्स, मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल के अलावा जनपद के समाजसेवियों व सभी स्टेक होल्डर्स विभागों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, परिवहन, लोक निर्माण, नगर पालिका परिषद के अधिकारियों व कर्मचारियों ने प्रतिभाग किया।

स्टेक होल्डर के विभागों से आए अधिकारियों ने दीप प्रज्जवलन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। सभी ने सड़क यातायात के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारियां साझा करते हुए सड़क सुरक्षा यातायात नियमों के पालन को प्रेरित किया।

सीपीएस की शिक्षिकाओं व छात्राओं ने सड़क सुरक्षा संबंधित सुंदर रंगोली तैयार की व सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की थीम पर नुक्कड़ नाटक की सुंदर प्रस्तुति की। विद्यालय ग्राउण्ड में विशाल मानव श्रृंखला का निर्माण कर सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाकर यातायात नियमों के पालन का संदेश देते हुए कार्यक्रम में आए सभी लोगों का आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया। इस मौके पर जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन पुष्पांजलि मिश्रा गौतम, लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता एके सील, सहायक अभियन्ता संजय कनौजिया, उप सीएमओ डा. शहाबुद्दीन, फोरमैन पवन दीक्षित, यातायात निरीक्षक लालजी सविता, बेसिक शिक्षा कार्यालय से सीमा चौहान, सीपीएस की डायरेक्टर प्राची श्रीवास्तव, समाजसेवी अशोक तपस्वी आदि मौजूद रहे।

# भर्ती मरीज के पास फटा हुआ कम्बल देख नाराज हुए सीएमएस, लगाई फटकार

**संवाददाता।** लखीमपुर खीरी



**भर्ती** मरीज के पास फटा हुआ कम्बल देख कर सीएमएस डॉ आरके कोली भड़क उठे। उन्होंने तैनात स्टाफ को फटकार लगाते हुए कम्बल को तत्काल बदलने के निर्देश दिएए कहा कि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति होने पर संबंधित स्टाफ पर कार्रवाई की जाएगी।

गुरुवार को अपने नियमित भ्रमण के दौरान सीएमएस डॉ आरके कोली मेडिकल वार्ड में पहुंचेए यहां पर मरीज से मिलते समय और उनका हाल.चाल लेते समय एक मरीज का कम्बल उन्हें फटा हुआ दिखा। इस पर उन्होंने वहां तैनात स्टाफनर्स और वार्ड बॉय से इस संबंध में पूंछा तो वह लोग सटीक जवाब नहीं दे पाए। इस पर उन्होंने तल्ख लहजे में कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि सर्दी के मौसम में शासन का निर्देश है कि सभी मरीजों को बेहतर सेवाएं दी जाएए इसीलिए चिकित्सालय में ब्लोअर, हीटर और अतिरिक्त कंबल की व्यवस्था पहले से की गई है। इसके बावजूद भर्ती मरीज को फटा हुआ कम्बल कैसे दिया गया। उन्होंने गहरी नाराजगी जताते हुए कहा कि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने तत्काल अपने ही सामने मरीज को नया कम्बल दिलाया और उसके बाद उन्होंने प्रत्येक वार्ड में जाकर स्वयं यह देखा कि किसी मरीज का कम्बल फटा हुआ तो नहीं है। किसी अन्य वार्ड में ऐसा नहीं मिला। भ्रमण के दौरान उनके साथ मैट्रन रजनी मसीह, काउंसलर देवनंदन श्रीवास्तव, सुपरवाइजर अखिलेश श्रीवास्तव, निलेश गुप्ता आदि मौजूद रहे।

# मानव श्रृंखला बनाकर सड़क जागरूकता के लिए एकजुट हुआ खीरी

● हजारों की तादाद में डीएम ने बच्चों ने दिलाया सड़क सुरक्षा का संकल्प

**लखीमपुर खीरी।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती पर गुरुवार को जिले के हजारों स्कूली छात्र छात्राओं ने मानव श्रंखला बनाकर सड़क सुरक्षा का न केवल संकल्प लिया बल्कि दूसरों को भी यातायात नियमों के पालन का संदेश दिया। इस मानव श्रृंखला में विद्यार्थियों के अलावा शिक्षक, शिक्षणेत्तर स्टाफ, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के स्वयंसेवक, अधिकारी, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में नागरिक शामिल हुए। जिला मुख्यालय पर कलेक्ट्रेट में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। इस दौरान मानव श्रृंखला में शामिल बच्चों का उत्साहवर्धन किया, जो सड़क जागरूकता, देशभक्ति के नारे लगा रहे थे। इसके बाद उन्हें सड़क सुरक्षा का शपथ दिलाई। डीएम.एसपी ने मानव श्रृंखला के लिए निर्धारित रूट का भ्रमण कर उनका उत्साहवर्धन करते नजर आए। इस मौके पर एडीएम संजय कुमार सिंह, एआरटीओ अखिलेश द्विवेदी, पीटीओ कौशलेंद्र यादव, डीआईओएस डॉ महेंद्र प्रताप सिंह सहित अन्य अधिकारी.कर्मचारी शामिल हुए। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जन्म जयंती पर इस पहल का मकसद लोगों के दिलों में सड़क जागरूकता की भावना जगाना और जनभागीदारी की भावना से सड़क सुरक्षा माह व्यापकता से मनाना है।

### कलेक्ट्रेट की 10 किमी परिधि में बनेगा जोन ऑफ एक्सीलेंस: डीएम

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने कहा कि जिले में नवाचार के तहत कलेक्ट्रेट को केंद्र मानकर 10 किमी की परिधि में जोन ऑफ एक्सीलेंस घोषित किया जाएगा। इसमें सड़क सुरक्षा से संबंधित स्टेकहोल्डर समन्वित प्रयास करते हुए एक एकीकृत कार्यक्रम के तहत इस जोन ऑफ़ एक्सीलेंस में किसी प्रकार की सड़क दुर्घटना में मृत्यु को रोकने के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। इस जोन में दो एनएचए दो स्टेट हाईवे, चार प्रमुख जिला मार्ग और अन्य जिला मार्ग सहित शहरी क्षेत्र के मार्ग भी शामिल हैं। गाइडलाइन के अनुसार इंजीनियरिंग, जागरूकता, प्रवर्तन के साथ.साथ आकस्मिक चिकित्सा को व्यवस्थित किया जाएगा, जिससे जीरो मृत्यु दर के लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।



एसपी संकल्प शर्मा ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस अनुशासन की मिसाल थेए उनके जन्म जयंती पर सड़क सुरक्षा का संकल्प लिया जाना उनको सच्ची श्रद्धांजलि है। एडीएम संजय कुमार सिंह ने कहा कि सुभाष चंद्र बोस महान स्वाधीनता सेनानी और युवाओं के प्रेरणा स्रोत है और आगे भी रहेंगे उनकी प्रासंगिकता आज भी हैए भविष्य में भी रहेगी। यातायात नियमों का पालन करते समय सुभाष चंद्र बोस की अनुशासन प्रियता को अपने ध्यान में रखना होगा।

### इन विद्यालयों के बच्चे हुए शामिल

जीआईसीए जीजीआईसीए भगवानदीन आर्यकन्या इंटर कॉलेज, कुँवर खुशवक्तराय कन्या इ.का., सनातन धर्म सरस्वती बालिका विद्या मंदिर इण्टर कालेजए कृषक समाज इण्टर कालेज, डीएस कालेजए गुरूनानक इण्टर कालेज, गुरूनानक विद्यक सभा, पीके इण्टर कालेज, गाँधी विद्यालय इण्टर कालेज, इस्लामियॉ इण्टर कालेज, अबुल कलाम आजाद गर्ल्स इण्टर कालेजए सेंट डॉनबास्को स्कूल अजमानी पब्लिक स्कूल, पं. दीन दयाल स.वि.मं. इण्टर कालेज, ला मटीना इण्टर कालेज सहित सभी जिला मुख्यालय के विद्यालय।

### मानव श्रृंखला को लेकर विद्यार्थियों में दिखा जबरदस्त उल्लास

कलेक्ट्रेट से लेकर विभिन्न मार्गों से होती हुई कई किमी तक बनाई गई मानव श्रृंखला में शामिल बच्चे खासा उत्साहित दिखेए इस दौरान वह हाथों में सड़क जागरूकता का संदेश देती तख्तियां लिए जागरूकता नारे लगाते नजर आए। इस दौरान बच्चों ने अपने सेक्टरए जोन में ड्यूटी पर तैनात अफसरोंए मजिस्ट्रेट के साथ सेल्फी खिंचाई। ठीक 11 बजे मौजूद सेक्टर अधिकारियों ने अपने सेक्टर में श्रृंखलाबद्ध बच्चों को सड़क सुरक्षा की शपथ दिलाई।

# मशहूर हस्तियों को निशाना बनाने वाले अपहरण गिरोह का सरगना मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

**बिजनौर।** (भाषा) उत्तर प्रदेश पुलिस ने अभिनेता मुश्ताक खान और हास्य कलाकार सुनील पाल का अपहरण करने वाले गिरोह के सरगना को बिजनौर से गिरफ्तार कर लिया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के मुताबिक, रविवार-सोमवार की दरमियानी रात मुठभेड़ के बाद लवी पाल उर्फ राहुल सैनी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से आरोपी घायल हो गया। बाद में, मामले में एक अन्य आरोपी अंकित उर्फ पहाड़ी ने शहर कोतवाली में आत्मसमर्पण कर दिया। बिजनौर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अभिषेक झा ने बताया, आरोपी ने राहुल सैनी के रूप में 15 अक्टूबर को फिल्म अभिनेता मुश्ताक खान से बात की और 20 नवंबर को मेरठ में एक कार्यक्रम के लिए आमंत्रित किया। साथ ही, 25 हजार रुपए की अग्रिम राशि का भुगतान किया और विमान का टिकट भी भेजा। उन्होंने कहा, मुश्ताक को 20 नवंबर को दिल्ली के हवाई अड्डे से एक कार में बैठाकर बिजनौर लाया गया, जहां उन्हें लवी पाल के चाहशीरी स्थित घर में रखा गया। झा ने कहा, 21 नवंबर की सुबह जब अपहरणकर्ता सो रहे थे तो मुश्ताक भागने में कामयाब रहे और उन्होंने पास की मस्जिद में शरण ली। वहां से वह सुरक्षित घर लौट आए। उनके इवेंट मैनेजर शिवम यादव ने बाद में नौ दिसंबर को बिजनौर कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि आगे की जांच में पता चला है कि लवी पाल के गिरोह ने मेरठ में हास्य कलाकार सुनील पाल को निशाना बनाने के लिए इसी तरह अपराध को अंजाम दिया था। अधिकारी ने बताया कि मुश्ताक खान के अपहरण के दौरान उनके मोबाइल फोन से 2.5 लाख रुपए का लेन-देन किया गया था। पुलिस ने गिरोह के छह सदस्यों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था, लेकिन लवी पाल तथा तीन अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही थी। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि गिरोह का सरगना लवी पाल अपने साथी एवं मौसेरे भाई शुभम के साथ रविवार तथा सोमवार की दरमियानी रात मंडावर मार्ग स्थित जैन फार्म पर आएगा। झा ने बताया, जब अधिकारियों ने दोनों को पकड़ने का प्रयास किया, तो उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी। एक गोली थाना प्रभारी उदय प्रताप की बुलेटप्रूफ जैकेट में लगी। मुठभेड़ में लवी पाल के पैर में गोली लग गई जबकि शुभम भाग गया। पाल को गिरफ्तार कर उसे जिला अस्पताल ले जाया गया। अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) संजीव वाजपेई ने बताया कि उसके पास से एक तमंचा, दो कारतूस और मुश्ताक खान से अपहरण के दौरान वसूले गए 35,050 रुपए बरामद हुए हैं। उन्होंने कहा, बदमाशों के विरुद्ध गिरोहबंद अधिनियम के तहत कार्यवाही होगी तथा अपराध से अर्जित संपत्ति जब्त की जाएगी। बिजनौर और मेरठ पुलिस ने लवी पाल की गिरफ्तारी पर 25-25 हजार रुपए का इनाम रखा हुआ है।अधिकारी अब उससे पूछताछ कर रहे हैं ताकि उसके गिरोह के संचालन और फिल्म जगत में अन्य संभावित लक्ष्यों के बारे में जानकारी मिल सके।बाद में, मामले में एक अन्य आरोपी अंकित उर्फ पहाड़ी ने सोमवार को शहर कोतवाली में आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने से पहले अंकित का एक वीडियो भी वायरल हुआ। इसमें अंकित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से गुहार लगा रहा है, "योगी जी मुझे माफ कर दो। मुझे यूपी पुलिस से बचा लो। मैंने सुनील पाल का अपहरण करने का अपराध किया है" वीडियो में अंकित हाथ जोड़कर विनती कर रहा है।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से सिपाही की मौत

मथुरा। मथुरा जिले के गोवर्धन क्षेत्र में पेंठा गांव के पास सोमवार को एक कांस्टेबल की मोटरसाइकिल को पीछे से अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौत हो गई। गोवर्धन के थानाध्यक्ष विनोद बाबू मिश्रा ने बताया, "टक्कर के बाद घायल कांस्टेबल यदुवीर सिंह (35) को गोवर्धन के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। हालांकि, इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई" उन्होंने बताया कि राजस्थान के कुम्हेर गांव के निवासी सिंह की मोटरसाइकिल को पेंठा गांव के पास अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी। उस वक्त वह गोवर्धन थाने में ड्यूटी के लिए आ रहे थे। अधिकारियों ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस उस वाहन का पता लगाने की कोशिश कर रही है, जिसने कांस्टेबल की मोटरसाइकिल को टक्कर मारी थी।

# अल्लू अर्जुन के घर पर हमला: सभी छह को मिली जमानत, घर की सुरक्षा बढ़ाई



**हैदराबाद।**(भाषा) हैदराबाद की एक अदालत ने सोमवार को तेलुगु अभिनेता अल्लू अर्जुन के आवास पर कथित रूप से तोड़फोड़ करने के आरोप में गिरफ्तार किए गए छह लोगों को जमानत दे दी, वहीं पुलिस ने घटना के एक दिन बाद अभिनेता के घर की सुरक्षा बढ़ा दी है। इस घटना से राजनीतिक बयानबाजी भी शुरू हो गई जिसमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने भी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) के साथ मिलकर कांग्रेस सरकार पर हमला बोला और कहा कि हमलावरों में से कुछ मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के विधानसभा क्षेत्र कोडंगल से हैं। इस बीच पुलिस सूत्रों ने बताया कि तेलुगु अभिनेता को चार दिसंबर को पुष्पा-2 की स्क्रीनिंग के दौरान मची भगदड़ के मामले की जांच के तहत मंगलवार को पुलिस के समक्ष पेश होने के लिए नोटिस जारी किया गया है। भगदड़ में एक महिला की मौत हो गई थी और उसका आठ वर्षीय बेटा घायल हो गया था। उन्होंने बताया कि अभिनेता को 24 दिसंबर को सुबह 11 बजे पेश होने के लिए कहा गया है। अल्लू अर्जुन ने पहले कहा था कि वह जांच में सहयोग करेंगे। यह नोटिस पुलिस आयुक्त सी वी आनंद द्वारा थिएटर में हुई घटना का वीडियो जारी करने के एक दिन बाद आया है। इससे पहले उस्मानिया यूनिवर्सिटी-ज्वाइंट एक्शन कमेटी (ओयू-जेएसी) के सदस्य होने का दावा करने वाले छह लोगों ने रविवार शाम को अर्जुन के आवास पर फूलों के गमलों को क्षतिग्रस्त करने और टमाटर फेंकने के बाद गिरफ्तार किया गया था। पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर स्थानीय अदालत में पेश किया, जहां से उन्हें सोमवार को जमानत मिल गई। रविवार को मुख्यमंत्री रेड्डी ने हमले की निंदा की थी और राज्य के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) तथा शहर के पुलिस आयुक्त को कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सख्ती बरतने का निर्देश दिया था। बीआरएस नेता टी हरीश राव ने इस घटना को शासन की पूर्ण विफलता करार दिया, जबकि भाजपा की लोकसभा सदस्य डी के अरुणा ने दावा किया कि 42 वर्षीय अभिनेता के घर में तोड़फोड़ करने वालों में से चार लोग के कोडंगल से हैं। उन्होंने कहा, "इससे संदेह पैदा हो रहा है कि क्या यह कांग्रेस की साजिश थी" हालांकि सत्तारूढ़ पार्टी ने इस आरोप का खंडन किया है। कांग्रेस सांसद चामला किरण कुमार रेड्डी ने कहा कि केवल कुछ तस्वीरें दिखाकर तोड़फोड़ करने वालों को कांग्रेस पार्टी से जोड़ना गलत है। उन्होंने कहा कि घटना के आरोपियों ने अन्य पार्टियों के नेताओं के साथ भी तस्वीरें खिंचवाई हैं। उन्होंने कहा, "हमें नहीं पता कि उन्होंने तोड़फोड़ क्यों की। हम उन्हें भड़काकर क्यों भेजते। पंचायत राज मंत्री डी अनसूया सीताक्का ने आरोप लगाया कि बीआरएस और भाजपा इस मुद्दे का राजनीतिकरण कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि एक व्यक्ति की जान चली गई और दूसरा जीवन के लिए संघर्ष कर रहा है। उन्होंने कहा, "बीआरएस नेता सत्ता में होने पर और सत्ता से बाहर होने पर अलग-अलग व्यवहार करते हैं। बीआरएस के लोगों ने (राज्य आंदोलन के दौरान) फिल्मी लोगों पर पत्थर फेंके थे। क्या उन्होंने तब फिल्म उद्योग के बारे में नहीं सोचा? क्या हम यह कह रहे हैं कि फिल्म उद्योग को (राज्य) छोड़ देना चाहिए" इस बीच, पुष्पा-2 के निर्माताओं ने सोमवार को उस महिला के परिवार को 50 लाख रुपए की आर्थिक सहायता दी, जिसकी चार दिसंबर को सिनेमाघर में फिल्म के प्रदर्शन के दौरान भगदड़ में मौत हो गई थी। निर्माता नवीन एरनेनी उस अस्पताल में गए जहां पीड़ति के आठ वर्षीय बेटे का इलाज हो रहा था तथा उन्होंने परिवार को एक चेक सौंपा।

# संभल में धार्मिक स्थल पर एक और कुआं मिला

**संभल।**(भाषा) उत्तर प्रदेश के संभल जिले में शहजादी सराय स्थित क्षेम नाथ तीर्थ में बंद पड़ा एक कुआं मिला है, जिसमें स्वच्छ जल भी मौजूद है। एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि यह कुआं रविवार शाम मिला। अधिकारी के मुताबिक, तीर्थ स्थल के प्रबंधन से जुड़े लोग इस कुएं को पुनर्जीवित करने के प्रयास में जुट गए हैं। संभल की उप जिलाधिकारी (एसडीएम) वंदना मिश्रा ने पीटीआई-भाषा से कहा, "हमें क्षेम नाथ तीर्थ में कुआं मिलने की सूचना प्राप्त हुई है। क्षेम नाथ तीर्थ के लोग इस कुएं को पुनर्जीवित करने की कोशिश रहे हैं" क्षेम नाथ तीर्थ के महंत बाल योगी दीनानाथ ने पत्रकारों को बताया कि यहां मौजूद एक प्राचीन कूप, जिसे वर्षों पहले ढक दिया गया था, उसे खोला गया है और उसमें लगभग आठ फुट की गहराई पर पानी मिला है। दीनानाथ ने कहा, इस प्राचीन कूप में स्वच्छ पानी मिलना वास्तव में दैवीय कृपा है। नीमसार तीर्थ के नाम से जाना जाने वाला क्षेम नाथ तीर्थ मशहूर नैमिषारण्य तीर्थ का उप तीर्थ है। सीतापुर जिले में स्थित नैमिषारण्य तीर्थ भारत के 68 प्रमुख तीर्थ स्थलों में से एक है। दीनानाथ ने बताया, क्षेम नाथ तीर्थ में बाबा क्षेम नाथ की समाधि है। इसे 24 कोसीय परिक्रमा का पहला पड़ाव कहा जाता है। माना जाता है कि यहां दर्शन करने वाले सभी श्रद्धालुओं की मनोकामना पूरी होती है। स्थानीय श्रद्धालुओं ने कहा, क्षेम नाथ तीर्थ स्थित एक प्राचीन कुएं को खोला गया, तो सभी चौंक गए। कई वर्षों से बंद पड़े इस कुएं में साफ पानी मिला। उन्होंने बताया कि महंत दीनानाथ के नेतृत्व में सेवादारों की टीम ने आरसीसी (प्रबलित सीमेंट कंक्रीट) तोड़ी, जिसके नीचे कुआं मिला। श्रद्धालुओं ने कहा, अतीत में परिक्रमा करने वाले तीर्थयात्रियों को पानी उपलब्ध कराने वाला यह कुआं अपनी गहराई के कारण अक्षुण्ण था। संभल में चंदौसी के लक्ष्मण गंज इलाके में खुदाई के दौरान लगभग 150 साल पुरानी और 400 वर्ग मीटर क्षेत्र में फैली बावड़ी मिली है। चंदौसी नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी कृष्ण कुमार सोनकर ने बताया कि शनिवार को स्थल पर खुदाई शुरू हुई। संभल में 13 दिसंबर को लगभग 46 साल से बंद भस्म शंकर मंदिर के फिर से खुलने के बाद यह खुदाई की जा रही है।

## हिंसा के दृश्य को रीक्रिएट करने के लिए संभल पहुंची एफएसएल टीम

संभल। संभल जिले में पिछली 24 नवंबर को हुई हिंसा के दृश्य को रीक्रिएट करने के लिए विधि विज्ञान प्रयोगशाला (एफएसएल) की एक टीम सोमवार को यहां पहुंची। पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार विश्नोई ने सोमवार को संवाददाताओं को बताया कि 24 नवंबर को हुई हिंसा की तफ्तीश के दौरान विभिन्न जांच अधिकारियों की टीम ने उन परिस्थितियों और क्राइम सीन को फिर से बनाया, जिनमें गोलियां चलने से चार लोगों की मौत हो गई थी। उन्होंने बताया कि इसके लिए एफएसएल लखनऊ के निदेशक को पत्र लिखा गया था। उसी के क्रम में यह टीम आई है। संभल में पिछली 24 नवंबर को शाही जामा मस्जिद के सर्वेक्षण के दौरान हुई हिंसा में गोली लगने से चार लोगों की मौत हो गई थी।

# बहराइच में मुस्लिम सेवादार मंदिर में सेवा कर सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल पेश कर रहे

**बहराइच।** (भाषा) सांप्रदायिक तनाव और भेड़ियों के हमलों के लिए सुर्खियों में रहे उत्तर प्रदेश के बहराइच जिले में सांप्रदायिक सद्भाव की मिसाल देखने को मिल रही है, जहां एक मंदिर में मोहम्मद अली पिछले 18 साल से अपनी सेवाएं दे रहे हैं। बहराइच जिला मुख्यालय से 27 किलोमीटर दूर जैतापुर बाजार में अली श्री वृद्ध मातेश्वरी माता घूरदेवी मंदिर की देखरेख करते हैं और यह मंदिर अब मुसलमानों के लिए भी अराधना स्थल है। अली, देवी घूर देवी और भगवान हनुमान की पूजा करने के साथ-साथ रोजा और नमाज अदा भी करते हैं। अपने बचपन की महत्वपूर्ण घटना को याद करते हुए अली ने कहा, जब मैं सात साल का था, तब मुझे ल्यूकोडर्मा नामक बीमारी हो गई थी, जिससे मेरी आंखें सफेद हो गई थीं। इलाज से कोई फायदा नहीं हुआ। जब मेरी मां मुझे घूरदेवी मंदिर ले गईं तब जाकर ठीक हुआ। अली ने कहा कि उनका मानना है कि पवित्र पिंडी का जल लगाने से यह बीमारी ठीक हुई। उन्होंने कहा कि उन्होंने 2007 में मंदिर में सक्रिय रूप से सेवा करना शुरू किया, जब उन्हें एक सपना आया जिसमें देवी ने उनसे मंदिर में सेवा करने के लिए कहा। अली के नेतृत्व में मंदिर में विकास कार्य किए गए। कटाई के मौसम में अनाज संग्रह के माध्यम से धन जुटाने जैसी पहलों के जरिए महत्वपूर्ण संसाधन जुटाए गए। अली ने पीटीआई-भाषा को बताया, मंदिर के विकास के लिए अकेले इस साल 2.7 लाख रुपए जुटाए गए हैं। मंदिर के जीर्णोद्धार में सार्वजनिक योगदान तथा सरकारी सहायता से भी मदद मिली है और निर्माण तथा रखरखाव के लिए 30.40 लाख रुपए से अधिक की राशि खर्च की गई है।हाल ही में जयपुर से 2.5 लाख रुपए में 5.5 फुट की हनुमान जी की प्रतिमा मंगवाई गई।उन्होंने बताया कि 15 से 19 जनवरी तक पूरे विधि विधान से भगवान हनुमान जी की प्राण प्रतिष्ठा की गई और रविवार को भंडारे में तीन से चार हजार लोग आए। कार्यक्रम के निमंत्रण पत्र में मंदिर समिति के अध्यक्ष के रूप में अली का नाम प्रमुखता से लिखा गया, जबकि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्थानीय विधायक सुरेश्वर सिंह मुख्य अतिथि थे। जिला पर्यटन अधिकारी मनीष श्रीवास्तव ने पुष्टि की कि दो वर्ष पहले मंदिर को धार्मिक पर्यटन पहल में शामिल किया गया, जिससे इसका दर्जा और बढ़ गया।

## मुजफ्फरनगर में 32 साल से बंद शिव मंदिर को दोबारा खोला गया

मुजफ्फरनगर। अयोध्या में वर्ष 1992 में विवादित ढांचा ध्वस्त किए जाने के बाद से ही यहां कोतवाली थाना क्षेत्र के मुस्लिम बहुल क्षेत्र लद्दावाला में बंद पड़े एक शिव मंदिर को 32 साल बाद मंत्रोच्चार और हवन कर सोमवार को फिर से खोल दिया गया। नगर मजिस्ट्रेट विकास कश्यप ने सोमवार को यहां पीटीआई-भाषा को बताया कि मंदिर में सभी कार्य शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गए। स्वामी यशवीर महाराज के नेतृत्व में हिंदू कार्यकर्ताओं ने शांतिपूर्ण माहौल में मंदिर में दर्शन पूजन किया। इससे पहले स्थानीय मुसलमानों ने स्वामी यशवीर महाराज के नेतृत्व में हिंदू कार्यकर्ताओं के जुलूस का स्वागत किया और मंदिर की गली में पुष्प वर्षा की। स्वामी यशवीर के नेतृत्व में हिंदू कार्यकर्ताओं ने मंदिर शुद्धिकरण समारोह शुरू किया और शिव मंदिर में हवन पूजा की। मुस्लिम बहुल क्षेत्र लद्दावाला में 1971 में शिव मंदिर का निर्माण किया गया था। हालांकि, 1992 में अयोध्या की घटना से उपजे सांप्रदायिक तनाव के दौरान, इलाके के हिंदू परिवार मंदिर की मूर्तियों और शिवलिंग को अपने साथ ले गए थे, तब से मंदिर बंद पड़ा था।पिछले सप्ताह स्वामी यशवीर महाराज ने घोषणा की थी कि बंद शिव मंदिर को 23 दिसंबर को शुद्धिकरण समारोह और हवन पूजा के बाद फिर से भक्तों के लिए खोल दिया जाएगा। इस बीच, मुजफ्फरनगर जिला प्रशासन ने किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए सुरक्षा व्यवस्था की है और इलाके में पुलिस गश्त बढ़ा दी।

## गांजे की पुड़िया घर पहुंचाने वाले गिरोह के तीन सदस्य गिरफ्तार

भदोही। उत्तर प्रदेश के भदोही जिले की पुलिस ने गांजे की पुड़िया कथित तौर पर घर पहुंचाने और फेरी लगाकर इसकी बिक्री करने वाले गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार किया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने सोमवार को बताया कि थोक में गांजे की बिक्री करने वाले गिरोह का सरगना फरार है, जिसे पकड़ने की कोशिश की जा रही है। पुलिस अधीक्षक मीनाक्षी कात्यायन के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी सलीम, महेंद्र कुमार और संत राम भदोही के दुर्गागंज थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांव के रहने वाले हैं। उन्होंने बताया कि तीनों के पास से अलग-अलग झोले में क्रमश:1,200 ग्राम,1200 ग्राम औ 1,250 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया। कात्यायन के अनुसार, मुखबिर से सूचना मिली थी कि चार लोगों का एक गिरोह मांग पर गांजा घर पहुंचाता है, जिसके लिए आपूर्ति शुल्क अलग से लिया जाता है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने पूछताछ में कबूल किया कि कई लोग फोन कर गांजा घर या अन्य स्थान पर मंगवाते थे। कात्यायन के मुताबिक, गांजा बेचने वाले आरोपियों के मोबाइल फोन से 700 से अधिक ग्राहकों के नंबर मिले हैं। उन्होंने बताया कि आरोपी गांजे की पुड़िया प्लास्टिक के झोले में रखकर रोज सुबह मोटरसाइकिल से निकलते थे और जिले की भदोही, औराई व ज्ञानपुर तहसील में घरों में उसकी आपूर्ति करते थे। कात्यायन के अनुसार, आरोपी पिछले पांच वर्षों से गांजे की बिक्री कर रहे थे। उन्होंने बताया कि दुर्गागंज थाना क्षेत्र का ही रहने वाला इनका एक साथी गांजे की बड़ी खेप की तस्करी करता है, जिससे ए लोग अवैध गांजा खरीदकर फुटकर में पुड़िया बनाकर घरों में पहुंचाते थे।

## राजमिस्त्री की धारदार हथियार से हत्या

**प्रतापगढ़।**(भाषा) उत्तर प्रदेश में प्रतापगढ़ जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर लालगंज कोतवाली क्षेत्र के हरनाहर गांव में एक राजमिस्त्री का सोमवार को खून से लथपथ शव मिला। अपर पुलिस अधीक्षक (पश्चिमी) संजय राय ने बताया कि हरनाहर गांव स्थित नहर की पुलिया के पास एक राजमिस्त्री का शव पाया गया, जिसकी धारदार हथियार से हत्या किए जाने का संदेह है। राय के अनुसार, मृतक की शिनाख्त हरनाहर निवासी नत्थू सरोज (55) के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि सरोज रविवार रात आठ बजे किसी काम के सिलसिले में बाहर निकला था, जिसके बाद वह घर नहीं लौटा।

# मंदिर-मस्जिद विवाद पर भागवत के बयान पर बोले अखिलेश : भाजपा को यह बात समझाएं संघ प्रमुख

**इटावा।** (भाषा) समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मस्जिदों और दरगाहों के नीचे मंदिर होने के दावों की आलोचना करने वाले राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के हाल के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए सोमवार को कहा कि भागवत को अपनी यह बात सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को समझानी चाहिए। अखिलेश ने कहा कि भागवत अगर मुख्यमंत्री को फोन कर दें, तो इस तरह का कोई विवाद नहीं होगा। सपा प्रमुख ने भूतपूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 122वीं जयंती पर इटावा के हैवरा में आयोजित कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बातचीत में कई जगह मंदिर-मस्जिद का मुद्दे उठाए जाने पर भागवत की नाराजगी से जुड़े एक सवाल पर कहा, संघ की विचारधारा भाजपा की अंडरग्राउंड विचारधारा है। यह भाजपा के लिए सुरंग खोदने का काम करती है। इसलिए आज जो कुछ भी कहा जा रहा है, कम से कम उन्हें (भागवत को) यह भाजपा को



समझाना चाहिए। उन्होंने कहा, अगर वह मुख्यमंत्री (योगी आदित्यनाथ) को फोन भी कर दें, तो भी कोई सर्वे नहीं होगा और न ही ऐसा कोई विवाद उठेगा। अखिलेश ने किसी का नाम लिए बगैर कहा, लेकिन वह हर जगह राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं। यह तमाम बयान इसलिए आ रहे हैं, क्योंकि वह राजनीतिक लाभ लेना चाहते हैं। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री ने संभल में एक पुराना मंदिर मिलने के बारे में पूछे जाने पर कहा, वे (भाजपा नेता) ऐसे ही ढूंढते रहेंगे। खोदते-खोदते एक दिन अपनी सरकार को भी खोद देंगे। संभल में मस्जिद-मंदिर विवाद के बीच भागवत ने पिछले हफ्ते सहजीवन व्याख्यानमाला में कहा था, राम मंदिर के निर्माण के बाद कुछ लोगों को लगता है कि वह नई जगह पर इसी तरह के मुद्दे उठाकर हिंदुओं के नेता बन सकते हैं। यह स्वीकार्य नहीं है। हर दिन एक नया मामला उठाया जा रहा है। इसकी अनुमति कैसे दी जा सकती है? उन्होंने यह भी कहा था, भारत को यह दिखाने की जरूरत है कि हम एक साथ रह सकते हैं। हम लंबे समय से सद्भावना के साथ रहे हैं। अगर हम दुनिया को यह सद्भावना देना चाहते हैं, तो हमें इसका मॉडल बनाने की जरूरत है। एक देश, एक चुनाव को असंभव बताते हुए अखिलेश ने भाजपा पर आरोप लगाया कि सत्ता में बैठे तानाशाही के पक्षधर लोग संविधान नहीं, बल्कि मन विधान से चलते हैं और वे लोकतंत्र को एकतंत्र से चलाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, भाजपा जनहित में कोई काम नहीं करती। वह समाज में नफरत फैलाती है और भेदभाव करती है। भाजपा सरकार संविधान नहीं, मन विधान से चलती है। ए तानाशाही के पक्षधर लोग लोकतंत्र को एकतंत्र से चलाना चाहते हैं। अखिलेश ने चौधरी चरण सिंह डिग्री कॉलेज परिसर में सपा के संस्थापक और पूर्व रक्षा मंत्री मुलायम सिंह यादव की प्रतिमा का अनावरण भी किया। उन्होंने भाजपा पर कटाक्ष करते हुए कहा, जो सत्ता में होता है, वह तानाशाह बन जाता है।

## कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने मृत कार्यकर्ता के परिजन से भेंट की, चेक सौंपा

**गोरखपुर।**(भाषा) कांग्रेस के एक प्रतिनिधिमंडल ने पिछले हफ्ते लखनऊमें विरोध-प्रदर्शन के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मारे गए पार्टी कार्यकर्ता प्रभात पांडे के परिजनों से सोमवार को मुलाकात कर संवेदना जताई और उन्हें सहायता राशि का चेक सौंपा। कांग्रेस की प्रदेश इकाई के उपाध्यक्ष विश्वविजय सिंह और जिला अध्यक्ष निर्मला पासवान के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने गोरखपुर के देईपार गांव का दौरा किया और 18 दिसंबर को लखनऊ में विरोध-प्रदर्शन के दौरान मारे गए प्रभात के परिवार से मुलाकात कर संवेदना व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने प्रभात के पिता दीपक पांडे को पार्टी की तरफ से आर्थिक सहायता के रूप में 10 लाख रुपए का चेक सौंपा।

# पेज 1 का शेष

## भाजपा...

किया तो मुझे उत्तर प्रदेश से बुलडोजर भेजने पड़े। यमुना नदी को लेकर आप पर निशाना साधते हुए उन्होंने आप सुप्रीमो अरविंद केजरीवाल से कहा कि वह अपने मंत्रियों के साथ यमुना नदी में स्नान करें, जैसे वह अपने कैबिनेट मंत्रियों के साथ संगम में डुबकी लगाते हैं। उन्होंने यमुना नदी को गंदे नाले में बदलने के लिए आप पर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली से मथुरा और वृंदावन तक गंदी यमुना नदी बहती है, जिससे वहां के संतों को परेशानी होती है। उन्होंने आप को झूठ का एटीएम भी कहा। उन्होंने कहा, वे लोगों की भलाई के लिए काम नहीं करना चाहते हैं। उनका एक ही काम है, सोशल मीडिया, ट्वीट और प्रेस कांफ्रेंस के जरिए झूठ बोलना। झूठ का एटीएम बनकर वे जो समय बर्बाद करते हैं, अगर उस समय का उपयोग लोगों के काम करने में करते तो दिल्ली की सूरत बदल जाती। उन्होंने दिल्ली को कूड़ाघर में बदल दिया है। उन्होंने कहा, अगर वह अपने गुरु अन्ना हजारे को धोखा दे सकते हैं, तो वह लोगों और देश को भी धोखा दे सकते हैं। मैं विश्वास के साथ कह सकता हूं कि दिल्ली के लोग अब उनके बयानों में नहीं फंसेंगे। आप के पुजारी ग्रंथी सम्मान योजना पर, योगी ने दिल्ली में मंदिरों के सौंदर्यीकरण के लिए कोई काम नहीं करने के लिए आप पर हमला किया। उन्होंने कहा, वे वाल्मीकि पुजारियों को भूल गए। आप के एजेंडे में रविदास मंदिर के पुजारी नहीं हैं। आज भी वे अपनी फूट डालो और राज करो की नीति पर चल रहे हैं। लोगों ने पहले ही तय कर लिया है कि वे लोकसभा चुनाव के बाद से भाजपा को जिताएंगे, जब उन्होंने हमें अपना 100 प्रतिशत समर्थन दिया था। उन्होंने करोल बाग और जनकपुरी विधानसभा क्षेत्र में दो और जनसभाओं को भी संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री व भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली में उत्तम नगर और शकूर बस्ती में दो रैलियां भी कीं। पश्चिमी दिल्ली के उत्तम नगर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए, नड्डा ने आप पर तीखा हमला किया और आरोप लगाया कि पार्टी ने दिल्ली में अपने 10 साल के शासन के दौरान भ्रष्टाचार के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। केंद्रीय मंत्री ने आबकारी नीति मामले को आप के लगातार दो कार्यकालों के दौरान हुए कथित घोटालों में गिनाया। उन्होंने आरोप लगाया कि पार्टी ने अपने कार्यकाल के दौरान दिल्ली में सभी की जेबें काटी हैं। नड्डा ने सभा में कि आप सरकार ने दिल्ली में अपने 10 साल के शासन के दौरान भ्रष्टाचार के सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए। उन्होंने कहा, जो हर विभाग में भ्रष्टाचार में लिप्त होकर मुस्लिम समुदाय का प्रिय बन जाता है, उसने वक्फ बोर्ड में भी 100 करोड़ का घोटाला किया है। नड्डा ने आप के राष्ट्रीय संयोजक और पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को झूठा बताया। भाजपा नेता ने कहा, वह इतनी मासूमियत के साथ झूठ बोलते हैं कि अगर राष्ट्रीय स्तर पर झूठ बोलने की प्रतियोगिता आयोजित की जाए, तो वह पहले स्थान पर आएंगे। लेकिन दिल्ली की जनता विधानसभा चुनाव में आप को करारा जवाब देगी। इस बीच, यादव ने मादीपुर और रोहिणी में दो रैलियों को भी संबोधित किया। मादीपुर में अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सुप्रीमो झूठ बोलते रहते हैं। उन्होंने कहा, उन्होंने कहा कि वह कोई राजनीतिक पार्टी नहीं बनाएंगे, कोई बंगला या सुरक्षा नहीं लेंगे। उनकी खाल भैंस से भी मोटी है। पूर्व मुख्यमंत्री पर हमला करते हुए मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने केजरीवाल पर सत्ता के लिए इतना भूखा होने का आरोप लगाया कि गिरफ्तार होने के बावजूद उन्होंने इस्तीफा भी नहीं दिया। दिल्ली में भाजपा के अभियान की अगुवाई करते हुए उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पालम और दिल्ली कैंट निर्वाचन क्षेत्रों में दो रोड शो किए, जिसमें उनके समर्थन में बड़ी संख्या में समर्थक देखे गए।

## भारतीयों...

भी उसके साथ जुड़ जाती हैं, जो ठीक नहीं है। यह निश्चित रूप से प्रतिष्ठा के लिए भी अच्छा नहीं है। यह हर देश के साथ है और अमेरिका कोई अपवाद नहीं है, हमने हमेशा यही कहा है कि अगर हमारा कोई नागरिक अवैध रूप से वहां है और अगर हमें लगता है कि वे हमारे नागरिक हैं, तो हम हमेशा उनकी वैध भारत वापसी के लिए तैयार हैं।

## एनआरएआई...

यह कोई बुरी शुरुआत नहीं है। हम बेंगलुरू में जो हुआ, उसे देश के बाकी हिस्सों में क्यों नहीं दोहरा सकते?

## सैफ..

साथ मुंबई में रह रहा है। मैंने कल अदालत में इस पर बहुत स्पष्ट रूप से दलील दी। पुलिस उसे बलि का बकरा बनाने की कोशिश कर रही है, क्योंकि यह मामला बॉलीवुड सेलेब्रिटी से जुड़ा है। याद करें कि तड़के शरीफुल द्वारा कथित तौर पर उस पर चाकू से हमला किया गया था। इस बीच, विपक्षी कांग्रेस बृहस्पतिवार को सैफ बिल्डिंग से संबंधित फुटेज में देखे गए व्यक्ति और अपराध के सिलसिले में गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान को लेकर चल रहे विवाद में कूद पड़ी। महाराष्ट्र कांग्रेस प्रमुख नाना पटोले ने कहा, मीडिया दावा कर रही है कि सैफ-हमले से संबंधित सीसीटीवी फुटेज में देखा गया व्यक्ति और अपराध के लिए गिरफ्तार व्यक्ति एक नहीं हैं। मुंबई पुलिस को मामले में सफाई देनी चाहिए और स्पष्टीकरण जारी करना चाहिए और जनता के सामने सच्चाई पेश करनी चाहिए। इसी से संबंधित घटनाक्रम में, सत्तारूढ़ महायुति के दो नेताओं - शिंदे शिवसेना के संजय निरूपम और भाजपा मंत्री नितेश राणे - ने सवाल उठाया है कि बॉलीवुड अभिनेता, जिन्हें रीढ़ की हड्डी में एक चोट समेत कुल छह घाव थे, इतनी जल्दी गंभीर चोटों से कैसे उबर गए। एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना के उपनेता निरुपम ने कहा कि हालांकि उन्हें सैफ अली खान और उनके परिवार के प्रति पूरी सहानुभूति है, लेकिन उन्हें इस बात पर गंभीर संदेह था कि अभिनेता इतनी जल्दी कैसे ठीक हो गए। निरुपम ने कहा, जिस तरह से सैफ अली खान अस्पताल से बाहर आए, ऐसा लगा जैसे चार दिन पहले कुछ हुआ ही नहीं था... मैं डॉक्टरों से पूछना चाहता हूं कि क्या जिस व्यक्ति का ऑपरेशन 6 घंटे तक चला, वह 4 दिन में इतनी अच्छी हालत में बाहर आ सकता है। निरुपम ने कहा, यह खुलासा होना चाहिए कि हमला कितना घातक था और अभिनेता कितनी बुरी तरह घायल हुए थे। परिवार को आगे आकर इसका खुलासा करना चाहिए, क्योंकि इस घटना के बाद मुंबई में ऐसा माहौल बना दिया गया कि मुंबई की कानून-व्यवस्था ध्वस्त हो गई, गृह मंत्रालय विफल हो गया, महाराष्ट्र सरकार बर्बाद हो गई और मुंबई का हर नागरिक असुरक्षित है। वहीं बंदरगाह और मत्स्य पालन मंत्री राणे ने कहा जब मैंने सैफ को अस्पताल से बाहर आते देखा, तो मुझे संदेह हुआ कि क्या उन्हें छह दिन पहले चाकू मारा गया था या वह अभिनय कर रहे थे।

## दिल्ली चुनाव...

उल्लिखित अधिकतम खुदरा मूल्य या उचित बाजार मूल्य (जो भी अधिक हो) के हिसाब से दर्ज की जाती हैं। जबकि उम्मीदवार अपने स्वयं के व्यय रजिस्टर बनाए रखते हैं, चुनाव आयोग द्वारा नियुक्त व्यय पर्यवेक्षक, एक 'छाया' रजिस्टर तैयार करते हैं, और दोनों को नियमित रूप से अद्यतन करने की आवश्यकता होती है। कभी-कभी, एक अनौपचारिक व्यवस्था होती है जहां उम्मीदवार अपने दैनिक रजिस्टर का मिलान व्यय पर्यवेक्षकों के छाया रजिस्टर से करते हैं और किसी भी विसंगति को ठीक करते हैं। कुल मिलाकर, प्रत्येक उम्मीदवार के लिए विधानसभा सीटों के लिए चुनाव खर्च पर चुनाव आयोग की अधिकतम सीमा 40 लाख रुपये है। लोकसभा चुनावों के लिए यह सीमा 95 लाख रुपये है। पिछले कुछ वर्षों में खर्च की सीमा बढ़ी है। 2019 में, लोकसभा चुनाव के लिए यह सीमा प्रति उम्मीदवार 70 लाख रुपये और विधानसभा चुनावों के लिए 28 लाख रुपये थी। दिल्ली विधानसभा की 70 सीटों के लिए 699 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया है।

पायनियर
नई दिल्ली , शुक्रवार, 24 जनवरी, 2025



# विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए एकजुट रहना होगा : मोदी

भाषा। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को लोगों से विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने के लिए एकजुट रहने का आह्वान किया और उन्हें देश को कमजोर करने और इसकी एकता को तोड़ने की कोशिश करने वाली ताकतों से आगाह भी किया।महान स्वतंत्रता सेनानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के मौके पर ओडिशा के कटक में आयोजित पराक्रम दिवस कार्यक्रम को वीडियो संदेश के माध्यम से संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि नेताजी का जीवन लोगों के लिए निरंतर प्रेरणा का स्रोत है।उन्होंने कहा कि नेताजी ने आराम का क्षेत्र छोड़ने का विकल्प चुना और देश की आजादी के लिए संघर्ष करना पसंद किया।मोदी ने कहा, नेताजी सुभाष कंफर्ट जोन के बंधन में नहीं बंधे। इसी तरह आज हम सभी को विकसित भारत के निर्माण के लिए अपने कंफर्ट जोन से बाहर निकलना है। हमें खुद को दुनिया में सर्वश्रेष्ठ बनाना है और उत्कृष्टता को चुनना ही है, दक्षता पर ध्यान केंद्रित करना है। उन्होंने कहा कि नेताजी ने देश की स्वतंत्रता के लिए आजाद हिंद फौज का गठन किया और इसमें देश के हर क्षेत्र व हर वर्ग के लोग शामिल थे, जिनकी भाषाएं अलग-अलग थीं लेकिन भावना एक थी और वह थी देश की आजादी।उन्होंने कहा, यही एकजुटता आज विकसित भारत के लिए भी बहुत बड़ी सीख है। तब स्वराज के लिए हमें एक होना था, आज विकसित भारत के लिए हमें एक रहना है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज देश में विश्व में हर तरफ भारत की प्रगति के लिए अनुकूल माहौल है और दुनिया भारत की ओर देख रही है कि कैसे हम इस 21वीं सदी को भारत की शताब्दी बनाते हैं।उन्होंने कहा, ऐसे महत्वपूर्ण कालखंड में हमें नेताजी सुभाष की प्रेरणा से भारत की एकजुटता पर बल देना है। हमें उन लोगों से भी सतर्क रहना है, जो देश को कमजोर करना चाहते हैं, जो देश की एकता को तोड़ना चाहते हैं। उन्होंने अंडमान में बोस के नाम पर द्वीपों का नामकरण किए जाने और इंडिया गेट पर उनकी प्रतिमा की स्थापना और उनकी जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाने सहित कई फैसलों का जिक्र किया और कहा कि नेताजी भारत की विरासत पर बहुत गर्व किया करते थे।उन्होंने कहा, आज भारत गुलामी की मानसिकता से बाहर निकल रहा है, अपनी विरासत पर गर्व करते हुए विकास कर रहा है। मोदी ने कहा कि बीते 10 वर्षों में देश ने यह भी दिखाया है कि तेज विकास से सामान्य जन का जीवन भी आसान होता है और सैन्य सामर्थ्य भी बढ़ता है।उन्होंने कहा कि बीते दशक में 25 करोड़ भारतीयों को गरीबी से बाहर निकाला गया है और यह बहुत बड़ी सफलता है। आज गांव हो या शहर हर तरफ आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर का निर्माण हो रहा है, साथ ही भारत की सेना की ताकत में भी अभूतपूर्व वृद्धि हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज विश्व मंच पर भारत की भूमिका बढ़ रही है और भारत की आवाज बुलंद हो रही है तथा वह दिन दूर नहीं जब भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बनेगा।

**पराक्रम दिवस पर बोले प्रधानमंत्री**

# पिछले दस वर्षों में लगभग सभी वैचारिक कार्यों को पूरा किया गया: अमित शाह

भाषा। अहमदाबाद



केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बृहस्पतिवार को कहा कि नरेन्द्र मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 को हटाने समेत लगभग सभी लंबित वैचारिक कार्यों को पूरा कर लिया है और वह अपने तीसरे कार्यकाल में भी उसी रास्ते पर आगे बढ़ेगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेता यहां गुजरात विश्वविद्यालय परिसर में हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा मेला का उद्घाटन करने के बाद लोगों को संबोधित कर रहे थे। शाह ने दावा किया कि एक समय था जब हिंदू अपने ही देश में अपनी पहचान बताने से कतराते थे। उन्होंने कहा, दस साल में स्थितियां बदल गई हैं। अब हमारी विचारधारा के अनुसार लगभग सभी लंबित कार्य पूरे हो चुके हैं, चाहे वह जम्मू-कश्मीर से अनुच्छेद 370 को हटाना हो, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण हो, तीन तलाक की समाप्ति हो या समान नागरिक संहिता (यूसीसी) को लागू करना हो। राष्ट्रीय स्तर पर हालांकि समान नागरिक संहिता लागू नहीं की गई है, लेकिन भाजपा शासित राज्य उत्तराखंड ने इसे लागू कर दिया है और शाह ने पिछले महीने राज्यसभा में कहा था कि इसे सभी राज्यों में लागू किया जाएगा। शाह ने यहां अपने भाषण में कहा कि मोदी सरकार ने इन अधूरे कार्यों को दस साल में पूरा कर दिया जबकि पिछली सरकारों ने 70 साल तक इन्हें छुआ तक नहीं था। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में भी इसी दिशा में आगे बढ़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि यह गर्व की बात है कि 170 देशों ने योग को स्वीकार किया। केंद्रीय मंत्री ने कहा, जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान, दुनियाभर के नेता यहां आए और महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि अर्पित की, जो हमारे लिए भी गर्व की बात है। हिंदू आध्यात्मिक सेवा मेले के बारे में बात करते हुए शाह ने कहा कि हिंदू मंदिरों और संगठनों ने आदिवासियों को शिक्षित करने या लाखों गरीब नागरिकों को स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने समेत विभिन्न तरीकों से समाज की सेवा की है लेकिन उन्होंने कभी अपने काम का प्रचार नहीं किया। उन्होंने इस आयोजन के माध्यम से सभी सेवा-उन्मुख हिंदू संगठनों को एक छत के नीचे लाने के लिए आरएसएस को धन्यवाद दिया।

## अमेरिकी पाबंदियों का भारतीय तेल आपूर्ति पर दिखने लगा असर

नई दिल्ली। रूस के तेल क्षेत्र पर लगाए गए व्यापक अमेरिकी प्रतिबंधों ने भारत में कच्चे तेल के प्रवाह को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। सार्वजनिकक्षेत्र की भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने कहा है कि मार्च की आपूर्ति के लिए पर्याप्त कार्गो उपलब्ध नही है। अमेरिका ने 10 जनवरी को रूसी ऊर्जा क्षेत्र को निशाना बनाते हुए व्यापक प्रतिबंध लगाने की घोषणा की थी। इनमे रूसी तेल उत्पादकों गैजप्रोम नेफ्ट और सर्गुटनेफ्टगास पर प्रतिबंध, रूसी ऊर्जा निर्यात में शामिल 183 जहाजों को काली सूची में डालना और दर्जनों तेल व्यापारियो, तेल क्षेत्र सेवा प्रदाताओं, टैंकर मालिकों एवं प्रबंधकों, बीमा कंपनियों और ऊर्जा अधिकारियो पर प्रतिबंध शामिल है। इन प्रतिबंधों की घोषणा ऐसे समय मे की गई जब भारत की तेल रिफाइनिंग कंपनियां मार्च के कार्गो के लिए बातचीत शुरू कर रही थी।

## न्युवोको ने उठाया लाभ

मुंबई। न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, भारत की प्रमुख बिल्डिंग मैटीरियल्स कंपनी ने 31 दिसंबर, 2024 को समाप्त तिमाही के लिए अपने अनऑडिटेड वित्तीय परिणामों की घोषणा की। अपने सभी प्लांट्स में 25 एमएमटीपीए की संयुक्त स्थापित क्षमता के साथ, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड भारत में 5वां सबसे बड़ा सीमेंट समूह है और पूर्वी भारत में अग्रणी सीमेंट कंपनियों में से एक है। कंपनी वडराज सीमेंट लिमिटेड (वीसीएल) के लिए सफल रेजोल्यूशन आवेदक के रूप में उभरने के बाद वित्त वर्ष 2027 की तीसरी तिमाही तक 31 एमएमटीपीए सीमेंट क्षमता प्राप्त करने की दिशा में आगे बढ़ रही है। इस संबंध में आशय पत्र (लेटर ऑफ इंटेंट) पहले ही जारी किया जा चुका है। , जयकुमार कृष्णास्वामी, मैनेजिंग डायरेक्टर, न्युवोको विस्टास कॉर्प लिमिटेड, ने कहा कि कंपनी ने बाजार में अपनी स्थिति को मजबूत करने के लिए मांग के अवसरों को पूरी सक्रियता के साथ प्राप्त किया है और तिमाही के दौरान मजबूत वॉल्यूम ग्रोथ दर्ज की।

## डिजिटल बस के माध्यम से 2.5 लाख को मिल रही है स्किल्स और रोजगार

नई दिल्ली। एनआईआईटी फाउंडेशन की डिजिटल बस पहल भारत के दूरदराज और वंचित क्षेत्रों में डिजिटल असमानता को दूर करने का काम कर रही है। वर्तमान में 8 राज्यों में 16 डिजिटल बसों का सञ्चालन करते हुए यह पहल अपने दायरे को बढ़ा रही है। इस पहल में अब तीन अतिरिक्त बसें लगाने की योजना है। वंचित क्षेत्रों में टेक्नोलॉजी को सुलभ बनाने के लिए डिज़ाइन किया गया यह कार्यक्रम महत्वपूर्ण डिजिटल शिक्षा और स्किल ट्रेनिंग कमी को पूरा कर रहा है। एनआईआईटी फाउंडेशन की कंट्री डायरेक्टर सुश्री चारू कपूर ने इसके बारे में बताते हुए कहा, एक चलता फिरता क्लासरूप बनाकर दूर-दराज के क्षेत्रों में जाकर डिजिटल साक्षरता को बढ़ाया जा सकता है।

## नए बैंकिंग आउटलेट के साथ मजबूत हुआ क्षेत्र

मुंबई। उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड (उत्कर्ष एसएफबीएल) इस लॉन्च के साथ अपने नए बैंकिंग आउटलेट के उद्घाटन की घोषणा करते हुए प्रसन्न है। यह विस्तार वित्तीय समावेशन को बढ़ाने और गोमती नगर, लखनऊ के निवासियों को आवश्यक बैंकिंग सेवाएँ प्रदान करने के लिए बैंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।विस्तार पर टिप्पणी करते हुए, उत्कर्ष स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ, ी गोविंद सिंह ने कहा, लखनऊ के गोमती नगर में हमारे नए बैंकिंग आउटलेट का उद्घाटन, उत्तर प्रदेश में वित्तीय समावेशन के विस्तार की दिशा में हमारी यात्रा में एक रोमांचक अध्याय है।

## नागपुर, जयपुर, लखनऊ देश के शीर्ष तीन उभरते हुए शहर

भाषा। नई दिल्ली

भौतिक और सामाजिक बुनियादी ढांचे जैसे चार मापदंडों के आधार पर नागपुर, जयपुर एवं लखनऊ देश के शीर्ष तीन उभरते हुए शहर हैं। कोलियर्स इंडिया ने बृहस्पतिवार को एक रिपोर्ट में यह बात कही। रियल एस्टेट परामर्शदाता कोलियर्स इंडिया ने उभरते शहरों के विकास चालकों का मूल्यांकन करने के लिए एक व्यापक मापदंड-आधारित विश्लेषण किया। यह विश्लेषण भौतिक बुनियादी ढांचा, सामाजिक बुनियादी ढांचा, जनसांख्यिकी वृद्धि एवं आर्थिक विकास के साथ रियल एस्टेट क्षेत्र की गतिशीलता पर आधारित था। इस आकलन में उन शहरों को अधिक अंक हासिल हुए जहां सरकारी एवं निजी क्षेत्रों की विकास पहलों से प्रेरित एक स्थापित पारिस्थितिकी और भविष्य में मजबूत वृद्धि की क्षमता मौजूद है। उभरते शहरों के बीच नागपुर शीर्ष प्रदर्शन करने वाले शहर के रूप में उभरा जबकि जयपुर दूसरे और लखनऊ तीसरे स्थान पर रहे। इन तीनों शहरों के आने वाले वर्षों में भारतीय रियल एस्टेट बाजार में मजबूत उपस्थिति दर्ज कराने की उम्मीद है। कोलियर्स इंडिया के प्रबंध निदेशक (सलाहकार सेवा) स्वप्निल अनिल ने कहा कि एक्सप्रेसवे मार्गों के विस्तार से न केवल आवागमन में सुधार होगा, बल्कि शहरी विकास को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा, यह आर्थिक वृद्धि को बढ़ावा देता है, एकीकृत टाउनशिप एवं सामाजिक बुनियादी ढांचे के निर्माण को प्रोत्साहित करता है तथा पर्यटन को बढ़ावा देता है।

## अहिंसा की अवधारणा की रक्षा के लिए कभी-कभी हिंसा आवश्यक होती है : भैयाजी जोशी

भाषा। अहमदाबाद



राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के वरिष्ठ नेता भैयाजी जोशी ने भारत को शांति के पथ पर सभी को साथ लेकर चलने पर जोर देते हुए बृहस्पतिवार को कहा कि अहिंसा की अवधारणा की रक्षा के लिए कभी-कभी हिंसा आवश्यक होती है। उन्होंने यहां गुजरात विश्वविद्यालय के मैदान में हिंदू आध्यात्मिक सेवा मेला के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, हिंदू सदा ही अपने धर्म की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। अपने धर्म की रक्षा के लिए, हमें वे काम भी करने होंगे जिन्हें दूसरे लोग अधर्म करार देंगे और ऐसे काम हमारे पूर्वजों ने किए थे। जोशी ने पौराणिक ग्रंथ महाभारत का हवाला देते हुए कहा कि पांडवों ने अधर्म को खत्म करने के लिए युद्ध के नियमों की अनदेखी की। उन्होंने कहा, इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि हिंदू धर्म में अहिंसा का तत्व निहित है। हालांकि, कभी-कभी हमें अहिंसा की अवधारणा की रक्षा के लिए हिंसा का सहारा लेना पड़ता है। अन्यथा, अहिंसा की अवधारणा कभी सुरक्षित नहीं रहेगी। हमारे महान पूर्वजों ने हमें यह संदेश दिया है। आरएसएस नेता के अनुसार, भारत के लोगों को शांति के पथ पर सबको साथ लेकर चलना होगा क्योंकि जो सबको साथ लेकर चल सकता है वही शांति स्थापित कर सकता है। उन्होंने कहा कि अगर कोई धर्म लोगों को अपने-अपने धर्मों का पालन करने की अनुमति नहीं देता है तो शांति स्थापित नहीं होगी। जोशी ने कहा, भारत के अलावा कोई भी ऐसा देश नहीं है जो सभी देशों को साथ लेकर चलने में समर्थ हो। वसुधैव कुटुंबकम हमारी आध्यात्मिकता की अवधारणा है। अगर हम पूरी दुनिया को एक परिवार मान लें तो कोई संघर्ष नहीं होगा। उन्होंने कहा, जब हम कहते हैं कि भारत को मजबूत बनना चाहिए, तो हम असल में दुनिया को आश्वासन दे रहे हैं।

## भारत, अमेरिका, पश्चिम एशिया 2025 में 100 गीगावाट सौर क्षमता जोड़ेंगे, चीन बना रहेगा अग्रणी

भाषा। नई दिल्ली

भारत, अमेरिका और पश्चिम एशिया मिलकर 2025 में 100 गीगावाट सौर क्षमता जोड़ सकते हैं, जबकि चीन इस क्षेत्र में अगुवा बना रहेगा। वुड मैकेंजी की नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार, वैश्विक स्तर पर दो वर्षों तक सौर पैनल के अधिक संख्या में उपलब्ध होने से इसकी कीमतें कम रहने के बाद इस वर्ष मॉड्यूल की कीमतों में भी वृद्धि होगी। इससे विनिर्माताओं के मुनाफे में होने वाली भारी हानि की भरपाई हो सकेगी। मैकेंजी ने कहा, भारत, अमेरिका और पश्चिम एशिया पूर्व के उभरते केंद्रों से वैश्विक सौर विनिर्माण क्षमता में कम से कम 100 गीगावाट की वृद्धि के आसार हैं। चीन प्रमुख विनिर्माण केन्द्र बना रहेगा। चीन प्रमुख मॉड्यूल घटकों के लिए वैश्विक परिचालन क्षमता के 75 प्रतिशत (1.2 टेरावाट) के साथ विश्व का सौर विनिर्माण केंद्र बना रहेगा।

## धोखाधड़ी मामले में पूर्व विधायक सुभाष पासी गिरफ्तार

हरदोई (उप्र)। हरदोई पुलिस ने उत्तर प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल की बहन और एक अन्य व्यक्ति से धोखाधड़ी के मामले में समाजवादी पार्टी (सपा) के पूर्व विधायक सुभाष पासी को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। हरदोई देहात कोतवाली पुलिस ने पासी को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, हरदोई के रेलवेगंज के निवासी प्रकाश चंद्र गुप्ता ने 10 अक्टूबर 2023 को शिकायत दर्ज कराई थी। गुप्ता ने आरोप लगाया कि मूल रूप से गाजीपुर के निवासी और मुंबई के जुहू चर्च इलाके में रहने वाले सुभाष पासी ने एक परिचित अक्षय अग्रवाल के जरिए उनसे संपर्क किया। गुप्ता ने कहा कि पासी ने अपनी पत्नी रीना के साथ मिलकर मुंबई के आरामनगर में एक फ्लैट 2.5 करोड़ रुपए में बेचने की पेशकश की। गुप्ता ने कहा कि वह पासी को उत्तर प्रदेश के आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल की बहन रुचि गोयल से मिलवाने ले गए, जिन्होंने गवाहों की मौजूदगी में सुभाष और रीना को 49 लाख रुपए का चेक जारी किया। गुप्ता ने कहा कि चेक के जरिए रकम निकाल ली गई, लेकिन फ्लैट नहीं सौंपा गया। पुलिस ने बताया कि बाद में जब गुप्ता इस मामले को सुलझाने के लिए मुंबई गए, तो उन्हें फर्जी संपत्ति के दस्तावेज दिए गए। इसी तरह अक्षय अग्रवाल नामक व्यक्ति ने नौ अगस्त 2023 को एक अलग मामला दर्ज कराया, जिसमें दंपत्ति पर 49 लाख रुपए की हेराफेरी का आरोप लगाया गया।

## फिल्मकार रामगोपाल वर्मा को चेक बाउंस मामले में तीन महीने की सजा, गिरफ्तारी वारंट जारी

मुंबई। मुंबई की एक अदालत ने चेक बाउंस मामले में फिल्मकार रामगोपाल वर्मा को तीन महीने की सजा सुनाई है और उनके खिलाफ गैर जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। अंधेरी में न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) वाई पी पुजारी ने मंगलवार को वर्मा को परक्राम्य लिखत अधिनियम के प्रावधानों के तहत दंडनीय अपराध के लिए दोषी ठहराया। अदालत ने फिल्म निर्माता को आदेश की तारीख से तीन महीने के भीतर शिकायतकर्ता को 3,72,219 रुपए का मुआवजा देने का निर्देश भी दिया है। विस्तृत आदेश अभी उपलब्ध नहीं है। चूंकि आदेश पारित होने के समय वर्मा अदालत के समक्ष उपस्थित नहीं थे, इसलिए दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) के अनुसार सजा के निष्पादन के लिए उनकी गिरफ्तारी के वास्ते उनके खिलाफ स्थाई गैर-जमानती वारंट जारी किया गया। वर्मा की कंपनी के खिलाफ 2018 में एक कंपनी ने चेक बाउंस की शिकायत दर्ज कराई थी। अदालत ने अप्रैल 2022 में 5,000 रुपए की नकद जमानत राशि पर वर्मा को जमानत दे दी थी। वर्मा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मेरे और अंधेरी अदालत के बारे में खबरों के संबंध में, मैं स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह मेरे पूर्व कर्मचारी से संबंधित 2 लाख 38 हजार रुपए की राशि के 7 साल पुराने एक मामले से संबंधित है..मेरे वकील इसे देख रहे हैं। उन्होंने कहा, यह 2.38 लाख रुपए के लेनदेन से संबंधित नहीं है। विवाद एक गढ़े गए मामले में शोषण नहीं होने देने को लेकर है...मैं अभी इतना ही कह सकता हूं। शिकायतकर्ता की कंपनी की ओर से पेश हुए अधिवक्ता राजेश कुमार पटेल और आलोक सिंह ने अदालत के समक्ष एक हलफनामा पेश किया जिसमें कहा गया कि कंपनी पिछले कई वर्षों से हार्ड डिस्क उपलब्ध कराने के व्यवसाय में है।

## नेताजी बड़ी साजिश का शिकार हुए थे: ममता

अलीपुरद्वार। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस एक बड़ी साजिश का शिकार हुए थे और उन्होंने दुख जताया कि इतने वर्षों के बाद भी देश महान नेता के लापता होने के पीछे के रहस्य से पर्दा नहीं उठा पाया है। बनर्जी ने कहा, मुझे बहुत दुख होता है कि नेताजी का जन्मदिन तो हम जानते हैं, लेकिन इतने सालों बाद भी हम उनके लापता होने के बारे में अंधेरे में हैं...उनकी मौत कब और कैसे हुई। वह एक बड़ी साजिश का शिकार हुए हैं। उन्होंने देश के लिए कितनी लड़ाइयां लड़ीं, लेकिन हमें अभी भी पता नहीं है कि वे कहां खो गए। अलीपुरद्वार जिले के कालचीनी में एक बैठक को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा, सच्चाई का पता न लगा पाने का यह अफसोस हमेशा बना रहेगा।

## एआई भले ही बहुत कुछ कर रहा हो, फिर भी दिमाग, दिल और हाथ की जरूरत: जयंत

भाषा। दावोस



केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि कृत्रिम मेधा (एआई) भले ही काफी काम कर रहा है, लेकिन दुनिया को अभी भी मानव मस्तिष्क, दिल और हाथ की जरूरत है।यहां विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक के दौरान बुद्धिमान युग के लिए पुन: कौशलीकरण विषय पर आयोजित सत्र में कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री ने कहा कि गतिशीलता वह मुद्रा है जिसकी आज सभी व्यवसाय मांग कर रहे हैं।हल्के-फुल्के अंदाज में मंत्री ने कहा कि वह एआई को आकारहीन कहेंगे, क्योंकि भारतीय संदर्भ में कृत्रिम का मतलब नकली या गैरवास्तविक होता है। चौधरी ने कहा कि भारत पहले से ही भविष्य की जरूरतों के लिए अपनी युवा प्रतिभाओं को प्रशिक्षित करने पर काम कर रहा है।उन्होंने कहा कि मेरा काम अवरोधों को तोड़ना है और हमारा लक्ष्य स्कूल स्तर से ही भावी पीढ़ी को ऐसे कौशल प्रदान करना है जिनकी भविष्य में दुनिया में कहीं भी जरूरत पड़ सकती है। चौधरी ने कहा कि मैं ऐसी स्थिति नहीं चाहता जब भारत से कोई प्रशिक्षित कर्मचारी यूरोप आए और उसे बताया जाए कि उसे कुछ भी नहीं पता।उन्होंने कहा कि व्यक्तिगत रूप से उनके लिए हर दिन नए हुनर सीखने का दिन है। चौधरी ने कहा, मैं विपक्ष में था और अब मैं सरकार में हूं। मेरा राजनीतिक क्षेत्र किसान था और अब मेरा काम कौशल विकास और स्कूली शिक्षा है। अब जब कंपनियां एआई और डिजिटल बुनियादी ढांचे में सालाना 240 अरब डॉलर से अधिक का निवेश कर रही हैं, तो कौशल की कमी डिजिटल परिवर्तन की पूरी क्षमता खोलने में सबसे बड़ी बाधा बनी हुई है।

## हमारी आलोचना बंद करे शिवसेना (उबाठा), वरना 20 में से केवल दो विधायक बचेंगे: शिंदे

ठाणे। महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री और सत्तारूढ़ शिवसेना के प्रमुख एकनाथ शिंदे ने बृहस्पतिवार को शिवसेना (उबाठा) को चेतावनी दी कि अगर उसने उनकी पार्टी और महायुति की आलोचना बंद नहीं की तो उद्धव ठाकरे के नेतृत्व वाली पार्टी के पास मौजूदा 20 में से केवल दो विधायक ही बचेंगे। राज्य की जनता ने पिछले साल हुए विधानसभा चुनाव में शिवसेना (उबाठा) को करारा जवाब दिया और अब समय आ गया है कि वह आत्ममंथन करे। शिवसेना के संस्थापक बाल ठाकरे की जयंती पर उन्हें और अपने गुरु आनंद दिघे को श्रद्धांजलि देने के लिए यहां आनंद आश्रम के दौरे से इतर पत्रकारों से बातचीत में शिंदे ने यह भी कहा कि अन्य राज्यों में भी शिवसेना की मांग बढ़ रही है।

## महाकुंभ मेला 2025 में अनोखे वॉल आट का उद्घाटन

मुंबई। केप्री ग्लोबल कैपिटल लिमिटेड देश की प्रमुख नॉन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी है जिसे केप्री लोन्स के ब्रांड नाम से जाना जाता है। केप्री लोन्स ने प्रयागराज संगम में चल रहे महाकुंभ मेले में एक शानदार और वाइब्रेंट वॉल म्युरल पेंटिंग को लॉन्च किया है। इस वॉल म्युरल पेंटिंग को गंगा, यमुना और पौराणिक सरस्वती नदियों के पवित्र संगम के नजदीक लगाया गया है, जो सांस्कृतिक प्रतीक के साथ- साथ महत्वपूर्ण लैंडमार्क की भूमिका निभाता है। इस प्रकार, यह सदियों पुराने इस शानदार उत्सव के आध्यात्मिक और ऐतिहासिक महत्व का सम्मान करते हुए, यहाँ आने वाले लाखों तीर्थयात्रियों और लोगों को राह दिखाने का काम भी करता है। इस पहल के बारे में बात करते हुए, केप्री ग्लोबल के मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री राजेश शर्मा ने कहा, महाकुंभ मेला एक आयोजन से कहीं बढ़कर है यह लोगों की आस्था, एकजुटता और परम सत्य की खोज के सनातन मूल्यों की जीती-जागती मिसाल है। केप्री ग्लोबल में, हम लोगों के इस समागम के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व का तहे दिल से सम्मान करते हैं, जहाँ लाखों लोग अपनी जड़ों से जुड़ने और अपने जीवन में नई ऊर्जा जगाने के लिए एक साथ आते हैं। परंपरा को रचनात्मकता के साथ जोड़कर, हमारा उद्देश्य लोगों के अरमानों का सम्मान करना, स्थानीय प्रतिभा को सहयोग देना, और एक ऐसा लैंडमार्क बनाना है जो लोगों का हौसला बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें एकजुट करे। हम इस पहल के ज़रिये अपनी साझा विरासत की सुंदरता और गहराई का उत्सव मनाते हैं, इस ऐतिहासिक संगम में आने वाले लोगों के दिलों में अपनी अमिट छाप छोड़ना चाहते हैं।

## सुप्रीम कोर्ट ने मुकदमों में बड़ी संख्या में वकीलों के नाम जोड़े जाने पर जताई चिंता

नई दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को इस बात पर चिंता जताई कि मुकदमों में बड़ी संख्या में वकील अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हैं और उनके नाम कई पृष्ठों में होते हैं, जबकि आदेश केवल कुछ पन्नों का होता है। न्यायमूर्ति बेला एम त्रिवेदी और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने कहा कि यदि कोई वकील अदालत की प्रभावी तरीके से सहायता कर रहा है तो इसे उपस्थिति जोड़ने में कोई समस्या नहीं है। पीठ ने कहा, वकीलों के नाम 10 पृष्ठों में होते हैं और आदेश केवल कुछ पन्नों का। हम इस बारे में कोई आदेश पारित नहीं कर रहे हैं कि आदेश में वकीलों के नाम कैसे शामिल किए जाएं। चूंकि आप बार का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, इसलिए हम आपकी बात सुन रहे हैं। शीर्ष अदालत ने कहा कि हालांकि, कई वकील मामले में बहस करने वाले वकील के साथ उपस्थित हुए, लेकिन जब उनसे कहा गया तो किसी ने बहस नहीं की। पीठ ने सुप्रीम कोर्ट बार एसोसिएशन (एससीबीए) की ओर से न्यायालय में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल से कहा, या फिर हमें स्पष्ट रूप से कहना पड़ेगा आपका कोई अधिकार क्षेत्र नहीं है। वकील से जो भी जुड़ा है, उनके नाम शामिल किए जाएं।

# सैफ परिवार की 15,000 करोड़ की संपत्ति के भविष्य पर सवाल : वकील

भाषा। भोपाल



अभिनेता सैफ अली खान और उनके परिवार को विरासत में मिली भोपाल के पूर्व शासकों की 15,000 करोड़ रुपए की संपत्ति का भविष्य अधर में लटका हुआ है, क्योंकि शत्रु संपत्ति अभिरक्षक कार्यालय के आदेश के खिलाफ अपील दायर करने को लेकर अनिश्चितता बनी हुई है। उनके वकीलों ने यह जानकारी दी। वकीलों ने बुधवार को कहा कि अगर भोपाल के नवाब के उत्तराधिकारियों द्वारा भारत के शत्रु संपत्ति अभिरक्षक कार्यालय के आदेश के खिलाफ अपील दायर नहीं की जाती है, तो संपत्ति केंद्र के नियंत्रण में आ सकती हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि उन्होंने इस मुद्दे पर मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के 13 दिसंबर, 2024 के आदेश के बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन आने वाले मुंबई स्थित शत्रु संपत्ति अभिरक्षक कार्यालय के समक्ष अपील दायर की है या नहीं। सैफ अली खान की मां और मशहूर अभिनेत्री शर्मिला टैगोर (पटौदी) और अन्य ने भारत के शत्रु संपत्ति अभिरक्षक के 24 फरवरी, 2015 के उस आदेश को उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी, जिसमें भोपाल नवाब की संपत्ति को शत्रु संपत्ति कहा गया था। गृह मंत्रालय के अधीन प्राधिकरण ने इस आधार पर अपना फैसला सुनाया था कि नवाब मुहम्मद हमीदुल्ला खान की सबसे बड़ी बेटी आबिदा सुल्तान बेगम विभाजन के बाद पाकिस्तान चली गई थीं। इसलिए, ऐसी सभी संपत्ति जो उन्हें विरासत में मिलनी थीं, शत्रु संपत्ति हैं और भारत के शत्रु संपत्ति के अभिरक्षक के संरक्षण में हैं। हालांकि, वरिष्ठ अधिवक्ता और नवाबों की संपत्ति के विलय के विशेषज्ञ जगदीश छावनी ने 10 जनवरी, 1962 के एक आदेश का हवाला देते हुए कहा कि 1960 में हमीदुल्लाह खान की मृत्यु के बाद भारत सरकार ने साजिदा सुल्तान बेगम को ऐसी शासक के रूप में मान्यता दी, जो नवाब हमीदुल्लाह की सभी निजी संपत्ति, चल और अचल, की एकमात्र उत्तराधिकारी हैं और भारत सरकार को ऐसी संपत्ति को साजिदा सुल्तान बेगम को हस्तांतरित करने पर कोई आपत्ति नहीं है। उन्होंने पीटीआई-भाषा को बताया कि साजिदा सुल्तान बेगम नवाब हमीदुल्लाह की दूसरी बेटी हैं और चूंकि सबसे बड़ी बेटी (आबिदा) पाकिस्तान चली गईं, इसलिए साजिदा ऐसी सभी संपत्ति की मालिक बन गईं। बाद में साजिदा के बेटे मंसूर अली खान पटौदी (टाइगर पटौदी) इन संपत्ति के उत्तराधिकारी बने और उनके बाद सैफ अली खान इन संपत्ति के मालिक हैं, जिनकी अनुमानित कीमत लगभग 15,000 करोड़ रुपए है। लेकिन शत्रु संपत्ति के अभिरक्षक के आदेश के बाद स्वामित्व का अधिकार विवादित हो गया। जिसे शर्मिला टैगोर (सैफ अली खान की की मां और मंसूर अली खान पटौदी की पत्नी) ने 2015 में उच्च न्यायालय में चुनौती दी थी। सरकारी वकील ने 13 दिसंबर, 2024 को सुनवाई के दौरान बताया, वर्ष 2017 में शत्रु संपत्ति अधिनियम 1968 को पूर्वप्रभावी तिथि से निरस्त कर दिया गया है (

## उत्कर्ष ने 8वीं वर्षगांठ मनाई

मुंबई। उत्कर्ष स्मॉल फ इनेंस बैंक लिमिटेड गर्व के साथ अपनी 8वीं वर्षगांठ मना रहा हैए जो इसके विकास और वित्तीय समावेशन के प्रति निरंतर प्रतिबद्धता का प्रतीक है। 2017 में अपनी शुरुआत से लेकरए बैंक ने भारत भर में 1043 बैंकिंग आउटलेट्स के नेटवर्क के रूप में अपना विस्तार किया है। इस अद्वितीय यात्रा की सराहना करते हुएए बैंक अपनी वर्षगांठ के अवसर पर कई नई बैंकिंग आउटलेट्स का उद्घाटन कर रहा हैए जो इसके परिवर्तनकारी बैंकिंग सेवाओं को और अधिक समुदायों तक पहुंचाएगा। उत्कर्ष स्मॉल फ इनेंस बैंक लिमिटेड के एमडी और सीईओ गोविंद सिंह ने कहा कि हमारी 8वीं वर्षगांठ हमारे निरंतर विकास और सेवा उत्कृष्टता की खोज में एक गौरवपूर्ण क्षण है। 1043 बैंकिंग आउटलेट्स के साथ देश भर में एक अमिट छाप छोड़ने की हमारी यात्रा मेंए हमें अपने ग्राहकों का अटूट विश्वास और समर्थन प्राप्त करने का सौभाग्य मिला हैए जिसने हमें देश के अग्रणी स्मॉल फाइनेंस बैंक में से एक बनने में सक्षम बनाया है। हमारी 8वीं वर्षगांठ के इस दिन 15 नए आउटलेट्स का शुभारंभए जिसमें सिक्किम राज्य में हमारा पहला आउटलेट भी शामिल है] जो अब हमें 27 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुएए भारत भर में समुदायों की सेवा करने के हमारे समर्पण को और मजबूत करता है।

## नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर बीमारी का उपचार संभव

वाराणसी।नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजी? (एनएएफएलडी) ऐसा रोग है जिसमें लिवर में वसा (फैट) का जमाव हो जाता है और यह मामूली मात्रा में या बिल्कुल भी शराब का सेवन नहीं करने वाले लोगों को होता है। डॉ रिंकेश बंसल, एडिशनल डायरेक्टर, गैस्ट्रोएंटेरोलॉजी एंड हेपेटोबिलियरी साइंसेज, फोर्टिस गुरुग्राम ने बताया यह एक सामान्य कंडीशन है और शुरुआती स्टेज में इसके कोई लक्षण दिखायी नहीं देते। लेकिन यदि समय पर उपचार नहीं होता, तो यह गंभीर रोग में भी बदल सकता है और लिवर को नुकसान भी पहुंचा सकता है। इसकी वजह से सिरोसिस या लिवर कैंसर का खतरा भी बढ़ता है। इसके लक्षणों, जोखिम कारकों तथा प्रबंधन की रणनीतियों को समझना जरूरी है ताकि इस रोग से बचाव हो सके या रोग का सही तरीके से प्रबंधन किया जा सके। एनएएफएलडी के लक्षण: जैसा कि पहले ही बताया जा चुका है, शुरुआती स्टेज में कई बार एनएएफएलडी के कोई लक्षण दिखायी नहीं देते। जैसे-जैसे रोग ब?ता है, कुछ संकेत या लक्षण उभर सकते हैं, जिसमें थकान, पेट में बेचैनी, अकारण वजन कम होना, पीलिया (जॉन्डिस), पेट या पैरों में सूजन, गहरे रंग का पेशाब का पीला मल शामिल है।जोखिम संबंधी कारक: नॉन-अल्कोहलिक फैटी लिवर डिजी?(एनएएफएलडी) रोग के कई जोखिम कारक होते हैं, जिनमें प्रमुख इस प्रकार हैं:मोटापा: यह सबसे महत्वपूर्ण जोखिम कारकों में से है। शरीर में वसा का जमाव बढ़ने से लिवर में भी वसा का निर्माण होने लगता है।

# रूस ने यूक्रेन में युद्ध समाप्त नहीं किया तो शुल्क और प्रतिबंध लगाए जाएंगे: ट्रंप

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अपने रूसी समकक्ष व्लादिमीर पुतिन को यूक्रेन में बेतुके युद्ध को समाप्त करने को कहा है। ट्रंप ने चेतावनी देते हुए कहा है कि रूस यूक्रेन के खिलाफ युद्ध को खत्म करे या फिर अत्यधिक शुल्क और आगामी प्रतिबंधों का सामना करने के लिए तैयार रहे। अमेरिका के 47वें राष्ट्रपति के रूप में 20 जनवरी को शपथ लेने वाले ट्रंप ने बुधवार को अपने सोशल मीडिया मंच ट्रुथ सोशल पर यह बात कही। ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट में रूस के राष्ट्रपति पुतिन का नाम लिया और कहा कि उनके और पुतिन के बीच हमेशा अच्छे संबंध रहे हैं, लेकिन अब इस बेतुके युद्ध को खत्म करने का समय आ गया है।

वह रूस के खिलाफ कुछ कड़े कदम उठाने पर विचार कर रहे हैं और चाहते हैं कि युद्ध में और लोगों की जान नहीं जाए। आइए इस युद्ध को खत्म करते हैं, जो मेरे राष्ट्रपति रहते कभी शुरू ही नहीं होता। हम इसे आसान तरीके से या कठिन तरीके से कर सकते हैं और आसान तरीका हमेशा बेहतर होता है। अब समझौता करने का समय आ गया है। अब और लोगों की जान नहीं जानी चाहिए।

मैं रूसी लोगों से प्यार करता हूं तथा राष्ट्रपति पुतिन के साथ मेरे हमेशा बहुत अच्छे संबंध रहे हैं। हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि रूस ने हमें द्वितीय विश्व युद्ध जीतने में मदद की, इस प्रक्रिया में लगभग 60,000,000 लोगों की जान चली गई। चेतावनी दी कि अगर जल्द संघर्ष विराम समझौता नहीं हुआ, तो उनके पास रूस द्वारा अमेरिका और अन्य भागीदार देशों को बेची जाने वाली किसी भी वस्तु पर शुल्क, कर और प्रतिबंध लगाने के अलावा कोई अन्य विकल्प नहीं होगा। पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन के प्रशासन ने यूक्रेन में युद्ध के वित्तपोषण को लेकर रूस के राजस्व में कटौती करने के प्रयास के तहत इस महीने की शुरुआत में उसके तेल और ऊर्जा क्षेत्रों सहित विभिन्न रूसी आर्थिक क्षेत्रों पर कई प्रतिबंध लगा दिए थे।

ट्रंप कई महीनों से यूक्रेन में संघर्ष विराम का आह्वान कर रहे हैं और दोनों पक्षों से बातचीत करने का आग्रह कर रहे हैं। रूसी सेना ने 2022 की शुरुआत में यूक्रेन पर हमला किया था और तब से लेकर अब तक करीब तीन साल से जारी लड़ाई में दोनों पक्षों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है। अपने चुनाव प्रचार अभियान के दौरान ट्रंप ने बार-बार कहा कि अगर वह राष्ट्रपति चुने गए तो वह रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध को एक दिन में सुलझा सकते हैं।

# आत्मविश्वास से भरा और आशावादी प्रशासन है ट्रंप 2.0



**वाशिंगटन।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दूसरे कार्यकाल का प्रशासन आत्मविश्वास से भरा और आशावादी प्रशासन है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने आए थे और वह बुधवार को नई दिल्ली के लिए रवाना हो गए। जयशंकर ने भारतीय पत्रकारों के एक समूह से कहा, मैंने जो देखा वह वास्तव में आत्मविश्वास से भरा और आशावादी प्रशासन था। मैंने उनमें यही भावना देखी कि हमें काम पूरा करने की जरूरत है। जयशंकर ने एक सवाल के जवाब में कहा, आपकी साझेदारी उनके साथ है जिनके साथ हम काम कर सकते हैं क्योंकि (अमेरिका के) राष्ट्रपति और (भारत के) प्रधानमंत्री के बीच पहले से ही मजबूत तालमेल है। साथ मिलकर काम करने का हमारा इतिहास रहा है।

पिछले 48 घंटों में मैंने जो उत्साह और आत्मविश्वास देखा है, उसे देखते हुए मुझे लगता है कि यह एक असाधारण रूप से सक्रिय प्रशासन है। सिर्फ पिछले 48 घंटे ही नहीं, वे पदभार संभालने से पहले भी बहुत सक्रिय थे। मैंने जो ऊर्जा अनुभव की है, उसके आधार पर मैं आपको बता सकता हूं कि यह प्रशासन पूरी तरह से भारत के पक्ष में दिखाई देता है और हम निश्चित रूप से इसका उपयोग अपने संबंधों को और अधिक ऊंचे स्तर पर ले जाने के लिए करना चाहेंगे। जयशंकर ने बताया कि वह पहली बार किसी अमेरिकी राष्ट्रपति के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल हुए। उन्होंने कहा, मैं शपथ ग्रहण समारोह को देखने रोटुंडा में था। यह निश्चित रूप से बहुत प्रभावशाली था।

# अमेरिका में रिपब्लिकन के नियंत्रण वाली प्रतिनिधि सभा ने लैकेन रिले विधेयक को मंजूरी दी

**वाशिंगटन।** अमेरिका में रिपब्लिकन पार्टी के नियंत्रण वाली प्रतिनिधि सभा ने बुधवार को उस विधेयक को अंतिम मंजूरी दे दी, जिसका मकसद अवैध प्रवासियों पर अंकुश लगाना है। यह ऐसा पहला विधेयक होगा जिस पर अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप हस्ताक्षर कर सकते हैं। चोरी और हिंसक अपराधों के आरोपी अवैध प्रवासियों को हिरासत में लेने की बात कही गई है। इस विधेयक का नाम जॉर्जिया नर्सिंग छात्रा लैकेन रिले के नाम पर रखा गया है। लैकेन की पिछले साल वेनेजुएला में हत्या कर दी गई थी। इस विधेयक का पारित होना यह दर्शाता है कि ट्रंप की चुनावी जीत के बाद अप्रवास पर राजनीतिक बहस कितनी तेज हो गई है।

आव्रजन नीति अक्सर अमेरिकी संसद (कांग्रेस) में सबसे अधिक जटिल मुद्दों में से एक रही है, लेकिन राजनीतिक रूप से कमजोर डेमोक्रेट्स के एक महत्वपूर्ण गुट ने रिपब्लिकन के साथ मिलकर इस प्रस्ताव को 263-156 मतों से पारित करा लिया। अलबामा से रिपब्लिकन सीनेटर कैटी ब्रिट ने कहा, दशकों से, हमारी सरकार के लिए हमारी सीमा पर और हमारे देश के भीतर समस्याओं के समाधान पर सहमत होना लगभग असंभव रहा है। इस कानून को शायद सबसे महत्वपूर्ण आव्रजन प्रवर्तन विधेयक बताया जिसे कांग्रेस ने लगभग तीन दशकों में पारित किया है। फिर भी इस विधेयक के लिए अमेरिकी आव्रजन और सीमा शुल्क प्रवर्तन की क्षमताओं में भारी वृद्धि की आवश्यकता होगी लेकिन इसमें कोई नया वित्तपोषण शामिल नहीं है।

ट्रंप ने कई सरकारी आदेश जारी किए हैं, जिनका उद्देश्य मेक्सिको की सीमा को आव्रजन के लिए सील करना और अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे लाखों प्रवासियों को निर्वासित करना है।

ट्रंप ने बुधवार को शरणार्थियों के पुनर्वास को भी रद्द कर दिया, उनके प्रशासन ने स्थानीय कानून प्रवर्तन अधिकारियों पर मुकदमा चलाने के इरादे का संकेत दिया, जो उनकी नई आव्रजन नीतियों को लागू नहीं करते हैं। सदन में रिपब्लिकन ने पिछले साल 37 डेमोक्रेट्स के समर्थन से इस विधेयक को पारित किया था। यह डेमोक्रेटिक नियंत्रित सीनेट में अटक गया था। इस वर्ष रिपब्लिकन ने, जो अब दोनों कांग्रेस सदनों पर नियंत्रण रखते हैं, इसे अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बना लिया है। इस कानून के तहत, संघीय प्राधिकारियों को दुकान से चोरी जैसे अपराधों के आरोप में गिरफ्तार या आरोपित किसी भी प्रवासी को हिरासत में लेना आवश्यक होगा। सीनेटर एलेक्स पैडिला ने कहा कि संघीय अधिकारियों को अब हिंसक अपराध करने वालों के बजाय दुकानों से चोरी जैसे अपराधों के लिए गिरफ्तार किए गए प्रवासियों को हिरासत में लेने को प्राथमिकता देने के लिए बाध्य होना पड़ेगा।

## यूक्रेन पर रूस की जीत से नाटो की विश्वसनीयता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा: रूट

ब्रसेल्स। नाटो महासचिव मार्क रूट ने बृहस्पतिवार को चेतावनी दी कि यूक्रेन पर रूस की जीत से दुनिया के सबसे बड़े सैन्य गठबंधन की प्रतिरोधक शक्ति कमजोर हो जाएगी और इसकी विश्वसनीयता बहाल करने में खरबों डॉलर खर्च हो सकते हैं। नाटो रूस, बेलारूस और यूक्रेन के साथ अपने पूर्वी क्षेत्र में हजारों सैनिकों और उपकरणों की तैनाती कर रहा है, ताकि मास्को को संगठन के किसी भी 32 सदस्य देश के क्षेत्र में उसके युद्ध का विस्तार करने से रोका जा सके। रूट ने कहा, यदि यूक्रेन हार जाता है तो नाटो की प्रतिरोधक क्षमता को पुनः बहाल करने के लिए हमें अपने खर्च और औद्योगिक उत्पादन को बढ़ाने के मामले में इस समय की तुलना में बहुत अधिक खर्च करना होगा। स्विट्जरलैंड के दावोस में विश्व आर्थिक मंच के अवसर पर कहा, यह अरबों (डॉलर) अतिरिक्त नहीं, खरबों (डॉलर) अतिरिक्त होगा। रूट ने कहा कि यूक्रेन के पश्चिमी समर्थकों को रूस के पूर्ण आक्रमण के लगभग तीन साल बाद देश को दिए जा रहे अपने समर्थन को बढ़ाना चाहिए और कम नहीं करना चाहिए। रूट ने कहा, हमें युद्ध की दिशा बदलनी होगी। उन्होंने कहा कि पश्चिम (देश) 21वीं सदी में यह नहीं होने दे सकता कि एक देश दूसरे देश पर आक्रमण करे और उसे उपनिवेश बनाने की कोशिश करे। उन्होंने कहा, हम उन दिनों से आगे निकल चुके हैं। यूरोप में चिंता बढ़ रही है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप यूक्रेन के लिए प्रतिकूल शर्तों पर रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत करके युद्ध को जल्दी से जल्दी समाप्त करने की कोशिश कर सकते हैं, लेकिन रूट इस जल्दबाजी से चौकन्ने प्रतीत दिखे।

# लॉस एंजिलिस के उत्तर में जंगल की आग से घरों को खतरा

● **50,000 से अधिक लोगों को निकलने के आदेश**

**भाषा।** कैलिफोर्निया (अमेरिका)



**अमेरिका** में लॉस एंजिलिस के उत्तरी पर्वतीय क्षेत्र में लगी भीषण और तेजी से फैलती आग के कारण बुधवार को वहां रहने वाले 50,000 से अधिक लोगों को जगह खाली करने का आदेश या चेतावनी जारी गई। वहीं, दक्षिणी कैलिफोर्निया में प्रचंड हवाओं के कारण दो स्थानों पर पहले भड़की आग अब तक शांत नहीं हो पाई है। सुबह ह्यूजेस में लगी आग भड़क उठी और कुछ ही घंटों में 39 वर्ग किलोमीटर से अधिक के क्षेत्र में फैले पेड़ और झाड़ियां जलकर नष्ट हो गए, जिससे कास्टिक झील के पास काले धुएं का गुबार उठ गया। यह झील, भीषण आग की चपेट में रहे ईटॉन और पैलिसेड्स से लगभग 64 किलोमीटर दूर एक लोकप्रिय मनोरंजन क्षेत्र है। ईटॉन और पैलिसेड्स में तीसरे सप्ताह भी आग जल रही है। लॉस एंजिलिस काउंटी के शेरिफ रॉबर्ट लूना ने बताया कि 31,000 से अधिक लोगों को जगह खाली करने का आदेश दिया गया है तथा अन्य 23,000 लोगों को जगह खाली करने की चेतावनी दी गई है। लॉस एंजिलिस काउंटी के दमकल प्रमुख एंथनी मार्रोन ने कहा कि आग पर काबू पाना मुश्किल है, लेकिन अग्निशमन कर्मी काबू पाने में सफल हो रहे हैं। लूना ने कहा कि इंटरस्टेट 5 मार्ग के बंद किए गए हिस्से जल्द फिर से खोल दिए जाएंगे।

## कंबोडिया में चंद्र नववर्ष पर नकदी और भोजन बांटने के दौरान भगदड़ मची, चार लोगों की मौत

**फोम पेन्ह।** कंबोडिया की राजधानी फोम पेन्ह में चीन के चंद्र नववर्ष के मौके पर देश के सबसे अमीर व्यक्तियों में से एक उद्योगपति सोक कोंग द्वारा उपहार बांटने के दौरान मची भगदड़ में बृहस्पतिवार को चार लोगों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उपहार के रूप में लोगों को भोजन और नकदी बांटी जा रही थी। पुलिस प्रवक्ता सैम विचिका ने बताया कि जरूरतमंदों को उपहार के रूप में 10 डॉलर नकद धन और दो किलोग्राम चावल बांटने के लिए जब उद्योगपति सोक कोंग के फोम पेन्ह स्थित परिसर के द्वार खोले गए तब सैकड़ों की संख्या में लोग इसे लेने के लिए उमड़ पड़े। उपहार लेने की होड़ में वहां भगदड़ मच गई, जिसमें कई लोग कुचले गए। उन्होंने बताया कि कई लोग भीड़ में बेहोश होकर जमीन पर गिर गए, उन्हें अस्पताल ले जाया गया लेकिन दो महिलाएं और दो पुरुष मारे गए। घटना के बाद अधिकारियों ने भीड़ को हटाया और उपहार बांटने का काम रोक दिया। सोक कोंग ने होटल, कैसीनो और तेल उद्योगों सहित कई क्षेत्रों में निवेश किया है। माना जाता है कि कंबोडिया के पूर्व प्रधानमंत्री हुन सेन के साथ उनके घनिष्ठ व्यक्तिगत संबंध हैं। सोक कोंग और राजधानी फोम पेन्ह के अन्य अमीर लोग पारंपरिक रूप से चंद्र नववर्ष के अवसर पर हर साल गरीबों को उपहार बांटते हैं। अगले सप्ताह से चंद्र नववर्ष शुरू हो रहा है।

## क्विक न्यूज

### सूडान में हिंसा के मद्देनजर दक्षिण सूडान ने सोशल मीडिया पर अस्थाई प्रतिबंध लगाया

**जूबा।** सूडान में दक्षिण सूडानी नागरिकों के खिलाफ जारी हिंसा से संबंधित वीडियो सामग्री के प्रसार पर चिंताओं का हवाला देते हुए, दक्षिण सूडान के अधिकारियों ने बुधवार को दूरसंचार विभाग को 30 दिनों के लिए सोशल मीडिया पर रोक लगाने का आदेश दिया। राष्ट्रीय संचार प्राधिकरण की ओर से दूरसंचार कंपनियों को दिए गए निर्देश के अनुसार अस्थाई प्रतिबंध बृहस्पतिवार आधी रात से लागू हो जाएगा। इसे 90 दिनों तक बढ़ाया जा सकता है। इस बात पर जोर दिया गया है कि जनता की सुरक्षा के लिए यह कदम आवश्यक है। स्थिति नियंत्रित होते ही प्रतिबंध हटाया जा सकता है। ये प्रसारण सामग्री हमारे स्थानीय कानूनों का उल्लंघन करती है और सार्वजनिक सुरक्षा और मानसिक स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा पैदा करती है। गेजिरा राज्य में स्थानीय लड़ाकों द्वारा दक्षिण सूडानियों की हत्या किए जाने संबंधी वीडियो फुटेज सामने आने से दक्षिण सूडान के लोगों में नाराजगी है। सूडानी व्यापारियों की दुकानें लूटे जाने के बाद रात में भड़की जबाबी हिंसा के उपरांत, दक्षिण सूडान के अधिकारियों ने शाम से सुबह तक कर्फ्यू लगा दिया। अफ्रीकी संघ आयोग के अध्यक्ष मूसा फाकी महामत ने सूडान में दक्षिण सूडानी नागरिकों की क्रूर हत्याओं की निंदा की और लोगों से संयम बरतने का आग्रह किया। सूडान में जारी गृहयुद्ध ने अकाल और विश्व के अब तक के सबसे बड़े विस्थापन का संकट पैदा कर दिया है। अप्रैल 2023 में राजधानी खार्तूम में प्रतिद्वंद्वी सैन्य नेताओं के बलों के बीच लड़ाई भड़क उठी थी और उसके बाद से यह अन्य क्षेत्रों में भी फैल गई थी।

### सिंगापुर पर्यटन बोर्ड ने भारतीय यात्रियों के लिए साल भर चलने वाले कार्यक्रम का आरंभ किया

**सिंगापुर।** सिंगापुर पर्यटन बोर्ड ने भारतीय पर्यटकों के लिए साल भर चलने वाले कार्यक्रम की शुरुआत की है। दोनों देश अपने राजनयिक संबंधों की 60वीं वर्षगांठ मना रहे हैं। बोर्ड के भारत, पश्चिम एशिया, दक्षिण एशिया और अफ्रीका मामलों के क्षेत्रीय निदेशक मार्कस टैन ने बृहस्पतिवार को कहा, इस साल, हम भारत में अपने दोस्तों को रोमांचक अनुभवों के लिए हमारे साथ जुड़ने के लिए आमंत्रित करते है। हम दोनों देशों के बीच मित्रता के अगले दशक की शुरुआत करने के लिए उत्सुक है। टैन ने कहा, सिंगापुर का भारतीय पर्यटकों के लिए एक पसंदीदा गंतव्य होना, दोनों देशों के बीच कई समानताएं साझा करने का एक सबसे सुखद पहलू है। जनवरी से दिसंबर तक, सिंगापुर में कैपिटललैंड मॉल, चांगी एयरपोर्ट ग्रुप, आईओएन ऑर्चर्ड, ज्वेल चांगी एयरपोर्ट, पैरागॉन और मुस्तफा में खरीदारी के लिए पहुंचने वाले भारतीय पर्यटकों को विभिन्न उत्पादों पर विशेष छूट मिलेगी। टैन ने कहा कि इसके अलावा, भारत में 12 प्रमुख ट्रैवल एजेंसियां और एअर इंडिया, इंडिगो और सिंगापुर एयरलाइंस जैसी विमानन कंपनियां 2025 में सिंगापुर की यात्रा को प्रोत्साहित करने के लिए अभियान चलाएंगे। मुंबई स्थित सिंगापुर उच्चायोग के महावाणिज्यदूत चेओंग मिंग फूंग ने कहा, हम भारत और सिंगापुर के बीच मित्रता के 60 वर्ष पूरे होने का जश्न मना रहे है, ऐसे में दोनो देशों के बीच लगातार मजबूत होते संबंधों पर विचार करना वास्तव में सुखद है।

### वेस्ट बैंक में बस पर हमला करने वाले दो फलस्तीनी चरमपंथियों को इजराइली बलों ने किया ढेर

**यरुशलम।** इजराइली सुरक्षा बलों ने इस महीने की शुरुआत में वेस्ट बैंक मे एक बस पर घातक हमला करने वाले दो फलस्तीनी चरमपंथियों को ढेर कर दिया है। इजराइली सेना ने बृहस्पतिवार को कहा कि बीती रात दोनो व्यक्तियो की वेस्ट बैंक के बुरकिन गांव मे एक इमारत मे इजराइली सैनिकों से मुठभेड़ हुई, जिसमे दोनो मारे गए। एक सैनिक मामूली रूप से घायल हुआ है। सेना ने कहा कि मोहम्मद नज्जल और कतिबा अल-शलाबी इस्लामिक जिहाद चरमपंथी समूह के कार्यकर्ता थे। चरमपंथी समूह हमास ने एक बयान जारी कर दावा किया कि दोनो व्यक्ति उसके सशस्त्र विंग के सदस्य थे। समूह ने बस हमले की प्रशंसा की। हमास और इस्लामिक जिहाद सहयोगी है जो कभी-कभी एक साथ हमले करते है। छह जनवरी को इजराइलियों को ले जा रही बस पर हुए हमले में तीन लोग मारे गए थे और छह अन्य घायल हो गए थे। वर्ष 1967 मे हुए मध्यपूर्व युद्ध मे इजराइल ने वेस्ट बैंक पर कब्जा कर लिया था। फलस्तीनी इसे अब भी अपना हिस्सा मानते है।

### दक्षिण लंदन में चाकू से किए गए हमले में पांच घायल

**लंदन।** दक्षिण लंदन के क्रॉयडन मे बृहस्पतिवार सुबह चाकू से किए गए हमले मे पांच लोग घायल हो गए। मेट्रोपॉलिटन पुलिस ने बताया कि आसदा सुपरमार्केट के पास हुई इस घटना के सिलसिले मे एक संदिग्ध को गिरफ्तार किया गया है। प्राधिकारियो ने बताया कि चाकू से किए गए हमले मे घायल पांच लोगों मे से एक को गंभीर अवस्था में ट्रॉमा सेंटर ले जाया गया है, जबकि चार अन्य को अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। हालांकि, उन्होंने हमले के पीछे के मकसद के बारे मे कोई जानकारी नहीं दी।

## क्वाड कांग्रेसनल कॉकस ने की मंत्रिस्तरीय बैठक की सराहना

**वाशिंगटन।** क्वाड कांग्रेसनल कॉकस ने बुधवार को यहां क्वाड के विदेश मंत्रियों की बैठक की सराहना की और कहा कि नियम आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत को बनाए रखने के लिए परस्पर सहयोग को मजबूत करना अहम है। चतुष्पक्षीय सुरक्षा संवाद (क्वाड) में भारत, अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और जापान शामिल हैं। क्वाड कांग्रेसनल कॉकस के सह-अध्यक्षों ने एक संयुक्त बयान में कहा, हम जापान के विदेश मंत्री इवाया, ऑस्ट्रेलिया की विदेश मंत्री वोंग और भारत के विदेश मंत्री जयशंकर का क्वाड विदेश मंत्रियों की बैठक के लिए अमेरिका में स्वागत करते हैं, जो अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रूबियो द्वारा आयोजित पहली बहुपक्षीय बैठक है। प्रतिनिधि सभा के सदस्य अमी बेरा और रॉब विटमैन तथा सीनेटर टैमी डकवर्थ और पिट रिकेट्स द्विदलीय और द्विसदनीय कांग्रेसनल कॉकस के सह-अध्यक्ष हैं। बयान में कहा गया, नियम-आधारित अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था और स्वतंत्र एवं खुले हिंद-प्रशांत क्षेत्र को बनाए रखने के लिए क्वाड सहयोग को मजबूत करना महत्वपूर्ण है। हमें अपनी साझा समृद्धि को बढ़ाने, लचीली आपूर्ति श्रृंखला बनाने और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में समुद्री सुरक्षा सहयोग का विस्तार करने के लिए बहुपक्षीय सहयोग को प्रगाढ़ करते रहना चाहिए।

# नेपाल ने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने का शुल्क बढ़ाकर 15,000 अमेरिकी डॉलर किया

**भाषा।** काठमांडू

**नेपाल** ने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने के लिए परमिट शुल्क में 36 प्रतिशत की भारी वृद्धि की है और दुनिया की सबसे ऊंची चोटी पर कचरा फैलने से रोकने के लिए कई कदम भी उठाए हैं। संशोधित पर्वतारोहण नियमों के तहत वसंत ऋतु (मार्च-मई) में सामान्य दक्षिण मार्ग से एवरेस्ट पर चढ़ने वाले विदेशियों के लिए परमिट शुल्क मौजूदा 11,000 अमेरिकी डॉलर प्रति व्यक्ति से बढ़ाकर 15,000 अमेरिकी डॉलर कर दिया गया है। शरद ऋतु (सितंबर-नवंबर) के लिए चढ़ाई का शुल्क 5,500 अमेरिकी डॉलर से बढ़ाकर 7,500 अमेरिकी डॉलर कर दिया गया है। वहीं, सर्दियों (दिसंबर-फरवरी) और मानसून (जून-अगस्त) के लिए प्रति व्यक्ति परमिट शुल्क 2,750 अमेरिकी डॉलर से बढ़कर 3,750 अमेरिकी डॉलर हो गया है।

पर्यटन बोर्ड की निदेशक आरती न्यूपाने ने कहा कि इस संबंध में कैबिनेट का निर्णय पहले ही हो चुका है, हालांकि आधिकारिक घोषणा अभी बाकी है। उन्होंने कहा कि 8848.86 मीटर ऊंची चोटी पर चढ़ने के लिए शुल्क की नई दरें एक सितंबर 2025 से प्रभावी होंगी।

नेपाल राजपत्र में प्रकाशित होने के बाद कैबिनेट द्वारा अनुमोदित संशोधित नियम प्रभावी हो जाएंगे। हालांकि, उन्होंने कहा कि शरद ऋतु के लिए एवरेस्ट पर चढ़ने के इच्छुक नेपाली पर्वतारोहियों के वास्ते परमिट शुल्क को मौजूदा 75,000 रुपए से बढ़ाकर दोगुना यानी।,50,000 रुपए कर दिया जाएगा। परमिट शुल्क में आखिरी बार संशोधन एक जनवरी 2015 को किया गया था। इसके अलावा, चढ़ाई के लिए परमिट की 75 दिनों की अवधि को 55 दिन कर दिया जाएगा। दैनिक अखबार काठमांडू पोस्ट की खबर के अनुसार चढ़ाई की अवधि को कम करने का उद्देश्य गतिविधियों को सुव्यवस्थित करना है।

पर्यटन मंत्रालय में संयुक्त सचिव इंदु घिमिरे ने कहा, वसंत 2025 के लिए पहले से ही स्वीकार की गई बुकिंग पर इस बदलाव का असर नहीं पड़ेगा। घिमिरे के अनुसार कचरा प्रबंधन, ऊंचाई वाले क्षेत्रों के श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा और सरकारी राजस्व को बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित कर इस बदलाव को किया गया है। नए नियमों के अनुसार पर्वतारोही अपने साथ सिर्फ वही वस्तु ले जा सकेंगे जो पर्यटन विभाग द्वारा जारी किए गए परमिट दस्तावेज में सूचीबद्ध होंगी। पिछले साल वसंत ऋतु में 421 परमिट जारी किए गए थे। दो सौ विदेशियों सहित लगभग 600 पर्वतारोही शिखर पर पहुंचे थे और लगभग 2,000 लोग आधार शिविर में जुटे। खबर में कहा गया है कि आठ पर्वतारोहियों की मौत की घटनाएं भी सामने आईं।

## दक्षिण अफ्रीका से हजारों श्रद्धालुओं के महाकुम्भ में शामिल होने की उम्मीद

**जोहानिस्बर्ग।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में जारी महाकुम्भ में दक्षिण अफ्रीका से हजारों श्रद्धालुओं के जाने की उम्मीद है। जोहानिस्बर्ग में भारत के महावाणिज्यदूत महेश कुमार ने बुधवार शाम कहा, 13 जनवरी को महाकुम्भ की शुरुआत के बाद से कुछ ही दिनों में उन लोगों के लिए सौ से ज्यादा वीजा जारी किए जा चुके हैं जो इसमें शामिल होने के इच्छुक हैं और कई लोगों ने इसमें शामिल होने के लिए अपने प्रवासी भारतीय नागरिकता (ओसीआई) कार्ड का इस्तेमाल किया है। कुमार महाकुंभ 2025- वेयर स्पिरिचुएलिटी मीट्स टेक्निकल इनोवेशन नामक संगोष्ठी की मेजबानी कर रहे थे, जिसमें विभिन्न वक्ताओं ने इस आयोजन के इतिहास और आध्यात्मिक लाभों पर प्रकाश डाला। कुमार ने कहा, ट्रैवल एजेंट विशेष पैकेज भी तैयार कर रहे हैं, जिससे महाकुम्भ में लोगों की संख्या में और इजाफा होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, महाकुम्भ में शामिल होने के इच्छुक लोगों के मन में बहुत सारे प्रश्न हैं और इसी को देखते हुए यह संगोष्ठी आयोजित की गई है। दक्षिण अफ्रीका में पर्यावरण कार्यकर्ता एवं सेव सॉइल मूवमेंट के नेता त्सेके नकादिमेंग महाकुम्भ में जाएंगे। उन्होंने कहा, इस तरह का अगला महाकुम्भ साल 2169 में होगा। यह जानने के लिए कि यह वास्तव में है क्या, आपको वहां जाना ही चाहिए..। दक्षिण अफ्रीका के रामकृष्ण केंद्र के स्वामी विप्रानंद महाराज ने कहा कि दक्षिण अफ्रीका में किसी भी ऐसे व्यक्ति के लिए कुम्भ की कल्पना करना मुश्किल है जिसने इस तरह के आयोजन का अनुभव नहीं किया है।

# एअर इंडिया दो मार्च से तेल अवीव और दिल्ली के बीच उड़ानें फिर से शुरू करेगा

**भाषा।** यरूशलम

**इजराइल** के उत्तर और दक्षिण की ओर युद्ध विराम लागू रहने के मद्देनजर, एअर इंडिया सहित कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एयरलाइन ने युद्धग्रस्त क्षेत्र में हवाई संपर्क का विस्तार करते हुए उड़ानें फिर से शुरू करने की घोषणा की है। इजराइल में एअर इंडिया के एक प्रतिनिधि ने पीटीआई-भाषा को बताया, अब यह आधिकारिक हो गया है। हम 2 मार्च 2025 से उड़ानें फिर से शुरू कर रहे हैं। इजराइल में रह रहे कई भारतीयों को इससे राहत मिलने की उम्मीद है, क्योंकि भारतीय एयरलाइन की वेबसाइट ने उक्त मार्ग पर बुकिंग शुरू कर दी है।

इजराइल की यात्रा करना चुनौतीपूर्ण हो गया है, क्योंकि अधिकांश प्रमुख अंतरराष्ट्रीय एयरलाइनों ने देश के उत्तर में हिजबुल्ला के खिलाफ और दक्षिण में गाजा में हमास के खिलाफ युद्ध के मद्देनजर यहूदी राष्ट्र (इजराइल) के लिए अपनी उड़ानें रद्द कर दी हैं। फलस्तीनी इस्लामी समूह द्वारा 23 अक्टूबर 2023 को इजराइल पर हमला किए जाने के बाद यह निर्णय लिया गया था।

एयर फ्रांस ने घोषणा की है कि वह इस सप्ताह शनिवार से पेरिस-तेल अवीव मार्ग पर दैनिक उड़ानें पुनः शुरू करेगी। एयर फ्रांस-केएलएम समूह की कम लागत वाली सहायक कंपनी ट्रांसविया फ्रांस भी 28 जनवरी को उड़ान बहाल करेगी।

लुफ्थांसा एयरलाइंस समूह - जिसमें लुफ्थांसा, स्विस, ऑस्ट्रियन एयरलाइंस, ब्रुसेल्स एयरलाइंस और यूरोविंग्स शामिल हैं - ने सामूहिक रूप से बृहस्पतिवार को घोषणा की कि वे एक फरवरी से क्रमिक रूप से तेल अवीव से उड़ानें फिर से शुरू करेंगे। ब्रिटिश एयरवेज भी इजराइल के लिए उड़ानें शुरू करेगा। यह पांच अप्रैल को तेल अवीव और लंदन के बीच उड़ानें फिर से शुरू करेगा। इसकी शुरुआत एक दैनिक उड़ान के साथ होगी।

आयरिश कम लागत वाली दिग्गज एयरलाइन रयानएयर ने फरवरी 2024 से बेन गुरियन हवाई अड्डे के लिए उड़ानें निलंबित करने के बाद, इजराइल के लिए ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम संचालित करने की घोषणा की है। इजराइल और हिज्बुल्ला ने 27 नवंबर को युद्धविराम पर सहमति व्यक्त की, जो अब तक कुछ अड़चनों के बावजूद बरकरार है। इस बीच, इस्तांबुल से प्राप्त एपी की एक खबर के अनुसार, तुर्किए और सीरिया के बीच वाणिज्यिक उड़ानें 13 साल बाद बृहस्पतिवार को इस्तांबुल से दमिश्क के लिए तुर्की एयरलाइंस की उड़ान के साथ फिर से शुरू हो गई।

## अमेरिकी-मेक्सिको सीमा की सुरक्षा में पेंटागन 1,500 सैनिक भेजेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पदभार ग्रहण करते ही प्रवासियों पर नकेल कसने के लिए जारी शासकीय आदेश के तहत योजनाओं पर अमल शुरू हो गया है और पेंटागन, दक्षिणी सीमा की सुरक्षा के लिए 1,500 से अधिक सक्रिय सैनिकों को तैनात करना शुरू कर देगा। अमेरिकी अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। कार्यवाहक रक्षा मंत्री रॉबर्ट सेलेसेस द्वारा बुधवार को तैनाती के आदेश पर हस्ताक्षर किए जाने की उम्मीद थी, लेकिन अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि कौन से सैनिक या यूनिट जाएंगी। वहीं सैनिकों की संख्या में परिवर्तन भी हो सकता है। यह देखना अभी बाकी है कि क्या वे कानून प्रवर्तन का काम करेंगे या नही। सक्रिय ड्यूटी बल वहां पहले से ही मौजूद लगभग ढाई हजार अमेरिकी नेशनल गार्ड और रिजर्व बलों में शामिल हो जाएंगे। सैनिकों को रसद, परिवहन करने और अवरोध तैयार करने के लिए सीमा गश्ती एजेंटों की सहायता के मकसद से लगाया जाएगा। ट्रंप और पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन दोनों द्वारा सैनिकों को पहले भी वहां भेजे जाने पर उन्हे ए जिम्मेदारी सौंपी गई थी। पॉसे कॉमिटेटस एक्ट के तहत सैनिकों को कानून प्रवर्तन कार्य करने से प्रतिबंधित किया गया है, लेकिन इसमें बदलाव हो सकता है। अपने पहले के आदेशों में से एक में सोमवार को ट्रंप ने रक्षा मंत्री को सीमाओं को सील करने और अवैध सामूहिक प्रवासन को रोकने के लिए एक योजना बनाने का निर्देश दिया था।

# भारतीय संस्कृति को हॉलीवुड तक ले जाना चाहती हूं: भूमि

**दावोस (स्विट्जरलैंड)।** एलजीबीटीक्यूआई (समलैंगिक समुदाय), खुले में शौच और लैंगिक समानता जैसे प्रमुख सामाजिक मुद्दों पर फिल्मों में काम करने वाली अभिनेत्री भूमि पेडणेकर अब दुनिया के समक्ष मौजूद सबसे महत्वपूर्ण मुद्दे - जलवायु परिवर्तन पर फिल्म में काम करना चाहती हैं। वह भारतीय संस्कृति को वैश्विक मंच पर ले जाने के लिए हॉलीवुड में भी काम करना चाहती हैं।

पेडणेकर यहां विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की वार्षिक बैठक में बतौर युवा वैश्विक नेता के रूप में हिस्सा लेने आईं। उन्होंने कहा कि अगर कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का जिम्मेदारी से उपयोग किया जाए तो फिल्मों में इसका बेहतर इस्तेमाल किया जा सकता है। यहां पीटीआई-भाषा के साथ साक्षात्कार में पेडणेकर ने पत्रकारों द्वारा की जाने वाली कड़ी मेहनत की प्रशंसा की, जिसका एहसास उन्हें फिल्म भक्षक में एक रिपोर्टर की भूमिका के लिए शोध करते समय हुआ। भूमि को अभिनेत्री भूमि, जलवायु कार्यकर्ता भूमि या युवा वैश्विक नेता भूमि में से कौन सबसे ज्यादा पसंद है, इस प्रश्न पर उन्होंने कहा, मुझे वह भूमि पसंद है जो समाज पर प्रभाव छोड़ती है, चाहे वह फिल्मों के माध्यम से हो या सामाजिक कार्यों के माध्यम से, लेकिन प्रभाव सकारात्मक होना चाहिए।

जलवायु परिवर्तन के क्षेत्र में भूमि के काम के लिए उन्हें डब्ल्यूईएफ द्वारा युवा वैश्विक नेता घोषित किया गया है। उनकी पहल क्लाइमेट वॉरियर कचरा पृथक्करण, वर्षा जल संचयन, पुनर्चक्रण और उपयोग की गई वस्तु का पुनः प्रयोग सहित स्थाई जीवन पद्धतियों के लिए जमीनी स्तर की जलवायु परिवर्तन गतिविधियों के साथ सहयोग करती है। वह संयुक्त राष्ट्र विकास कार्यक्रम (यूएनडीपी) के साथ सतत विकास लक्ष्यों के लिए राष्ट्रीय पैरोकार भी हैं। उन्होंने कहा, अपने कॅरियर की शुरुआत से ही मैंने ऐसी कहानियों वाली फिल्में करने की कोशिश की है जो हमारे समाज को बेहतर बना सकें और लोगों की सोच में सकारात्मक बदलाव ला सकें। मैं पर्दे से हटकर भी इसी तरह की चीजें करने की कोशिश कर रही हूं और कुछ हद तक मैं उस प्रक्रिया का हिस्सा बनना चाहती हूं जो आने वाली पीढ़ियों के लिए बेहतर पर्यावरण, बेहतर समाज और बेहतर पृथ्वी छोड़ जाए।

अपनी फिल्मों में सामाजिक मुद्दों पर आधारित विभिन्न प्रकार के किरदार निभाने वाली पेडणेकर ने कहा कि वह निश्चित रूप से ऐसी फिल्म में काम करना चाहेंगी जो जलवायु परिवर्तन के बारे में बात करती हो। अभिनेत्री ने कहा, दावोस में भारत का प्रतिनिधित्व करना मेरे लिए बहुत सम्मान की बात है। मैं हमेशा रात को सोते समय राहत महसूस करती हूं और सोचती हूं कि मैंने आज कुछ अच्छा किया जिसका कुछ सकारात्मक प्रभाव पड़ा। यहां आकर और इतने सारे वैश्विक नेताओं से मिलकर मुझे बहुत संतुष्टि मिली जो इसे एक बेहतर दुनिया बनाना चाहते हैं। मैंने यहां बहुत कुछ सीखा है और अब मुझे लगता है कि उन सीख पर अमल करने का समय आ गया है। पेडणेकर ने कहा कि वह निश्चित रूप से हॉलीवुड की फिल्मों में काम करना चाहेंगी लेकिन वह भारतीय फिल्मों में काम करना कभी नहीं छोड़ेंगी। मुझे लगता है कि कला की कोई भाषा या भौगोलिक सीमा नहीं होनी चाहिए। मैं अपनी संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रस्तुत करना चाहती हूं, क्योंकि मुझे भारतीय होने पर गर्व है और मैं बहुत देशभक्त हूं। मेरा देश और हमारी फिल्में हमेशा मेरे अंदर रहेंगी।

पायनियर
नई दिल्ली , शुक्रवार, 24 जनवरी, 2025



# स्वियातेक उलटफेर की शिकार

## आस्ट्रेलिया ओपन : कीज ने हराया, फाइनल में सबालेंका की चुनौती

भाषा। मेलबर्न

**अमेरिका की** मैडिसन कीज ने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के सेमीफाइनल में बृहस्पतिवार को यहां मैच प्वाइंट का बचाव करते हुए विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज पोलैंड की इगा स्वियातेका को शिकस्त दी। विश्व रैंकिंग में 14वें स्थान पर काबिज 29 साल की कीज ने शुरुआती सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करते हुए 5-7, 6-1, 7-6 (10-8) से जीत दर्ज की। कीज के सामने शनिवार को होने वाले खिताबी मुकाबले में शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी एरिना सबालेंका की चुनौती होगी। बेलारूस की 26 साल की सबालेंका ने अपनी अच्छी सहेली और 11वीं वरीयता प्राप्त पाउला बडोसा को 6-4, 6-2 से हराकर लगातार तीसरी बार ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैम्पियन बनने की ओर कदम बढ़ाया। स्वियातेक को शिकस्त देने के बाद कीज कोर्ट पर बैठ गई और रैकेट नीचे रख अपने हाथों से सिर को पकड़ लिया। उन्होंने शायदा मैच में शानदार वापसी करने को काफी नाटकीय समापन करार देते हुए कहा, मैं अब भी यह समझने की कोशिश कर रही हूं कि मैंने यह सब कैसे किया। इस 19वीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने पांच बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन को हराने को बड़ी सफलता करार देते हुए कहा, मुझे ऐसा लगा जैसे मैं इसमें बने रहने के लिए संघर्ष कर रही हूं। यह बहुत ज्यादा उतार-चढाव से भरा मैच था। सबालेंका अगर इस बार भी चैंपियन बनती है तो फिर वह ऑस्ट्रेलियाई ओपन के महिला एकल में मार्टिना हिंगिस के बाद खिताबी हैट्रिक बनाने वाली पहली खिलाड़ी बन जाएगी। हिंगिस ने 1997 से 1999 तक यह कारनामा किया था। सेरेना विलियम्स भी 2015 से 2017 तक तीन बार इसके फाइनल में पहुंची है लेकिन वह दो बार चैंपियन बनी थी। फाइनल में जगह बनाने के बाद सबालेंका ने कहा, मेरे रोंगटे खड़े हो रहे हैं। मुझे अपने आप पे गर्व है।



### भारतीय डेविस कप टीम की टोगो मुकाबले की तैयारी


नई दिल्ली। युवा खिलाड़ी करण सिंह, युवान नांदल और चिराग दुहान ने टोगो के खिलाफ आगामी डेविस कप मुकाबले की तैयारी के लिए बृहस्पतिवार को यहां डीएलटीए में जमकर पसीना बहाया। सीनियर खिलाड़ी रामकुमार रामनाथन सत्र के मध्य में टीम में शामिल हुए और शुक्रवार को ट्रेनिंग शुरू करेंगे जबकि शशि मुकुंद, एन श्रीराम बालाजी और ऋत्विक चौधरी बोलिपल्ली जल्द ही पहुंचेंगे। बालाजी और बोलिपल्ली ने ऑस्ट्रेलियन ओपन में भाग लिया था। कोच आशुतोष सिंह ने सुबह की तरह ही गहन सत्र के बाद शाम को ढाई घंटे का सत्र कराया। चूंकि डीएलटीए सेंटर कोर्ट अभी भी तैयार किया जा रहा था इसलिए शाम का सत्र शो कोर्ट में कराया गया जो मैच कोर्ट से तेज है। सत्र के बाद आशुतोष ने कहा, पहला दिन बहुत अच्छा रहा। हमने आज कुछ कड़ा अभ्यास किया। लाइव बॉल ट्रेनिंग काफी महत्वपूर्ण थी। यह कोच को खिलाड़ियों की मूवमेंट के बारे में अच्छी जानकारी देता है।

## आईसीसी अध्यक्ष जय शाह को विश्व क्रिकेट कनेक्ट्स सलाहकार बोर्ड में शामिल किया गया

**लंदन।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) के अध्यक्ष जय शाह को नवगठित विश्व क्रिकेट कनेक्ट्स सलाहकार बोर्ड में शामिल किया गया है जो एक स्वतंत्र ग्रुप है जो सात और आठ जून को लॉर्ड्स में एक चर्चा के दौरान खेल में कई तरह की चुनौतियों और मौकों पर चर्चा करेगा।विश्व क्रिकेट में सबसे प्रभावशाली व्यक्ति माने जाने वाले बीसीसीआई के पूर्व सचिव शाह ने पिछले साल एक दिसंबर को आईसीसी अध्यक्ष का पद संभाला था और विश्व क्रिकेट कनेक्ट्स फोरम में उनका शामिला होना उनके लिए अपने विचारों को व्यापक मंच पर पहुंचाने का एक मौका है। क्रिकेट के नियमों के संरक्षक मैरीलबोन क्रिकेट क्लब ने घोषणा की कि विश्व क्रिकेट कनेक्ट्स खेल के सबसे प्रमुख विचारकों और प्रभावशाली लोगों को एक साथ लाने वाला कार्यक्रम इस साल एक बार फिर आयोजित किया जाएगा। यह फोरम 2024 में पहले ही साल में क्रिकेट से जुड़े सभी प्रभावशाली लोगों को एक साथ लाने में बेहद लोकप्रिय साबित हुआ था ।

## लक्ष्य और सात्विक-चिराग इंडोनेशिया मास्टर्स से बाहर

भाषा। जकार्ता



**भारत के बैडमिंटन** खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय मंच पर निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा जिसमें लक्ष्य सेन तथा सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की स्टार पुरुष युगल जोड़ी बृहस्पतिवार को यहां इंडोनेशिया मास्टर्स सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में हारकर बाहर हो गए। भारत के 10वीं रैंकिंग के खिलाड़ी लक्ष्य का अंतरराष्ट्रीय सर्किट पर संघर्ष जारी रहा, उन्हें जापान के केंटा निशिमोटो से 50 मिनट में 16-21 21-12 21-23 से पराजय मिली। इतना ही काफी नहीं था, एशियाई खेलों के चैम्पियन सात्विक और चिराग भी टूर्नामेंट से बाहर हो गए। उन्हें थाईलैंड के किटिनुपोंग केद्रेन और देचापोल पुआवारानुक्रोह की जोड़ी से 20-22 21-23 से हार का मुंह देखना पड़ा। इससे पहले ध्रुव कपिला और तनीषा क्रास्टो की मिश्रित युगल जोड़ी को भी दूसरे दौर में हार का मुंह देखना पड़ा। इस भारतीय जोड़ी को बढ़त बनाने के बावजूद मलेशिया के पांग रोन हू और सु यिन चेंग की जोड़ी से 21-18 15-21 19-21 से हार का सामना करना पड़ा। एशियाई खेलों के रजत पदक विजेता और राष्ट्रमंडल खेलों के स्वर्ण पदक विजेता सेन ने मैच में खराब शुरूआत की और पहला गेम गंवा बैठे। उन्होंने दूसरा गेम जीत कर अच्छी वापसी की लेकिन तीसरे और निर्णायक गेम में कड़ी चुनौती पेश करने के बावजूद उन्हें हार का सामना करना पड़ा। बुधवार को दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू और उभरते हुए पुरुष एकल खिलाड़ी प्रियांशु राजावत पहले दौर में बाहर हो गए थे।

## अश्विन अगले कुछ वर्षों में काफी कुछ करने के लिए तैयार

**लंदन।** भारतीय क्रिकेटर होने के दबाव से निपटने के बाद आर अश्विन अगले कुछ वर्षों में क्रिकेट के मैदान पर और भी बहुत कुछ करने की तैयारी में है। इस 38 वर्षीय खिलाड़ी ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तीसरे टेस्ट के बाद संन्यास की घोषणा करके क्रिकेट जगत को चौंका दिया था। वह अगले दिन चेन्नई स्थित अपने घर वापस आ गए जहां लोगों ने उनका जबरदस्त स्वागत किया। स्काई स्पोर्ट्स पर इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल एथरटन और नासिर हुसैन के साथ बातचीत में अश्विन ने कहा कि श्रृंखला के बीच में संन्यास लेने का एक कारण यह था कि उन्हें अपने खेल से रचनात्मक संतुष्टि नहीं मिल रही थी। उन्होंने कहा, जब लोग मुझसे पूछते हैं आगे क्या है? जो एक पंक्ति जो मैंने हमेशा कही है वह यह है कि जिस दिन मैं जागूंगा और महसूस करूंगा कि मेरे काम में रचनात्मकता की कमी है या कोई दिशा नहीं है, तब मैं संभवत: उसे छोड़ दूंगा। उन्होंने कहा, मुझे निश्चित रूप से लगता है कि रचनात्मक पक्ष के मामले में बहुत कुछ तलाशने को नहीं था।

# भारत के स्टार खिलाड़ियों की रणजी में निराशाजनक वापसी

भाषा। मुंबई


**रोहित** शर्मा, ऋषभ पंत और शुभमन गिल जैसे स्टार भारतीय खिलाड़ियों की रणजी ट्रॉफी में वापसी निराशाजनक रही और वे गुरुवार को अपनी अपनी टीमों से खेलते हुए सस्ते में आउट होकर पवेलियन लौटे।अनुभवी ऑल राउंडर रविंद्र जडेजा ही अपेक्षाओं पर खरे उतरे। उन्होंने पांच विकेट लिए जिससे सौराष्ट्र ने दिल्ली की टीम को 188 रन पर आउट कर दिया। राष्ट्रीय टीम के अन्य खिलाड़ियों ने हालांकि निराश किया।ऑस्ट्रेलिया में निराशाजनक प्रदर्शन करने के बाद भारतीय कप्तान रोहित अगले महीने शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले अपने नाम पर कुछ रन लिखवाना चाहते थे लेकिन जम्मू कश्मीर के खिलाफ मुंबई की पहली पारी में ऐसा नहीं हो पाया। रोहित केवल तीन रन बनाकर आउट हो गए। रोहित ने तेज गेंदबाज उमर नजीर मीर की गेंद को पुल करने का प्रयास किया लेकिन गेंद उनके बल्ले का किनारा लेकर मिड ऑफ पर खड़े जम्मू कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा के सुरक्षित हाथों में चली गई। भारतीय टीम में उनके साथी सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल भी केवल चार रन बना पाए। जायसवाल को जम्मू कश्मीर के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज आकिब नबी ने पगबाधा आउट किया।उमर ने मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे (12) को भी पवेलियन भेजा। चैंपियंस ट्रॉफी के लिए भारतीय टीम में शामिल किए गए श्रेयस अय्यर भी केवल 11 रन बना पाए। उन्होंने तेज गेंदबाज युद्धवीर सिंह की गेंद पर मिड ऑन पर कैच थमाया। इन प्रमुख खिलाड़ियों के निराशाजनक प्रदर्शन से मुंबई की टीम पहली पारी में 120 रन पर आउट हो गई। लंबे समय बाद दिल्ली की तरफ से रणजी ट्रॉफी में खेल रहे पंत राजकोट में सौराष्ट्र के खिलाफ 10 गेंद पर केवल एक रन बना पाए। उन्हें बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्रसिह जडेजा ने आउट किया। बेंगलुरु में पंजाब और कर्नाटक के बीच खेले जा रहे मैच में गिल केवल चार रन बना पाए। उन्होंने पंजाब की पारी के चौथे ओवर में अभिलाष शेट्टी की गेंद पर विकेट के पीछे कैच दिया।भारतीय क्रिकेट बोर्ड ने ऑस्ट्रेलिया में टीम के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद फिट होने की स्थिति में सभी खिलाड़ियों के लिए घरेलू क्रिकेट में खेलना अनिवार्य कर दिया है। इसके बाद ही इन खिलाड़ियों ने अपनी अपनी टीमों के लिए खुद को उपलब्ध रखा।

## घरेलू क्रिकेट में वापसी में फ्लॉप रहे रोहित शर्मा, मुंबई ने पहली पारी में बढ़त गंवाई



**मुंबई।** भारतीय कप्तान रोहित शर्मा का लाल गेंद के क्रिकेट में खराब फॉर्म जारी रहा और गुरुवार को यहां रणजी ट्रॉफी के एलीट ग्रुप ए मैच में मुंबई ने जम्मू-कश्मीर के खिलाफ पहली पारी में बढ़त गंवा दी। तेज गेंदबाजों की मददगार विकेट पर टॉस जीतकर बल्लेबाजी करना अजिंक्य रहाणे की अगुवाई वाली टीम के लिए महंगा साबित हुआ क्योंकि मुंबई की टीम महज 120 रन पर आउट हो गई और जवाब में जम्मू-कश्मीर ने पहले दिन स्टंप तक सात विकेट पर 174 रन बनाकर 54 रन की बढ़त हासिल की। मैच के पहले दिन में 17 विकेट गिरे। शार्दुल ठाकुर ने 57 गेंद में पांच चौकों और दो छक्कों की मदद से 51 रन बनाकर मुंबई को सात विकेट पर 47 रन के स्कोर से संभालकर 100 रन के पार पहुंचाया। लगभग एक दशक के बाद रणजी ट्रॉफी में खेलने उतरे रोहित की मौजूदगी निराशाजनक साबित हुई क्योंकि वह फिर एक साधारण शॉट पर आउट हो गए। उनकी उपस्थिति को देखते हुए बड़ी संख्या में दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद थी, लेकिन ऐसा नही हुआ। जम्मू-कश्मीर के उमर नजीर (41 रन देकर चार विकेट) की गेंद ने भारतीय कप्तान को चौका दिया और भारतीय टेस्ट सलामी जोड़ीदार यशस्वी जायसवाल के महज चार रन पर पगबाधा आउट होने के तुरंत बाद वह मिड-ऑफ पर पारस डोगरा को आसान कैच थमाकर पवेलियन पहुंच गए। रोहित ने गेंद को लेग साइड पर खेलने की कोशिश की लेकिन गेंद बल्ले का ऊपरी किनारा छू गई जो ऑस्ट्रेलिया में बॉक्सिंग डे टेस्ट और पिछले साल न्यूजीलैंड के खिलाफ मुंबई टेस्ट की दूसरी पारी में आउट होने जैसा ही था। फिर रोहित ने पूरा दिन क्षेत्ररक्षण किया। जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज नबी, नजीर और युद्धवीर सिंह (31 रन देकर चार विकेट) ने परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाया। पर इसके बाद बीकेसी ग्राउंड की पिच बल्लेबाजी के लिए थोड़ी आसान हो गई।

## गिल फ्लॉप रहे, कर्नाटक ने पंजाब को 55 रन पर समेटकर पहले दिन बढ़त हासिल की



बेंगलुरु। रविचंद्रन स्मरण के संयम से बनाए गए अर्धशतक और तेज गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन से कर्नाटक ने बृहस्पतिवार को यहां पंजाब के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप सी मैच पर पूरी तरह से नियंत्रण बना लिया। कप्तान शुभमन गिल के खराब प्रदर्शन का पंजाब की पारी पर बुरा असर पड़ा और टीम पहली पारी में महज 55 रन पर ढेर हो गई। स्मरण ने अपनी पूरी तकनीकी सूझबूझ का इस्तेमाल किया और 100 गेंद में 12 चौके और एक छक्के से नाबाद 83 रन बनाए जिससे कर्नाटक ने पहले दिन स्टंप तक चार विकेट पर 199 रन बना लिए। घरेलू टीम अब 144 रन से बढ़त बनाए है जिसमें अहम योगदान वासुकी कौशिक (16 रन देकर चार विकेट), अभिलाष शेट्टी (19 रन देकर तीन विकेट) और प्रसिद्ध कृष्णा (11 रन देकर दो विकेट) की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के शानदार स्पैल का रहा। दिन के एक अन्य मैच में कप्तान अंकित कुमार ही 57 रन की पारी खेल पाए और हरियाणा के बाकी बल्लेबाज तेज गेंदबाज सूरज सिंधू जायसवाल (46 रन देकर छह विकेट) के सामने टिक नही सके जिससे बंगाल ने पहले दिन मैच पर दबदबा कायम किया।बंगाल ने स्टंप तक एक विकेट गंवाकर 10 रन बना लिए। मध्यक्रम के बल्लेबाज आयुष लोहारुका ने 101 रन (227 गेंद, 13 चौके, एक छक्का) बनाए जिससे बिहार ने पहले दिन उत्तर प्रदेश के खिलाफ पहली पारी में 248 रन बनाए। आयुष को शरमन निग्रोध (44) और सचिन कुमार (38) का अच्छा साथ मिला।उत्तर प्रदेश के लिए तेज गेंदबाज शिवम मावी ने चार विकेट लिए। उत्तर प्रदेश ने अपनी पहली पारी में एक ओवर में बिना किसी नुकसान के चार रन बना लिए। तिरुवनंतपुरम में एक अन्य मैच में तेज गेंदबाज एमडी निधीश के पांच विकेट की मदद से केरल ने मध्य प्रदेश को 160 रन पर समेट दिया और फिर स्टंप तक बिना किसी नुकसान के 54 रन बना लिए। मध्य प्रदेश के लिए कप्तान शुभम शर्मा 134 गेंद में 54 रन बनाकर शीर्ष स्कोरर रहे।

## जडेजा के पांच विकेट से सौराष्ट्र ने दिल्ली पर कसा शिकंजा

### पंत ने किया निराश



राजकोट। भारतीय हरफनमौला रविंद्र जडेजा (पांच विकेट और 38 रन) के शानदार खेल सौराष्ट्र ने रणजी ट्रॉफी ग्रुप डी मैच में बृहस्पतिवार को शुरुआती दिन दिल्ली की पहली पारी को 188 रन पर समेटने के बाद पांच विकेट पर 163 रन बनाकर बढ़त लेने की ओर कदम बढ़ा दिए। दिल्ली की रणजी टीम में वापसी कर रहे भारतीय विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत 10 गेंद की पारी में सिर्फ एक रन ही बना सके। दिल्ली ने कप्तान आयुष बडोनी (60) और यश ढुल (44) की उपयोगी पारियों खेली लेकिन दोनों अच्छी शुरुआत को बड़ी पारी में बदलने में नाकाम रहे। रविंद्र जडेजा ने 66 रन देकर पांच विकेट चटकाए और उन्हें को टीम के एक अन्य बाएं हाथ के स्पिनर धर्मेंद्र सिंह जडेजा का अच्छा साथ मिला जिन्होंने पंत सहित तीन बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखाई। सौराष्ट्र ने दिन का खेल खत्म होने तक पांच विकेट पर 163 रन बना लिए। एक छोर से विकेटों के पतन के बीच सलामी बल्लेबाज हार्विक देसाई 120 गेंद में आठ चौके की मदद से 93 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद है। उन्होंने रविंद्र जडेजा के साथ चौथे विकेट के लिए 82 रन की साझेदारी की। रविंद्र जडेजा ने 36 गेंद की पारी में दो चौके और तीन छक्के जड़े। सौराष्ट्र दिल्ली से अभी 25 रन पीछे हैं और उसके पांच विकेट बचे हुए है। जमशेदपुर में खेले जा रहे मैच में ऑफ स्पिनर उत्कर्ष सिंह के पांच विकेट से झारखंड ने छत्तीसगढ़ की पहली पारी को 230 रन पर समेट दिया।

## राष्ट्रीय बैडमिंटनः रघु फाइनल में पहुंचे

बेंगलुरु। गैर वरीय एम रघु ने शीर्ष वरीय सतीश कुमार करुणाकरण को हराकर सोमवार को यहां 86वें सीनियर राष्ट्रीय बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल फाइनल में प्रवेश किया जहां उनका मुकाबला पूर्व चैंपियन मिथुन मंजूनाथ से होगा। रघु ने सेमीफाइनल में गुवाहाटी मास्टर्स सुपर 100 विजेता सतीश को 21-17, 21-17 से हराया, जबकि मंजूनाथ ने दूसरे सेमीफाइनल में रोशन चौहान के सफर को 21-15, 21-13 से हराकर खत्म किया। महिलाओं के फाइनल में 13वीं वरीयता प्राप्त देविका सिहाग का मुकाबला 12वीं वरीयता प्राप्त श्रियांशी वलीशेट्टी से होगा।

## एमसीए ने क्रिकेट गेंद से सबसे बड़ा वाक्य लिखने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया

**मुंबई।** मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) ने बृहस्पतिवार को वानखेड़े स्टेडियम में 14,505 लाल और सफेद गेंदो का इस्तेमाल करके क्रिकेट बॉल से सबसे बड़ा वाक्य बनाने का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल किया। भारत के प्रतिष्ठित क्रिकेट स्थलों में से एक वानखेड़े स्टेडियम के 50 साल पूरे होने के मौके पर एमसीए के भव्य समारोह के दौरान यह उपलब्धि हासिल की गई जिसमें क्रिकेट बॉल से सबसे बड़ा वाक्य फिफ्टी इयर्स ऑफ वानखेड़े स्टेडियम बनाकर गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड हासिल किया गया।

## ऑटोग्राफ देने वाला बनने की कोशिश करोः कपिल की स्कूली बच्चों को सलाह

गुरुग्राम। भारत के पूर्व महान हरफनमौला कपिल देव ने बृहस्पतिवार को यहां एक निजी स्कूल में बच्चो के साथ बातचीत में उन्हे ऑटोग्राफ (हस्ताक्षर) मांगने वाले बनने से बचने और ऑटोग्राफ देने वाले बनने पर ध्यान केंद्रित करने की सलाह दी। भारत के 1983 विश्व कप विजेता कप्तान ने इस दौरान छात्रों के साथ मैदान पर समय भी बिताया। उन्होने बल्लेबाजी में हाथ आजमाते हुए अपने अंदाज मे स्क्वायर कट भी लगाए। इस 66 साल के पूर्व दिग्गज ने छात्रों को दिए अपने संदेश में कहा, छात्रों के व्यक्तित्व के विकास के लिए खेल एक जरूरी साधन है लेकिन उसे पढ़ाई की कीमत पर तवज्जो नही मिलनी चाहिए।

## जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में खेल का विकास करना प्राथमिकता : मोदी

**लेह।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बृहस्पतिवार को कहा कि उनकी सरकार की प्राथमिकता देश भर मे विशेषकर जम्मू-कश्मीर और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में खेलों का विकास करना है। यहां खेलो इंडिया शीतकालीन खेल 2025 के उद्घाटन समारोह के दौरान एक संदेश मे मोदी ने पूरे भारत में खेल गतिविधियों को फैलाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई और कहा कि कैसे लद्दाख और जम्मू-कश्मीर ने सिर्फ हमारे देश में खेल की संस्कृति को ही आगे नही बढ़ाया है बल्कि पर्यटन को भी बढ़ावा दिया है ।

## गुकेश ने टाटा शतरंज में कीमर को हराया

विज्क आन ज़ी (नीदरलैंड)। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने अपनी समझबूझ और तकनीकी खेल का शानदार नमूना पेश करते हुए टाटा स्टील शतरंज टूर्नामेंट के पांचवे दौर मे जर्मनी के विसेंट कीमर को हराकर अपने अंको की संख्या 3.5 अंक तक पहुंचा दी। इस प्रतियोगिता में अपनी दूसरी जीत से यह भारतीय खिलाड़ी लाइव रेटिंग मे विश्व रैंकिंग मे चौथे स्थान पर पहुंच गया।

## अंडर-19 विश्व कपः भारत ने श्रीलंका को 60 रन से हराकर सुपर सिक्स में जगह पक्की की



**कुआलालंपुर।** सलामी बल्लेबाज जी तृषा की 49 रन की पारी और तेज गेंदबाजों की नई गेंद से शानदार गेंदबाजी से भारत ने बृहस्पतिवार को यहां श्रीलंका पर 60 रन की एकतरफा जीत के साथ ग्रुप ए में शीर्ष पर रहते हुए आईसीसी अंडर-19 टी20 महिला विश्व कप के सुपर सिक्स में प्रवेश किया। बल्लेबाजी के लिए मुश्किल परिस्थितियों में त्रिशा ने 44 गेंदों की पारी में पांच चौके और एक छक्का लगाया जिससे भारत को नौ विकेट पर 118 रन का प्रतिस्पर्धी स्कोर खड़ा किया। मिथिला विनोद (10 गेंद में 16 रन) और वीजे जोशीथा (नौ गेंद में 14 रन) ने आखिरी ओवरों में तेजी से रन बनाए।इसके बाद तेज गेंदबाज जोशीथा (17 रन पर दो विकेट) और शबनम शकील (नौ रन पर दो विकेट) ने शुरुआती चार ओवर में दो-दो विकेट झटक कर श्रीलंका का स्कोर चार विकेट परनौ रन कर दिया। अगले ओवर में कप्तान मनुडी नानायककारा के रन आउट होने से उसकी 12 रन तक आधी टीम पवेलियन पहुंच गई।श्रीलंका की टीम 20 ओवर में नौ विकेट पर 58 रन ही बना सकी। भारत ने ग्रुप चरण के अपने अभियान को तीन मैचों में तीन जीत के साथ खत्म किया।श्रीलंका के लिए रश्मिका सेवांडी (12 गेंद में 15 रन) ही दोहरे अंक में रन बना सकी। वह अच्छी लय में दिख रही थी लेकिन जरूरी रन रेट को कम करने के लिए पारुणिका सिसोदिया (सात रन पर दो विकेट) की गेंद पर बड़ा शॉट लगाने की कोशिश में मिथिला विनोद को कैच देकर आउट हो गई।आयुषी शुक्ला (13 रन पर एक विकेट) और मलेशिया के खिलाफ पांच रन पर पांच विकेट लेने वाली वैष्णवी शर्मा (चार ओवर में तीन रन पर एक विकेट) ने भी श्रीलंका के बल्लेबाजों को रन बनाने का मौका नहीं दिया।

## लखनऊ विवि की धमाकेदार शुरुआत, दिल्ली विवि को 5 विकेट से हराया

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम ने त्रिभुवन यूनिवर्सिटी, काठमांडू नेपाल में खेले जा रहे टी.20 जय नेपाल कप क्रिकेट टूर्नामेंट के पहले मैच में दिल्ली विश्वविद्यालय को 5 विकेट से हराकर अपने अभियान की शानदार शुरुआत की। लखनऊ विश्वविद्यालय के कप्तान आनंद सागर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया और उसके गेंदबाजों ने दिल्ली विश्वविद्यालय को 20 ओवर में 6 विकेट के नुकसान पर 106 रन पर रोक दिया। दिल्ली विश्वविद्यालय से शलभ सिन्हा ने सबसे ज्यादा 41 रन बनाए। लखनऊ विश्वविद्यालय से मैन ऑफद मैच कप्तान आनंद सागर ने 3 ओवर में 15 रन देकर 3 महत्वपूर्ण विकेट झटके। जवाब में लक्ष्य का पीछा करते हुए लखनऊ विश्वविद्यालय ने लक्ष्य को 18.2 ओवर में 5 विकेट के नुकसान पर हासिल कर लिया। ओपनर हर्ष वर्धन ने लगातार 2 चौके लगाए लेकिन पहले ही ओवर में वह आउट हो गए। लखनऊ विश्वविद्यालय से मनन कांडपाल ने सबसे अधिक 36 रन और यशवर्धन सिंह ने 27 रन बनाए।



जीत के बाद लविवि के कप्तान आनंद सागर ने यह जीत कुलपति प्रोण् आलोक कुमार राय को समर्पित की। क्रीड़ा परिषद के महासचिव प्रोअजय कुमार आर्य ने समस्त खिलाड़ियों और टीम मैनेजमेंट को बधाई दी और अगले मैच के लिए शुभकामनाएं दीं। लखनऊ विश्वविद्यालय की टीम अपना अगला मैच कल दोपहर 1 बजे काठमांडू विश्वविद्यालय के खिलाफ खेलेगी।

### आईएसपीएल में चेन्नई सिंगम्स ज़ीशान पूरी तरह से हैं तैयार

प्रयागराज। देश के टेनिस बॉल क्रिकेट की पिच पर अपनी सटीक यॉर्कर गेंदबाजी के लिए मशहूर मोहम्मद ज़ीशान इंडियन स्ट्रीट प्रीमियर लीग आईएसपीएल के सीजन2 में चेन्नई सिंगम्स के साथ अपना आईएसपीएल डेब्यू करेंगे। 28 वर्षीय बाएं हाथ के तेज गेंदबाज इलाहाबाद के निवासी ज़ीशान ने कोलकाता में अरिहंत प्रीमियर लीग में दो ओवरों में छह रन देकर छह विकेट लिए थे और वह देश भर में पुरस्कार राशि देने वाले टूर्नामेंट्स में एक पेशेवर खिलाडी के रूप में खेलते हैं। पिछले साल सेमीफाइनल में पहुंचे चेन्नई सिंगम्स 27 जनवरी को फाल्कन राइजर्स हैदराबाद के खिलाफअपने अभियान की शुरुआत करेंगे। यह बहुप्रतीक्षित सीजन 2 26 जनवरी से 15 फरवरी 2025 तक ठाणे के दादोजी कोंडादेव स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा। तीन भाई बहनों में सबसे बड़े ज़ीशान जो ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज मिशेल स्टार्क को अपना आदर्श मानते हैं ने अब तक टेनिस बॉल क्रिकेट में एक दशक से अधिक समय बिताया हैए लेकिन व्यक्तिगत कारणों से पिछले सीजन में उन्होंने आईएसपीएल ट्रायल्स में भाग नहीं लिया था।

## क्विक न्यूज

### भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी बने गुकेश

नई दिल्ली। विश्व चैंपियन डी गुकेश ने अपने नाम पर नित नई उपलब्धियां दर्ज करने का क्रम जारी रखा है और वह गुरुवार को फिडे (विश्व शतरंज की सर्वोच्च संस्था) की नवीनतम रैंकिंग में चौथे स्थान पर पहुंचकर अर्जुन एरिगैसी की जगह भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी बन गए। इस 18 वर्षीय भारतीय खिलाड़ी ने नीदरलैंड के विज्क आन ज़ी में चल रहे टाटा स्टील टूर्नामेंट में जर्मनी के विसेंट कीमर को हराकर यह उपलब्धि हासिल की। टूर्नामेंट में यह उनकी दूसरी जीत थी। हाल मे भारत के सर्वोच्च खेल पुरस्कार ध्यान चंद खेल रत्न को प्राप्त करने वाले गुकेश के अब 2784 रेटिंग अंक हो गए है जबकि पिछले कुछ समय से भारत के नंबर एक खिलाड़ी रहे एरिगैसी 2779.5 रेटिंग अंको के साथ पांचवें स्थान पर खिसक गए है। नॉर्वे के मैग्नस कार्लसन 2832.5 अंको के साथ निर्विवाद रूप से विश्व के नंबर एक खिलाड़ी बने हुए है। उनके बाद अमेरिका के दो खिलाड़ी ग्रैंडमास्टर हिकारू नाकामुरा (2802) और फैबियानो कारुआना (2798) का नंबर आता है। गुकेश ने पिछले साल दिसंबर में सिंगापुर मे चीन के डिंग लिरेन को हराकर विश्व खिताब जीता था।एरिगैसी पिछले साल सितंबर मे भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ी बने थे।

### क्लार्क ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम में शामिल

**मेलबर्न।** विश्व कप विजेता पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम मे शामिल होने वाले 64वें खिलाड़ी बन गए है।क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को इसकी घोषणा की जबकि बुधवार को इससे संबंधित समारोह सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर आयोजित किया गया था। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने एक्स पर लिखा, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट हॉल ऑफ फेम मे शामिल होने पर पूर्व ऑस्ट्रेलियाई कप्तान माइकल क्लार्क को बधाई। अपने 12 साल के करियर में क्लार्क ने टेस्ट और वनडे में क्रमशः 49.10 और 44.58 की औसत से 8643 और 7981 रन बनाए।क्लार्क ने अपने टेस्ट करियर में 28 शतक लगाए जिनमे सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर भारत के खिलाफ के खेली गई 329 रन की पारी भी शामिल है। वह इस मैदान पर टेस्ट क्रिकेट मे तिहरा शतक बनाने वाले एकमात्र क्रिकेटर है।

### नोएडा में एचसीएल साईक्लोथॉन 23 मार्च को

**नोएडा।** अग्रणी वैश्विक समूहए एचसीएल ग्रुप द्वारा 23 मार्चए 2025 को नोएडा में एचसीएल साईक्लोथॉन के तीसरे संस्करण का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम का आयोजन साईक्लिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा किया जाता है, जिसमें साईकल प्रेमियों और स्थानीय समुदायों को उत्साहवर्धक अनुभव प्राप्त होता है। इस बार साईक्लोथॉन में 3306 लाख रुपये की पुरस्कार राशि वितरित की जाएगी, जो एशिया में किसी भी साईकल रेस के मुकाबले अधिक है। इस रेस में पूरे देश के लोग हिस्सा ले रहे हैं। रेस के लिए रजिस्ट्रेशन चल रहे हैंजो 9 मार्च 2025 को बंद हो जाएंगे। एचसीएल साईक्लोथॉन की शुरुआत 2023 में एचसीएल द्वारा की गई थी। इसका उद्देश्य साईक्लिंग की मदद से विभिन्न पृष्ठभूमि के लोगों को एकजुट करना है। इससे पहले दिल्ली, चेन्नई और हैदराबाद में आयोजित हुए साईक्लोथॉन में 25 राज्यों से 10,000 से ज्यादा साईक्लिस्ट हिस्सा ले चुके हैं। इस साईक्लोथॉन ने फिटनेस की एक मुहिम शुरू कर दी हैए जो सेहतमंद और स्वस्थ जीवन को बढ़ावा देती है। 2025 में साईक्लोथॉन की थीम चेंज योर गीयर है, जो व्यक्तिगत स्वास्थ्य और सस्टेनेबल जीवन के लिए साईक्लिंग की शक्ति को प्रदर्शित करती है। प्रेसिडेंट ऑफस्ट्रेट्जीसुंदर महालिंगम ने कहा कि साईक्लिंग एक खेल से बढ़कर है। यह स्वस्थ जीवनशैली और सस्टेनेबल भविष्य के लिए परिवर्तन का शक्तिशाली साधन है। साईक्लिंग फेडरेशन ऑफइंडिया के सेक्रेटरी जनरल मनिंदर सिंह ने भारत में साईक्लिंग की संस्कृति का विकास करने के लिए इस कार्यक्रम के महत्व पर जोर दिया।

### दुबई में आउटडोर घुड़सवारी रेस का रोमांच

दुबई। दुबई का आकर्षण शहर की दीवारों से भी कहीं आगे फैला हुआ है। यहां पहाड़, मैनग्रोव, रेगिस्तान, स्थानीय वन्यजीव और तट रेखा बस एक छोटे से कदम की दूरी पर हैं। इन विविध और अद्भुत आउटडोर रोमांचों को अनुभव करने के लिए यह क्षेत्र एक अनोखा और सार्थक अवसर प्रदान करता है। इन दुर्गम स्थलों की यात्रा दुबई को एक नए नजरिये से देखने का मौका देती है। चाहे आप एक रोमांचक डेज़र्ट सफारी के साथ अपने एड्रेनालिन को बढ़ाना चाहते हों या एक शानदार ओवरनाइट स्टे का आनंद लेना चाहते हों, दुबई का रेगिस्तान असीमित विकल्पों से भरा हुआ है। सच्चे रोमांच प्रेमियों के लिए सैंडबोर्डिंग एक रोमांचक अनुभव है। दुबई के 'बिग रेड' टीले पर जाएं ङ्क जो हट्टा की ओर केवल 30 मिनट की ड्राइव पर स्थित है और 300 फीट ऊंचा है। इसे दुबई के रेगिस्तान का ब्लैक रन कहा जाता है। दुबई का रेगिस्तान एक सच्चा घुड़सवारी अनुभव भी प्रदान करता है, जहां घुड़सवार रेत के टीलों के बीच घोड़े दौड़ा सकते हैं। सैह अल सलाम के रेगिस्तानी क्षेत्र में स्थित अल जियाद स्टेबल्स में 120 से अधिक अरब और आंशिक-अरब घोड़े हैं। यह स्थान सभी स्तरों के घुड़सवारों के लिए रेगिस्तानी सवारी और प्रशिक्षण प्रदान करता है। अल कुदरा लेक, जो विशाल अल मरमूम डेजर्ट कंजर्वेशन रिजर्व के बीच स्थित एक छिपा हुआ नखलिस्तान हैं, दुबई के सैह अल सलाम रेगिस्तानी परिदृश्य में फैली 10 हेक्टेयर की मानव निर्मित झीलों की श्रृंखला है। यहां आप रेगिस्तानी लोमड़ियों, ओरिक्स और 170 से अधिक पक्षी प्रजातियों जैसे फ्लेमिंगो, हंस और कई प्रवासी पक्षियों को उनके प्राकृतिक आवास में देख सकते हैं। यहां का सबसे नया आकर्षण है %लव लेक%, जिसे दो आपस में जुड़े दिलों के आकार में तराशा गया है। हट्टा वादी हब में कई आउटडोर एक्टिविटी का आनंद लिया जा सकता है, जैसे ङ्क हाइकिंग, माउंटेन बाइकिंग, कयाकिंग, घुड़सवारी और कैंपिंग। साथ ही, यहां एक हेरिटेज विलेज, पुरातात्विक स्थल और ऐतिहासिक स्मारक भी देखे जा सकते हैं। हट्टा पुरातात्विक परिदृश्य को यूनेस्को वर्ल्ड हेरिटेज साइट की सूची में शामिल करने का प्रस्ताव है।

### भारत में स्पिन खेलना बड़ी चुनौती, हमें इससे निपटने का तरीका ढूंढना होगाः बटलर

**कोलकाता।** इंग्लैड के कप्तान जोस बटलर ने यहां पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच मे भारत के खिलाफ सात विकेट से मिली करारी हार के बाद कहा कि भारतीय परिस्थितियों मे स्पिनरो को खेलना चुनौती बनी रहेगी और उनके बल्लेबाजों को पांच मैच की श्रृंखला में वापसी करने के लिए इससे निपटने का तरीका ढूंढना होगा। इंग्लैड की टीम बुधवार को यहां पहले बल्लेबाजी करते हुए वरुण चक्रवर्ती, अक्षर पटेल और रवि बिश्नोई की स्पिन तिकड़ी के सामने 132 रन आउट हो गई। भारत ने केवल 12.5 ओवर मे लक्ष्य हासिल करके श्रृंखला में शुरुआती बढ़त बनाई। बटलर ने यहां ईडन गार्डन्स मे मैच के बाद संवाददाताओ से कहा, हम उस तरह का खेल नही खेल पाए जैसा कि खेलना चाहते थे। उन्होने अच्छी गेंदबाजी की। हमारे कुछ बल्लेबाज पहली बार उनके कुछ गेंदबाजों का सामना कर रहे थे। उनके प्रदर्शन पर गौर करना अच्छा होगा। हर कोई अच्छा खेलना चाहता है और उन पर दबाव बनाना चाहता है। हम बड़ा स्कोर बनाना चाहते है जिसका हम बचाव कर सकें। इंग्लैड के कप्तान ने स्वीकार किया कि स्पिन भारत मे लगातार चुनौती बनी रहेगी और उन्होने अपनी टीम से इससे निपटने के लिए व्यक्तिगत रणनीति तैयार करने का अनुरोध किया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शोबोरी गाँगुली द्वारा 100के, मिलाप भवन, 8/ए, बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा जागरण प्रकाशन लिमिटेड, डी-210, 211 सेक्टर 63 नोएडा फोन नंबर 01204615800 एक्सटेंशन 142, से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक : शोबोरी गाँगुली। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। मुख्य व्यवसायिक कार्यालय- 201-205 द्वितीय मंज़िल, प्रताप भवन, 5,बहादुर शाह ज़फ़र मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष:011-693425001